

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 48, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 04 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334



**मुख्य अपडेट**

दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर को होगा विशेष कार्यक्रम का आयोजन .... पेज 03

अधिकारी जनता को कराएं संवेदनशील सरकार का एहसास : सीएम योगी .... पेज 05

मोहन बागान ने रचा इतिहास, बंगाल को हराकर रिकॉर्ड 17वीं बार जीता डूरंड कप .... पेज 07


## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने बुलाई विपक्षी दलों की बैठक

### 18 सितंबर से होने वाले संसद के विशेष सत्र को लेकर बनाई जाएगी स्ट्रैटजी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 5 सितंबर को विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A के सांसदों की बैठक बुलाई है। बैठक में विपक्षी दल 18 से 22 सितंबर तक होने वाले संसद के विशेष सत्र के लिए अपनी रणनीति तय करेंगे। बैठक में विपक्ष के लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को बुलाया गया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों के सांसदों की बैठक बुलाई है। बैठक में आगामी सत्र के



एजेंडे पर चर्चा की जाएगी।

### खड़गे से मिले राहुल, संगठन के मामले में बात की

इसके पहले रविवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने खड़गे से मुलाकात की। दोनों के बीच पार्टी के संगठनात्मक मुद्दों और राजनीतिक स्थिति पर बात हुई।

### ममता और नीतीश ने समय से पहले चुनाव की बात कही थी

कुछ दिन पहले ही विपक्ष की तरफ से ऐसे दावे किए गए हैं कि मोदी सरकार इस बार आम चुनाव समय से पहले करा सकती है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कहा है कि सरकार लोकसभा चुनाव समय से पहले भी करवा सकती है।

विपक्षी गठबंधन एक-दूसरे के साथ मिलकर काम कर रहा है और 2024 के लोकसभा चुनावों के साथ-साथ विभिन्न मोर्चों पर एकजुट होकर भाजपा से मुकाबला करने की योजना बना रहा है। संसद के हालिया मानसून सत्र के दौरान भी विपक्ष एकजुट रहा।

### वन नेशन, वन इलेक्शन कमेटी में नहीं हैं खड़गे

केंद्र सरकार ने वन नेशन, वन इलेक्शन के लिए 8 सदस्यीय समिति बनाई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को इसका अध्यक्ष बनाया गया था।केंद्रीय ग्रहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद को कमेटी में शामिल किया गया है। समिति में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम शामिल नहीं है। इस पर कांग्रेस के साथ-साथ विपक्ष के कई नताओं ने भी नाराजगी जाहिर की है। इसके बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी इस समिति का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया था।

## अरुणाचल प्रदेश में कई छात्राओं के साथ दुष्कर्म

### आरोपी शिक्षक सहित स्कूल का प्रिंसिपल गिरफ्तार

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में एक शिक्षक द्वारा कई छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि राज्य के निचले सुबनसिरी जिले में एक निजी स्कूल के 50 साल के एक शिक्षक को कई छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोप में रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस मामले की जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल को भी थी। इस अपराध पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने के कारण हापोली इलाके में स्कूल के प्रिंसिपल को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, सुबनसिरी के पुलिस अधीक्षक केनी बागरा के मुताबिक, अभिभावक ने इस मामले की शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए रविवार आरोपी शिक्षक और प्रिंसिपल दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## आंध्र प्रदेश : लॉरी और ऑटो रिक्शा की टक्कर में पांच लोगों की मौत

बापटला। आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, ऑटो रिक्शा और लॉरी के बीच हुई जोरदार टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि ये हादसा गुंटूर-कुर्नूल राजमार्ग पर हुआ। दरअसल, ऑटो रिक्शा में करीब सात लोग सवार थे,




जो एक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ऑटो रिक्शा जब बापटला के गुंटूर-कुर्नूल राजमार्ग पर पहुंचा तो संथामागुलुरु गांव के पास उसकी टक्कर एक लॉरी से हो गई। दोनों के बीच भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि इस हादसे में पांच लोगों की जान चली गई। ये हादसा सुबह करीब 4: 30 के बीच हुआ। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल हुए दो लोगों को नरसरावपेटा अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

## उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा राज्य सभा जाएंगे

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट के उप चुनाव में राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी की रविवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने डॉ. दिनेश शर्मा को उत्तर प्रदेश की राज्य सभा की एक रिक्त सीट के उपचुनाव में पार्टी का उम्मीदवार बनाने की स्वीकृति दी है। यह सीट राज्यसभा सांसद हरिद्वार दुबे के निधन से रिक्त हुई है। इस सीट पर नामांकन के लिए 29 अगस्त को अधिसूचना जारी हो चुकी है।

पांच सितंबर नामांकन की आखिरी तारीख है। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि आठ सितंबर है जबकि 15 सितंबर को उपचुनाव के लिए मतदान होना है और उसी के बाद मतगणना होगी।

## बिजली गिरने से ओडिशा में 12 लोगों की हुई मौत

### 14 लोग घायल, मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के लिए जारी किया ऑरेंज अलर्ट

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में तेज बारिश और बिजली गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। ओडिशा में भुवनेश्वर,कट्टक समेत कई इलाकों में भारी बारिश के साथ बिजली गिरने के मामले सामने आए हैं। मौसम विभाग ने राज्य के अन्य इलाकों में भी अगले चार दिनों तक तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक बिजली गिरने की वजह से शनिवार को खुर्दा में चार, बोलनगीर में दो, अंगुल,बौध,जगतसिंहपुर और ढेंकानल में एक व्यक्ति की मौत हुई है। स्पेशल रिलीफ कमिश्नर ऑफिस के मुताबिक 8 के करीब मवेशियों की भी जान गई है।

स्पेशल रिलीफ कमिश्नर ऑफिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर जानकारी देते हुए लिखा कि भारी बारिश और बिजली गिरने से प्रभावित लोगों को 4 लाख रुपए की राहत राशि दी जाएगी। जिनके मवेशियों की मृत्यु हुई है, उन्हें भी मदद की जाएगी।



### भुवनेश्वर में 126 मिमी बारिश

OSDMA (ओडिशा स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ) के मुताबिक दोपहर में भुवनेश्वर में 126 मिमी और कट्टक में 95.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है।

ओडिशा के नबरंगपुर, कालाहांडी, नुआपाड़ा, रायगड़ा, गंजम, गजपति, कंधमाल, नयागढ़, बलांगीर, सोनपुर, बौध सहित कई जिलों के लिए हल्की से मध्यम बारिश, तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। इसके लिए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मलकानगिरी, कोरापुट, झारसुगुड़ा, सुंदरगढ़, पुरी और जगतसिंहपुर के लिए बारिश, तूफान और बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया था।

### ओडिशा और छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय रहेगा

मौसम विभाग की ओर सेजारी ऑल इंडिया वेदर बुलेटिन के मुताबिक, एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन उत्तरपूर्वी बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास मौजूद है। इसके प्रभाव की वजह अगले 48 घंटों के दौरान उत्तर-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।

मौसम विभाग की मानें तो अगले 5 दिनों के दौरान उत्तर भारत, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय रहेगा। इसकी वजह से इन इलाकों मेंजोरदार बारिश हो सकती है। पांच सितंबर से पूर्वोत्तर भारत, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में जोरदार बारिश हो सकती है। दिल्ली में आने वालेचार-पांच दिनों के दौरान जोरदार बारिश होने की संभावना कम है।

## एक देश-एक चुनाव, भारतीय संघ पर हमला : राहुल

### स्टालिन ने कहा- यह भाजपा की साजिश, पहले अपना भ्रष्टाचार तो रोकिए

**एजेंसी**

नई दिल्ली। एक देश-एक चुनाव के मुद्दे पर राजनीति शुरू हो गई है। 3 सितंबर को इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर लिखा- इंडिया यानी भारत, यह राज्यों का संघ है। वन नेशन-वन इलेक्शन का आइडिया संघ और राज्यों पर हमला है।

वहीं, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक देश-एक चुनाव को भाजपा की साजिश बताया। ये भी कहा कि वो (भाजपा सरकार) कहते हैं कि इससे चुनावी खर्च में कमी आएगी, लेकिन इससे पहले वे अपना भ्रष्टाचार रोकें।

केंद्र ने पूर्व राष्ट्रपति को कमेटी का अध्यक्ष बनाया है। उन्हें इससे राजनीति को दूर रखना चाहिए। जो कमेटी बनाई गई है, वो भाजपा की बात को ही फॉलो करेगी। यह तानाशाही है। वे इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस से डर गए हैं।

### खड़गे बोले- लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहती है भाजपा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स (जो पहले ट्विटर था) पर लिखा कि मोदी सरकार चाहती है कि लोकतांत्रिक भारत धीरे-धीरे तानाशाही में तब्दील हो जाए। वन नेशन वन इलेक्शन पर कमेटी बनाने की यह नौटंकी भारत के संघीय ढांचे को खत्म करने का हथकंडा है। 2024 में लोगों के पास वन नेशन वन सॉल्यूशन है- भाजपा के कुशासन से छुटकारा पाना।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश के लिए क्या जरूरी है? वन नेशन वन इलेक्शन या वन नेशन वन एजुकेशन , वन नेशन वन इलाज (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसा अच्छा इलाज), आम आदमी को वन नेशन वन इलेक्शन से क्या मिलेगा?



## स्टालिन के बेटे के बयान पर बवाल, भाजपा ने इंडिया गठबंधन से मांगा जवाब

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर विवादित बयान दिया है। उनके बयान पर सियासी बवाल मच गया है। भारतीय जनता पार्टी ने इंडिया गठबंधन से स्टैंड साफ करने के लिए कहा है। वहीं, धर्म गुरुओं ने भी नाराजगी व्यक्त की है। भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने पलटवार करते हुए कहा, टालिन इंडिया के मजबूत स्तंभ हैं और उनके बेटे सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से कर रहे हैं, उसे खत्म करने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी और इंडियाको अपनी राय स्पष्ट करनी चाहिए वे लोग इकट्ठे हो कर गठबंधन बना रहे हैं या सनातन धर्म को खत्म



करने लिए इस प्रकार की बयानबाजी कर रहे हैं? वहीं, राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा, सनातन धर्म को किसी भी कीमत पर खत्म नहीं किया जा सकता है। सनातन धर्म सदियों से अस्तित्व में है और रहेगा। वह (उदयनिधि स्टालिन) सनातन धर्म का वास्तविक अर्थ नहीं समझते हैं, वह जो भी कह रहे हैं वह बिल्कुल गलत है। भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा, ये बयान दुर्भाग्यपूर्ण है इसकी जितनी भी निंदा की जाए वो कम है। क्या इंडिया उनके बयान से सहमत है इसका जवाब इंडिया को देना चाहिए।

स्टालिन ने सनातन धर्म को मलेरिया और डेंगू की तरह बताते हुए कहा है कि इसका विरोध नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि पूरी तरह से खत्म कर देना चाहिए।

सनातन धर्म को खत्म के लिए आयोजित किए गए एक सम्मेलन में बोलते हुए उदयनिधि ने कहा, मुझे विशेष संबोधन देने का अवसर देने के लिए मैं इस सम्मेलन के आयोजकों को धन्यवाद देता हूं।

## इंफाल में अंतिम बचे 10 कुकी परिवारों को किया गया शिफ्ट

इंफाल। मणिपुर के इंफाल में 10 कुकी परिवारों को कांगपोकपी में स्थानांतरित किया गया। चार महीने पहले राज्य मे जातीय हिंसा भड़कने के बावजूद वह अपने घरों को छोड़ कर कहीं नहीं गए थे। एक अधिकारी ने बताया कि इन परिवारों को शनिवार (2 सितंबर) की सुबह ही उत्तरी किनारे पर कुकी-प्रभुत्व वाले कांगपोकपी जिले में ले जाया गया, क्योंकि ये हमलावरों के टारगेट में बने हुए थे। 10 कुकी परिवारों को इंफाल से लगभग 25 किमी दूर कांगपोकपी जिले के मोटबुंग तक सुरक्षित मार्ग प्रदान किया गया।

## असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाएगी सरकार

### सीएम बोले- लव जिहाद को रोकने के लिए भी उठाएंगे कदम

तिनसुकिया। असम सरकार बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए दिसंबर में राज्य विधानसभा में एक विधेयक पेश कर सकती है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को तिनसुकिया में सर्वदलीय बैठक को संबोधित किया और मीडिया से कहा कि राज्य सरकार अगले 45 दिनों में राज्य में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को अंतिम रूप देगी।

### बहुविवाह पर प्रतिबंध को लेकर एक कानूनी समिति का किया गठन

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बहुविवाह पर प्रतिबंध लगा सकती है



या नहीं, इसका विश्लेषण करने के लिए एक कानूनी समिति का गठन किया गया था और हमें सकारात्मक विचार मिले हैं। हमने बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए प्रस्तावित विधेयक पर जनता की राय और सुझाव भी मांगे। हमारे सार्वजनिक नोटिस के जवाब में हमें कुल 149 सुझाव मिले हैं। इनमें से 146 सुझाव विधेयक के पक्ष में हैं और वे बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने का समर्थन करते हैं।

### लव जिहाद को रोकने के उठाएंगे ये कदम

समिति ने इस साल छह अगस्त को अपनी रिपोर्ट असम के मुख्यमंत्री को सौंपी। इस बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि हम राज्य में लव जिहाद को रोकने के लिए बिल में कुछ बिंदु जोड़ेंगे। सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) को वापस लेने के मुद्दे पर बात करते हुए असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस पर काम कर रही है।

### बहुविवाह पर प्रतिबंध का किया विरोध

सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि तीन सुझावों ने बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए अपना विरोध व्यक्त किया है। हमारा अगला चरण विधेयक का मसौदा तैयार करना है। इससे पहले असम में बहुविवाह को समाप्त करने के लिए कानून बनाने के लिए राज्य विधानमंडल की विधायी क्षमता की जांच करने के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था।

**संदिग्ध मौंते**

### 3 बच्चों संग मरा मिला पति; पत्नी लापता

## नूंह में एक घर के अंदर 4 लाशें मिलने से सनसनी

**नूंह।** हरियाणा में नूंह जिला आज एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। नूंह के एक गांव के एक घर के अंदर संदिग्ध हालत में एक युवक और उसके तीन बच्चों की लाशें मिलने से हड़कंप मच गया। घटना के बाद से मृतक की पत्नी गायब है। मृतक के परिजनों ने पत्नी पर ही पति और बच्चों की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस इस मामले की छानबीन में जुटी है। हालांकि, यह हत्या है फिर आत्महत्या यह अभी पता नहीं चल सका है।

नूंह के रोजकामेव थाना अंतर्गत गांव गांगोली में शनिवार सुबह एक घर में पिता और उसके तीन बच्चों की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतकों



की पहचान 34 वर्षीय जीत सिंह उर्फ जीतन, 12 वर्षीय बेटा खिलाड़ी, 10 वर्षीय बेटी राधिका और सात वर्षीय बेटा प्रियांशु के रूप में हुई है। वारदात के बाद से जीतन की पत्नी मीना गायब है। जीतन का शव कमरे में पंखे से बंधे फंदे से लटका मिला। वहीं, तीनों बच्चे बिस्तर पर मृत पड़े थे। बच्चों को जहर देकर हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है।

स्थानीय लोगों से वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और तुरंत फॉरेंसिंक टीम को भी बुलाया गया। बताया जा रहा है कि पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस इस मामले की छानबीन में जुटी है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि जीत सिंह और उसकी पति मीना के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। मीना कई दिनों तक घर से गायब रहती थी। इसके चलते जीत व परिजनों को उसके चाल-चलन पर शक था। इस बारे में महिला के मायके को भी बताया गया था, लेकिन उसमें कोई सुधार नहीं हुआ। आशंका है कि शनिवार रात इसी बात को लेकर इनमें झगड़ा हुआ होगा। ऐसे में महिला या जीत सिंह ने पहले बच्चों को जहर मिलाया हुआ खाना खिलाया होगा। इसके बाद जीत सिंह ने खुद फंदा लगाकर आत्महत्या की होगी। हालांकि, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि छानबीन के बाद ही पूरी घटना की सही जानकारी मिल सकेगी।

### फंदे से लटका मिला

जानकारी के अनुसार, मृतक जीत सिंह सुबह सात बजे तक अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों को कुछ शक हुआ। उन्होंने किसी तरह उसके कमरे का दरवाजा खोला तो अंदर का नजारा सभी हैरान रह गए। वह अपने कमरे में फंदे से लटका हुआ था, जबकि तीनों बच्चे बिस्तर पर लेटे थे।

## नाबालिग ने ट्यूशन टीचर का गला काटा


### वीडियो वायरल करने की धमकी देता था; यौन शोषण करने बुलाया तो पेपर कटर से मारा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाटला हाउस में यौन शोषण से परेशान 14 साल के लड़के ने अपने ट्यूशन टीचर की हत्या कर दी। घटना 30 अगस्त की है, लेकिन पुलिस 1 सितंबर को नाबालिग तक पहुंच सकी।

पुलिस का कहना है कि मरने वाला मोहम्मद वसीम नाम का शख्स नाबालिग का लगातार यौन शोषण कर रहा था। उसने शोषण का वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी।

30 अगस्त को भी उसने जामिया नगर में अपने फ्लैट पर नाबालिग को इसलिए बुलाया था। लेकिन लड़के ने मौका पाकर पेपर कटर से वसीम का गला काट दिया।




### फ्लैट से खून बहता देख पड़ोसियों ने पुलिस को बुलाया

साउथ ईस्ट दिल्ली के डीसीपी राजेश देव के मुताबिक 30 अगस्त को दोपहर करीब 2.15 बजे एक पीसीआर कॉल मिली कि बाटला हाउस, जामिया नगर के एक घर की दूसरी मंजिल पर एक कमरे से खून निकल रहा है और कमरा खुला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि वसीम की लाश फर्श पर पड़ी है और उसकी गर्दन पर गहरी चोट के निशान थे। वसीम अपने परिवार के साथ जाकिर नगर में रहता था। जिस फ्लैट में उसकी हत्या हुई वो किराए पर दिया था। जो कुछ दिन पहले ही खाली हुआ था।

### 3 दिन बाद पकड़ा गया नाबालिग हत्यारा

पुलिस ने वसीम का फोन नंबर सर्विलांस पर डाला, जिसके चलते वह 3 दिन बाद नाबालिग तक पहुंची। पुलिस ने लड़के के पास से वसीम का मोबाइल फोन, घटना के समय पहने हुए कपड़े और जूते भी बरामद कर लिए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने जांच की तो पता चला कि वसीम होमो सेक्सुअल था। वह दो महीने पहले ही लड़के से मिला था और तब से कई बार उसका यौन शोषण कर चुका था।

नई दिल्ली
सोमवार 04 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

### नड्डा ने दिखाई जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी

मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व आज भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पार्टी की ओर से आयोजित जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, फग्गन सिंह कुलस्ते, स्थानीय सांसद गणेश सिंह समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।



# भारत जोड़ो यात्रा की पहली एनिवर्सरी मनाएगी कांग्रेस

## पार्टी बोली- 7 सितंबर को देश के हर जिले में यात्रा निकाली जाएगी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का एक साल पूरा हो रहा है। इस मौके पर कांग्रेस ने देश के हर जिले में भारत जोड़ो यात्रा निकालने का ऐलान किया है। पार्टी ने इसके लिए कई जगहों पर आयोजन करने की भी योजना बनाई है।

राहुल गांधी ने पिछले साल 7 सितंबर को कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। 145 दिन तक चली 4000 किमी लंबी इस यात्रा का समापन 30 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में हुआ था। सूत्रों ने कहा कि यात्रा कितनी लंबी होगी, इसकी रूपरेखा और अन्य जानकारी जल्द ही जिला कांग्रेस कमेटियों को भेजी जाएगी।



श्रीनगर में यात्रा के समापन के मौके पर शेर ए कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में राहुल ने कहा था- मैंने यह यात्रा अपने लिए या कांग्रेस के लिए नहीं बल्कि देश की जनता के लिए की है। हमारा उद्देश्य उस विचारधारा के खिलाफ खड़ा होना है जो इस देश की नींव को नष्ट करना चाहती है।

### राहुल गांधी ने 12 जनसभाओं को संबोधित किया था

इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने 12 सार्वजनिक सभाओं को संबोधित किया था, वहीं 100 से ज्यादा बैठकें और 13 प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी हिस्सा लिया। उन्होंने चलते हुए 275 से ज्यादा चर्चाओं में हिस्सा लिया, जबकि कहीं रुक कर 100 के करीब चर्चाएं कीं।

### 12 राज्यों से गुजरे राहुल गांधी

राहुल गांधी अपनी इस यात्रा के दौरान देश के 12 राज्यों से गुजरे थे। जिसमें कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, पंजाब और जम्मू कश्मीर शामिल हैं।

### फिल्म और टीवी हस्तियां भी शामिल हुई

यात्रा के दौरान उनके साथ कांग्रेस के कई बड़े नेता भी शामिल हुए थे। इस दौरान बीच-बीच में देश की कई बड़ी हस्तियां भी उनके साथ यात्रा में शामिल हुई। यात्रा के दौरान कमल हासन, पूजा भट्ट, रिया सेन, सुशांत सिंह, स्वरा भास्कर, रश्मि देसाई, आकांक्षा पुरी और अमोल पालेकर जैसी फिल्म और टीवी हस्तियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी रही। इस दौरान राहुल अपने समर्थकों के साथ-साथ विरोधियों का भी ध्यान खींचने में कामयाब रहे।

एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत जोड़ो यात्रा ने राहुल गांधी और कांग्रेस की छवि को बदलने में काफी अहम भूमिका निभाई है। यात्रा ने राजनीति में अनमने और पार्ट-टाइम नेता के बजाय राहुल की विपक्ष के एक परिपक्व और एक गंभीर नेता की छवि गढ़ने में मदद की।

# हिमाचल का अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा 24 अक्तूबर से होगा शुरू

कुल्लू। हिमाचल का अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा का प्रदेश के लोगों और देव समाज को बेसब्री से इंतजार है। आगामी 24 अक्तूबर से शुरू होने वाले कुल्लू दशहरा के लिए समिति ने जिला कुल्लू के 332 देवी-देवतओं को उत्सव में आने के लिए निमंत्रण भेज दिए हैं। यह निमंत्रण पत्र सभी कारदारों को उपमंडल अधिकारियों, तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों की मदद से पहुंचाए जाएंगे।

आपदा के चलते रास्ते व सड़कों के अवरुद्ध होने से निमंत्रण पत्र 15 सितंबर तक सभी कारदारों तक पहुंचने की उम्मीद है। इसके बाद देव समाज दशहरा की आगामी तैयारियों में जुट



जाएगा। उल्लेखनीय है कि विश्वविख्यात कुल्लू दशहरा में बाह्य सराज आनी-निरमंड से लेकर मनाली तक के देवी-देवता भाग लेते हैं। भगवान रघुनाथ की अगवाई में मनाए वाले कुल्लू दशहरा में माता हिडिंबा, बिजली महादेव के साथ बाह्य सराज के अधिष्ठाता खुडीजल, टकरासी नाग, ब्यास ऋषि, कोट पझारी, चोतरू नाग, देवता चंभू, सप्त ऋषि समेत 300 देवी-देवता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। दशहरा उत्सव में साल दर साल देवी देवताओं की संख्या में वृद्धि हो रही है।

खास बात है कि बाह्य सराज के देवी देवता 150 से 200 किलोमीटर का पैदल सफर कर दशहरा उत्सव में पहुंचते हैं। वर्ष 2021 में रिकॉर्ड 283 देवताओं ने उत्सव में भाग लिया था। जबकि 2022 में 304 देवी देवताओं ने दशहरा की शोभा को बढ़ाया था, जो दशहरा के इतिहास में सबसे अधिक मौजूदगी थी।

## शार्ट न्यूज

### शक्तिशाली विस्फोटक बरामद , बड़ी घटना टली

**जम्मू।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक शक्तिशाली विस्फोटक (आईईडी) का पता लगाकर उसे निष्क्रिय कर दिया जिससे एक बड़ी घटना टल गयी। सेना के सूत्रों ने आज यहां बताया कि जम्मू-राजौरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर नारियन में एक पुलिया के पास एक संदिग्ध वस्तु (टिफिन बॉक्स) एक शक्तिशाली विस्फोटक (आईईडी) का पता लगने के बाद संयुक्त टीम घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने बताया कि निकटतम सेना शिविर से तीन टीमें मौके पर पहुंचीं तथा कल्लार और बालावेन्यू में एक मोटर वाहन जांच चौकी स्थापित की गई। साथ ही पुलिस को सूचित किया गया और कार्रवाई में शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि बम निरोधक दल मौके पर पहुंचा और करीब चार घंटे के अभियान के बाद आईईडी की सफलतापूर्वक पहचान कर उसे निष्क्रिय कर दिया। इस दौरान राजमार्ग पर यातायात रोक दिया गया जिसे बाद में बहाल कर दिया गया।

### पराली प्रबंधन को सरफेस सीडर मशीन पर मिलेगी 40 हजार की सब्सिडी

जालंधर। पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सरफेस सीडर मशीनें सब्सिडी पर उपलब्ध कराने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। जिला उपायुक्त विषेश सारंगल ने रविवार को बताया कि इस संबंध में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 10 सितंबर, 2023 है, जिसके तहत जालंधर जिले में 200 मशीनें सब्सिडी पर दी जाएंगी। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि आवेदन करने के लिए किसान कृषि डायरेक्टर द्वारा समाचार पत्रों में दिये गये विज्ञापन में दिये गये बारकोड को भी स्कैन कर सकते है। इसके अलावा ब्लॉक या प्रधान कृषि कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है। योजना के तहत सरफेस सीडर पर सब्सिडी की अधिकतम दर 40,000 रुपये प्रति व्यक्तिगत किसान और 64,000 रुपये प्रति कस्टम हायरिंग सेंटर होगी। सब्सिडी का लाभ उठाने के इच्छुक किसान 10 सितंबर, 2023 को शाम 5: 00 बजे या उससे पहले ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने कृषि विभाग को किसानों को इस योजना के लाभ के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया, जिसके लिए ग्रामीण स्तर पर सेमिनार और जागरूकता कैंप लगाने के आदेश दिये गये है।

### हिमाचल में आग का तांडव, नौ मकान राख, दो करोड़ का नुकसान

शिमला। हिमाचल की राजधानी के रोहड़ू उपमण्डल के नावर टिक्कर क्षेत्र में शनिवार की देर रात को आग ने तांडव मचा दिया है। रात्रि करीब 12:30 बजे टिक्कर के दरोटी गांव में एक मकान में आग लग गई। सभी मकान लकड़ी के बने हुए थे और आग तेज़ी से फैलती गई। देखते ही देखते एक दर्जन से ज्यादा मकान आग की चपेट में आ गए। इन मकानों में 21 परिवार रह रहे थे। आगजनी प्रदीप रांटा की चौथी मंजिल से शुरू हुई और बगल के कई घरों को अपनी जद में ले लिया। प्रारम्भिक आंकलन के मुताविक इस आगजनी में करीब दो करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है । इस आगजनी की घटना में छह लोगों के मकान (10 परिवार) पुरी तरह से जल चुके है तथा 11 लोगों के मकानों को आंशिक नुकसान हुआ है। मुताविक उप प्रधान सुशील रांटा के अनुसार कोई भी जानी नुक्सान न हुआ है मौका पर फायर ब्रिगेड, तहसीलदार महोदय, एसडीएम साहब, स्वयं प्रभारी थाना भी मौजूद रहे। अभी तक के हालात व गांव वासियों के ब्यानात से उक्त घटना बिजली के शॉट सर्किट से होना पाया जा रहा है। घटना की आगामी जाँच जारी है । घटना स्थल का जायजा लेने । रोहड़ू के एसडीएम शनी शर्मा ने बताया कि इस घटना में नौ (तीन व चार मंजिला मकान) पूरी तरह जल गए हैं।

### झारखंड में चल रही तालिबानी सरकार,अपराधी बेखौफ : बाबूलाल मरांडी

रांची। झारखंड में संकल्प यात्रा के तीसरे चरण में आज लोहारदगा विधानसभा क्षेत्र के संकल्प सभा को लोहरदगा में संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार को भ्रष्ट व निकम्मी सरकार करार दिया। उन्होंने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने वीर बुद्धू भगत व पांडेय गणपत राय की भूमि को नमन करते हुए वर्षा के बीच जनसभा को संबोधित किया। कहा कि भोगनाडीह से शुरू हुई संकल्प यात्रा अब जनता के समर्थन से जनसंकल्प यात्रा बन गई है। हेमंत सरकार से निजात पाने को जनता लालायित दिख रही है। उन्होंने कहा कि पौने चार साल के सरकार में प्रदेश की स्थिति बद से बदतर हो गई है। क़ानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। चोरी, डकैती, हत्या अपहरण और दुष्कर्म के मामले देश में सर्वाधिक हेमंत सरकार में हुए है। झारखंड में तालिबानी सरकार चल रही है और अपराधी बेख़ौफ़ होकर अपराध कर रहे हैं। मरांडी ने कहा कि जिस पुलिस को अपराधियों को धर दबोचना था वे सरकार के इशारे पर हेमंत सरकार के ख़िलाफ़ बोलने वालों पर केस करना व वसूली कार्य में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारी और सरकारी पदाधिकारी मोबाइल रिचार्ज की तरह वसूली के माध्यम से रिचार्ज कर रहे।

### गैस सिलेंडर के दाम में 200 रू. की कटौती एक चुनावी स्टंट: कांग्रेस

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब बना रही है। ठाकुर ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एलपीजी सिलेंडर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि के कारण आमजनों की पीड़ा की कभी परवाह नहीं की लेकिन वर्षों बाद चुनाव के नजदीक आने पर उन्हें जनता की दर्द का अहसास हुआ और रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 200 रूपये कम कर दी। रसोई गैस की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी है और पिछले 09 वर्षो में दोगुनी से ज्यादा हो गई है और 2020 से भाजपा सरकार ने सब्सिडी देना भी बंद कर दिया है। पिछले 02 दशकों में एलपीजी सिलेंडर की मूल्य वृद्धि पर बारीकी से नजर डालने पर हर मतदाता की आँखें खुल जाएँगी और एक साधारण व्यक्ति भी स्पष्ट रूप से समझ सकता है कि कीमतें केवल भाजपा शासन के दौरान ही बेरहमी से बढ़ाई गई है।

### आंध्र प्रदेश में भारी बारिश के आसार

अमरावती। उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में चार तथा पांच सितंबर को अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले पांच दिनों के दौरान उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में और अगले चार दिनों के दौरान दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश में और अगले 48 घंटों के दौरान रायलसीमा में भारी बारिश होने के अनुमान हैं। अगले पांच दिनों के दौरान उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में अलग-अलग स्थानों पर और अगले चार दिनों के दौरान दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में बिजली गिरने और गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं। अगले सात दिनों के दौरान उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में कई स्थानों पर या कुछ स्थानों पर या एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने के अनुमान हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान वाईएसआर जिले और रायलसीमा के नंद्याल जिले में एक या दो स्थानों पर बहुत भारी वर्षा हुई। एससीएपी के पालनाडु जिले में कई स्थानों पर, तटीय आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी और एसपीएसआर नेल्लोर जिलों और वाईएसआर जिले में कुछ स्थानों पर, रायलसीमा के तिरुपति और नंद्याल जिलों में और तटीय आंध्र के विजयनगरम और प्रकाशम जिले में एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा हुई।

# एसटीएफ ने 41.16 लाख मूल्य के नकली नोट जब्त किए

**भुवनेश्वर।** ओडिशा स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने सोनपुर जिले से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से 41.16 लाख रुपये से अधिक के नकली भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन) जब्त किए हैं।

सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। यहां एसटीएफ सूत्रों ने कहा कि एफआईसीएन की छपाई और प्रसार करने वाले एक संगठित गिरोह के खिलाफ एक अभियान के तहत एक सितंबर को उलुंडा, सोनपुर के पास छापेमारी की गई थी। सुथ्स ने 41.16 लाख रुपये से अधिक अंकित मूल्य की अच्छी गुणवत्ता वाली एफआईसीएन जब्त की।



सोनपुर जिले के उलुंडा थाना अंतर्गत माटीखाई नुआबस्ती के एक आरोपी दीपक मेहर को गिरफ्तार कर एसडीजेएम बिरमहाराजपुर की अदालत में भेज दिया गया। इस संबंध में धारा 489 (संपत्ति चिन्ह के साथ छेड़छाड़) की विभिन्न उपधाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जब्त किए गए एफआईसीएन भारतीय रिजर्व बैंक को भेजे जाएंगे। जब्त किए गए एफआईसीएन 500 रुपये के मूल्यवर्ग के हैं और असली नोट की कई सुरक्षा विशेषताओं को पूरा करते हैं। ये नोट उच्च गुणवत्ता के हैं या नहीं, इसकी आधिकारिक फोरेंसिक रिपोर्ट मिलने के बाद एसटीएफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम की धाराएं जोड़ेगी। आशंका है कि ये नोट छत्तीसगढ़ से लाये गये थे. इस रैकेट में और भी अपराधी शामिल हैं।

एसटीएफ को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और उसके कर्मी पूरे घोटाले को सुलझाने और सभी अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए उन पर काम कर रहे हैं। एसटीएफ ने इस जब्ती सहित 1.19 करोड़ रुपये से अधिक अंकित मूल्य के एफआईसीएन जब्त किए हैं।

# 18 वर्ष व उससे अधिक आयु के युवा मतदाता सूची में पंजीकरण करायें : रेड्डी

**हैदराबाद।** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री और तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष किशन रेड्डी ने 18 वर्ष तथा उससे अधिक उम्र के युवाओं से मतदाता सूची में पंजीकरण करने का आह्वान किया है।

रेड्डी ने 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम के एक भाग के रूप में भुमन्ना गली, काचीगुडा के कई अपार्टमेंटों में मतदान केंद्रों पर मतदाता सत्यापन और नामांकन पहल में सक्रिय रूप से भाग लिया। साथ ही उन्होंने स्थानीय मतदाताओं को मतदाता नामांकन के महत्व के बारे में जागरूक किया।

इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग



वर्तमान में पूरे देश में 'बूथ लेवल ऑफिसर्स' कार्यक्रम आयोजित कर रहा है तथा ये अधिकारी सुबह से शाम तक नागरिकों की सहायता के लिए उपलब्ध हैं।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता सूची पंजीकरण, पते में बदलाव और युवा मतदाताओं के पंजीकरण सहित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से मतदाता सूची में किसी भी त्रुटि को सुधारने का आग्रह किया और 18 वर्ष से अधिक आयु वालों को पंजीकरण कराने के लिए प्रोत्साहित किया।

इसके अलावा रेड्डी ने बरकतपुरा मतदान केंद्र में कुछ झुग्गियों और कॉलोनियों के निवासियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए अपने चल रहे प्रयासों का खुलासा किया कि उनके पास वोट देने का अधिकार है।

भाजपा नेता ने समुदाय के साथ प्रभावी ढंग से जुड़ने के लिए इस तरह की पहल में भाग लेने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### केरल में ओणम का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित ओणम समारोह शनिवार की शाम यहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हो गया। राज्य के पर्यटन मंत्री पीए मोहम्मद रियास ने समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ऐतिहासिक कनककुन्नु पैलेस के विकास के लिए छह करोड़ रुपये लागत वाली परियोजना शुरू करेगी। इस परियोजना में कनककुन्नु में एक संग्रहालय और एक सभागार की स्थापना की जाएगी । समारोह में स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री वीना जॉर्ज , खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री जी आर अनिल , परिवहन मंत्री एंटनी राजू तथा अन्य गणमान्य हस्तियां मौजूद रही।

## रूद्रपुर में नकली दूध और पनीर बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**रूद्रपुर/नैनीताल।** उत्तराखंड की ऊधमसिंह नगर पुलिस ने नकली दूध बनाने के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

ऊधमसिंह नगर पुलिस को शहर में नकली दूध बनाने की शिकायत मिल रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) टीएस मंजूनाथ ने मामले का खुलासा करने के लिये विशेष अभियान समूह (एसओजी) एवं कोतवाली पुलिस की एक संयुक्त टीम का गठन किया।

कुछ तथ्य हाथ लगने के बाद टीम ने आज लंबाखेड़ा गांव में एक घर में छापा मार कर नकली दूध और पनीर बनाने के रैकेट का भंडाफोड़ कर दिया। टीम ने मौके से गिरोह के सरगना निजाम और शान मोहम्मद निवासीगण वीरपुर खरक चंदनपुर ईसाई नगर, मुरादाबाद, उप्र को गिरफ्तार कर लिया।

मौके से नकली दूध, पनीर के साथ ही नकली दूध बनाने में प्रयोग होने वाला रसायन एवं और अन्य सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस को जांच में पता चला कि आरोपी डिटर्जेंट और केमिकल और वनस्पति घी की मदद से नकली दूध, पनीर और घी तैयार करते थे। पुलिस को यह भी पता चला है कि आरोपी किराये के घर में लंबे समय से यह धंधा कर रहे थे। आरोपी आसपास के इलाके में नकली दूध और पनीर की आपूर्ति करते थे।

## केदारनाथ मंदिर के पीछे हिमस्खलन, कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं

एजेंसी

रुद्रप्रयाग/देहरादून। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जनपद के अंतर्गत, स्थित विश्व विख्यात भगवान शंकर के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के ठीक पीछे रविवार सुबह हिम स्खलन हो गया व बर्फीला तूफान चला। समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

जिला आपदा प्रबंधन केन्द्र प्रभारी नंदराम रजवार ने बताया कि आज प्रात: 7: 00 बजे केदारनाथ मंदिर के पीछे लगभग तीन से चार किमी की दूरी पर सरस्वती नदी के उदगम स्थल की ओर एवलांच फॉल की सूचना प्राप्त हुई।

जिससे किसी भी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नहीं हुई है और न हीं सरस्वती नदी के जलस्तर में बदलाव आया है। उन्होंने बताया कि सभी टीमों को अलर्ट मोड पर रख दिया गया है।

# एसडीआरएफ ने दो स्थानों से बरामद किए दो शव

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) ने चमोली जिले में खाई से और देहरादून में नहर से रविवार को दो शव बरामद किए हैं।

एसडीआरएफ प्रवक्ता ललिता दास नेगी ने बताया कि जनपद चमोली के पुलिस नियंत्रण कक्ष द्वारा आदि बद्री मार्ग पर एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने और रेस्क्यू हेतु एसडीआरएफ टीम की मांग की गई। उक्त सूचना प्राप्त होते ही एक रेस्क्यू टीम, उप-निरीक्षक मनमोहन सिंह के सहयोगियों और संबंधित उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंची। जहां एक वाहन संख्या यूके 07टीबी 5679 खाई में लगभग 250 मीटर नीचे गिरा था। टीम ने रोप द्वारा खाई में उतरकर उक्त वाहन तक पहुंच बनायी। उसमें मात्र एक ही व्यक्ति सवार था जिसकी मोके पर ही मृत्यु हो गयी थी। शव को स्ट्रेचर के माध्यम से वैकल्पिक मार्ग से मुख्य मार्ग तक लाकर जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान बीरेंद्र सिंह रावत, उम्र 44 वर्ष निवसी ग्राम गैरसैण, चमोली के रूप में हुई। जो अपने वाहन से कर्णप्रयाग से गैरसैण मार्ग पर जा रहा था। इसी दौरान, अचानक आदि बद्री मार्ग पर वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। नेगी ने बताया कि दूसरा शव देहरादून में शक्ति नहर से मिला है। जिसके बारे में दो सितंबर को देर रात्रि पुलिस चौकी, डाकपत्थर द्वारा एसडीआरएफ टीम को सूचित किया गया था कि एक व्यक्ति द्वारा शक्ति नहर में छलांग लगा दी गयी है। सर्चिंग के दौरान कल रात्रि टीम को उक्त व्यक्ति की चप्पल व फ़ोन शक्तिनहर के किनारे पड़े हुए मिले। अंधेरा अधिक होने व पानी का बहाव अत्यधिक तेज होने के कारण रात्रि में सर्च ऑपरेशन को विराम देना पड़ा। उन्होंने बताया कि आज प्रातः पुनः रेस्क्यू टीम द्वारा शक्ति नहर में सर्च ऑपरेशन आरम्भ किया गया और दौराने सर्चिंग डूबे व्यक्ति का शव बरामद कर जिला पुलिस के सुपर्द किया गया। इस मृतक की पहचान अजय पुत्र सोहन लाल, उम्र 25 वर्ष, निवासी- विकासनगर, देहरादून के रूप में हुई है।

# राज्यपाल ने 334 पुलिसकर्मियों को डीजीपी डिस्क पुरस्कार प्रदान किये

शिमला। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रविवार को ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में आयोजित समारोह में वर्ष 2020,2021 और 2022 के लिए 334 पुलिसकर्मियों को डीजीपी डिस्क पुरस्कार प्रदान किये।

इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रदेश में हाल ही की प्राकृतिक आपदा के दौरान पुलिस द्वारा किए गए बचाव कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार प्रभावित क्षेत्रों से देश-विदेश के पर्यटकों सहित अन्य सभी लोगों को सुरक्षित निकालने का कार्य किया उससे आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और सम्मान बढ़ा है।

राज्यपाल ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि राज्य पुलिस और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल ने अकेले कुल्लू जिला से विदेशी पर्यटकों सहित 70 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला। उन्होंने नशे के बढ़ते



अवैध कारोबार पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे निपटना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अवैध नशीली दवाओं के कारोबार पर रोक के दृष्टिगत गंभीर प्रयास किए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस ने अपने निरंतर प्रयासों से मादक पदार्थ के तस्करों को गिरफ्तार किया है तथा अवैध रूप से अर्जित उनकी 13 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति की कुर्की के 23 मामले भी सक्षम प्राधिकारी को भेजे गए हैं। इसके अलावा, नारकोटिक्स अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार वित्तीय जांच के लिए 10 मामलों को प्रवर्तन निदेशालय को भेजा गया है।

राज्यपाल ने एकीकृत यातायात प्रबन्धन प्रणाली जैसी तकनीक के उपयोग पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस के इस प्रयास से वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटनाओं, चोटों और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में भारी कमी आई है।

उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस के नाम कई उपलब्धियां हैं, जिनमें पासपोर्ट सत्यापन में भारत में पहला स्थान, वर्ष 2022 में इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के कार्यान्वयन में तीसरा स्थान और वर्ष 2020-2021 में क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम के कार्यान्वयन में 11वां स्थान प्राप्त करना शामिल है।

### धरोटी गांव आगजनी के प्रभावितों हर संभव सहायता : रोहित

**शिमला।** हिमाचल के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर आज धरोटी गांव में गत रात हुए भीषण अग्निकांड स्थल का दौरा कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने दुखद घटना पर खेद जताया और कहा कि प्रदेश सरकार संकट की इस घडी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। शिमला के उपायुक्त आदित्य नेगी ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना में 12 परिवार बेघर हो गए हैं और नौ परिवारों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि इन विस्थापित परिवारों के लिए रहने की व्यवस्था गांव में ही कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, सभी प्रभावित 21 परिवारों को तत्काल राहत के तौर पर 10 हजार रुपये प्रति परिवार दिये गये हैं।

## हिमाचल के ग्राम पंचायत सैज में शराब व जुए के खिलाफ महारैली

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के संगडाह ब्लाक के ग्राम पंचायत सैज में आजकल नशे और जुए की गतिविधियां बहुत जोरो पर है। हम नारी शक्ति ग्राम संगठन ग्राम पंचायत सैज की महिलाएं इस नशे और जुए के खिलाफ एक रैली का आयोजन रविवार को डालयानु से सैज घाट और सैज घाट से सैज गांव तक निकाल कर लोगों को इन बुराई के खिलाफ जागृत करने की कोशिश की। ये रैली दो सड़का से सैंज गाव तक निकाली गई जिसमें काफी महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं का कहना है कि इस पंचायत में शराब, जुआ, चरस आदि नशा बढ़ता जा रहा है नशे के आदी लोगो जंगल, ढाबो, दुकानों व होटलों में तकरीबन देखने को मिलते है जिससे हमारे बच्चों पर गलत असर पड़ रहा है।

इस रैली की संचालक व प्रधान, नारी शक्ति ग्राम संगठन, ग्राम पंचायत सैज सुरेंद्रा ठाकुर का कहना है कि हमारी मुहिम हर घर नशा मुक्त की है और ये मुहिम लगातार जारी रहेगी।

इस रैली में आशा कार्यकर्ताओं व ग्राम पंचायत सैंज के 13 स्वयं सहायता समूह तथा महिला मंडलों की महिलाओ ने भी भाग लिया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल किरण (आशा कार्यकर्ता), सुमित्रा देवी, दया देवी, चद्रेश, किरण, प्रोमिला, सोमो देवी, विनीता, बबली शर्मा, नीतू बाला, उषा, निकिता, बबली शर्मा, ग्राम पंचायत प्रधान सैंज करतार सिंह व उप प्रधान मेला राम व सभी वार्ड मेंबर का भी पूरा सहयोग रहा।

महिलाओं ने नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। महिलाओं ने बताया कि बावजूद इसके आज भी पंचायत में नशे का कारोबार खूब फलफूल रहा है। नशे के इन सौदागरों के खिलाफ पुलिस प्रशासन से भी कार्रवाई की मांग की। महिलाएं का कहना है कि उन्हें विवश होकर सड़क पर उतरना पड़ा है।

## शार्ट न्यूज

### गौतम बुद्ध नगर में देर रात को प्रदर्शन

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी आए दिन किसी न किसी समस्या से जूझते से नजर आते हैं, यहां पर कभी बिजली की समस्या, तो कभी पानी की समस्या, तो कभी लोगों के लिफ्ट में फंसने के कारण आए दिन हंगामा होता रहता है। बीती रात रक्षा एडेला सोसाइटी में बिजली चली जाने के कारण कुछ लोग लिफ्ट में फंस गए। जिनको मुश्किल से बाहर निकल गया। जिसके बाद जहां के निवासी सड़कों पर उतार आए और सोसायटी के गेट कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया, सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची बिसरख कोतवाली पुलिस ने लोगों को समझा बुझा कर जाकर शांत कराया। बिसरख थाना क्षेत्र की रक्षा एडेला सोसाइटी के निवासियों ने रात में गेट पर प्रदर्शन किया। रात बिजली गुल होने के कारण कुछ लोग लिफ्ट में फंस गए। जिनको मुश्किल से बाहर निकल गया। जिसके बाद लोगों का बिल्डर के खिलाफ गुस्सा फूट पडा। निवासियों का आरोप है कि बार-बार मेंटेनेंस विभाग से बिजली आपूर्ति को लेकर शिकायत की जा रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। सोसाइटी में पावर बैकअप के लिए डीजी सेट की व्यवस्था भी नहीं शुरू की गई है। बिजली जाने पर लोगों को गर्मी से जूझना पड़ता है।

### बिजनेस के नाम पर युवक से 7लाख की ठगी

मोदीनगर। मुरादनगर के युवक को टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से ऑनलाइन बिजनेस का झांसा देकर सात लाख की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पांच महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई । मुरादनगर निवासी प्रशांत कुमार शर्मा निजी कंपनी में कार्यरत हैं। प्रशांत खुद का बिजनेस शुरू करना चाहते हैं। इसलिए वह वॉट्सएप व टेलीग्राम पर बने बहुत से बिजनेस ग्रुपों से जुड़े हुए हैं। प्रशांत के बताया कि दो माह उनके पास ग्रुप से संबंधित एक महिला फोन आया, जिसमें उसने खुद में कंपनी की एचआर बताया और उन्हे ऑनलाइन बिजनेस का ऑफर दिया। ऑफर में विभिन्न कंपनी में उत्पादों की मार्केटिंग करनी थी। युवक ने कुछ दिन काम और इसके एवज कंपनी ओर मामूली रकम भी मिली। इस बीच कई और कंपनियों वह इसी प्रकार के काम में जुड़ गया। पीड़ित का आरोप है कि कंपनी की एचआर ने बिजनेस को बढ़ाने के नाम पर उसके खाते आदि की जानकारी मालूम की और छह बार में करके उनके खाते से सात लाख से अधिक रकम निकाल ली। पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो अब उक्त नंबर बंद आ रहा है। पीड़ित ने ठगी के संबंध में थाने में शिकायत की है। गांव सुराना निवासी सतेन्द्र कुमार परिवार सहित रहते है। सतेन्द्र कुमार सुअर पशु पालने का काम करते है। उन्होने बताया कि व्हाटसअप पर मेरी बातचीत एक युवक से हुई। उक्त युवक ने काफी सस्ते दाम पर 100 पशु के बच्चे दिलाने की बात कहीं।

### 200 रुपये के टूरिस्ट कार्ड से दिनभर घूम सकेंगे

नई दिल्ली। जी-20 सम्मेलन में शामिल होने आ रहे प्रतिनिधिमंडल और विदेशी पर्यटक दिल्ली मेट्रो में 200 रुपये का कार्ड लेकर पूरे दिन घूम सकेंगे। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने दिल्ली दर्शन के इच्छुक प्रतिनिधिमंडल, विदेशी पर्यटकों व आम लोगों के लिए चुनिंदा मेट्रो स्टेशनों के विशेष काउंटरों से टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड की बिक्री शुरू की है। कार्ड की मदद से यात्री मेट्रो में अनगिनत फेरे लगा सकेंगे। कार्ड दो प्रकार के हैं। 200 रुपये का कार्ड एक दिन व 500 रुपये का कार्ड तीन दिन के लिए मान्य होगा। इसमें लौटाई जा सकने योग्य 50 रुपये की सुरक्षा जमा राशि भी शामिल है। कार्ड की मदद से पर्यटक समूचे नेटवर्क पर दिन की पहली ट्रेन से लेकर आखिरी ट्रेन तक में बिना किसी रुकावट के यात्रा कर सकते हैं। किसी भी स्टेशन पर प्रवेश/निकास, सिस्टम में ज्यादा देर तक ठहरने, अधिक दूरी तक यात्रा करने पर टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड पर कोई जुर्माना या अतिरिक्त चार्ज नहीं लगेगा। हालांकि, एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर यह कार्ड नहीं चलेगा। कश्मीरी गेट, चांदनी चौक, चावड़ी बाजार, नई दिल्ली, राजीव चौक, पटेल चौक, केन्द्रीय सचिवालय, उद्योग भवन, लोक कल्याण मार्ग, जोर बाग, दिल्ली हाट-आईएनए, लाल किला, जामा मस्जिद, दिल्ली गेट, आईटीओ, मंडी हाउस, जनपथ, खान मार्केट, जेएलएन स्टेडियम, जंगपुरा, लाजपत नगर, बाराखंबा रोड, रामकृष्ण आश्रम मार्ग, कुतुब मीनार, हौज खास, नेहरू प्लेस, कालकाजी मंदिर, अक्षरधाम, टर्मिनल 1 आईजीआई हवाई अड्डा, करोल बाग यहां से ले सकेंगे कार्ड।

### पत्नी की चाकू मारकर हत्या, पति गिरफ्तार

नई दिल्ली। मंगोलपुरी में किसी बात पर कहासुनी में पति ने पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। 31 अगस्त को महिला को घायल अवस्था में संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शनिवार को उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, सीमा (38) पति अजीत झा और बेटी के साथ एच ब्लॉक मंगोलपुरी में रहती थी। अजीत कुछ दिन पहले तक पंजाब की एक फैक्टरी में काम करता था। फिलहाल वह बेरोजगार था। 31 अगस्त को पुलिस को संजय गांधी अस्पताल से सीमा को चाकू मारने की जानकारी मिली। अस्पताल पहुंची पुलिस को पता चला कि सीमा बयान देने की स्थिति में नहीं है। जांच करने पर पता चला कि किसी बात को लेकर उसकी पति से कहासुनी हो गई थी। इस दौरान पति ने रसोई के चाकू से उस पर हमला कर दिया। पुलिस ने सूचना के आधार पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने पति अजीत की तलाश शुरू की और कुछ देर बाद ही गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि घटना से कुछ देर पहले सीमा मायके से भाइयों को राखी बांधकर घर आई थी। घर आने के बाद उसकी किसी बात को लेकर पति से कहासुनी हो गई। इस बीच अजीत रसोई से चाकू लाया और पत्नी के पेट में दो वार कर दिए। चाकू लगाने से सीमा वहीं गिर गई। पड़ोसियों की मदद से उसे अस्पताल ले जाया गया।

### पार्ट टाइम नौकरी का झांसा देकर आईटी इंजीनियर के साथ 47 लाख की ठगी

**नोएडा।** साइबर ठगों ने पार्ट टाइम जॉब के नाम पर आईटी इंजीनियर से 47.23 लाख की ठगी कर ली। जालसाजों ने इंजीनियर सेक्टर-76 स्थित जीएम ऑर्चिड सोसाइटी में रहने वाने नीरज बावेजा को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर वारदात को अंजाम दिया। ठगी का पता चलते ही नीरज ने पुलिस से शिकायत की। साइबर क्राइम थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है पुलिस को दी शिकायत में नीरज बावेजा ने कहा कि कुछ दिन पहले व्हाट्सएप पर मैसेज आया था। जिसमें घर बैठे रोजाना दो से तीन हजार रुपये कमाने की बात लिखी थी। फोन पर नीजर की बातचीत दिव्या से हुई। जो खुद को निजी कंपनी में एचआर सहायक बताती थी। दिव्या ने उनको काम के बारे में समझाया और उनको एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया। सबसे पहले उन्हें तीस टास्क दिए गए जिसको उन्होंने पूरा कर दिया। इस टास्क में उनको कुछ कंपनियों की वेबसाइट की अच्छी रेटिंग देना था। इसमें उनको 942 रुपये का फायदा हुआ। इस प्रकार से टास्क को खत्म करने के बाद उनको डीलक्स श्रेणी के टास्क दिए गए। जिसमें उनको करीब दस हजार रुपये मिले।

### मोटो जीपी बाइक रेस : 6 स्थानों पर होगी 50 हजार वाहनों की क्षमता की पार्किंग

नोएडा। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) के ट्रैक पर 22 से 24 सितंबर तक होने वाले मोटो जीपी बाइक रेस के लिए छह स्थानों पर 50 हजार वाहनों की क्षमता की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा शटल बस सर्विस के लिए संभावित रूट तय कर दिए गए हैं। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के आसपास पार्किंग के लिए अजनारा सर्विस रोड, जेपी क्रिकेट स्टेडियम, गलगोटिया विश्वविद्यालय, चपरगढ़ के पास खाली मैदान को शामिल किया गया है। इसके अलावा बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के पूर्वी, पश्चिमी, उत्तरी व दक्षिणी स्टैंड की तरफ भी खाली स्थान को पार्किंग के रूप में उपयोग किया जाएगा। वहीं, मोटो जीपी बाइक रेस के दर्शकों की सुविधा के लिए बॉटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-142 मेट्रो स्टेशन, अल्फा एक मेट्रो स्टेशन व डेल्टा एक सर्विस स्टेशन के पास शटल बस सेवा की व्यवस्था की गई है। इसका रूट प्राधिकरण गोलचक्कर और डिपो स्टेशन के पास से 130 मीटर रोड होते हुए कासना तिराहा होकर एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड की तरफ लाया जाएगा। यहां से जीबीयू के सामने से होकर बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट की तरफ जा सकेंगे।

---

एक आश्रय गृह में नाबालिग लड़के के साथ यौन उत्पीड़न

# दिल्ली महिला आयोग अध्यक्ष ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया



**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने आश्रय गृह में एक नाबालिग लड़के के साथ यौन उत्पीड़न पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। आयोग को अपनी 181 महिला हेल्पलाइन पर 2 सितंबर 2023 को रात 8 बजे दिल्ली के एक निजी आश्रय गृह में एक नाबालिग लड़के के साथ यौन उत्पीड़न के संबंध में एक कॉल मिली। आयोग ने तुरंत दिल्ली पुलिस को सूचित किया और एक टीम पीड़ित लड़के से मिली। यह पता चला है कि अपनी मां की मृत्यु और अपने पिता की दूसरी शादी के बाद, बच्चा पिछले कुछ वर्षों से आश्रय गृह में रह रहा था।

उसने बताया कि 31.08.2023 को जब वह शाम को वॉशरूम गया तो शेल्टर होम में रहने वाले एक बड़े लड़के ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने बताया कि घटना की जानकारी उसने होम मैनेजर को दी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की।

इस संबंध में दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। आयोग ने मामले में दर्ज़ एफआईआर की कॉपी के साथ मामले में हुई गिरफ्तारी की जानकारी मांगी है। आयोग ने यह भी पूछा है कि क्या अधिकारियों को मामले की सूचना नहीं देने के लिए आश्रय गृह के प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ POCSO के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

आयोग ने अतीत में निजी आश्रय गृह में किसी घटना के संबंध में प्राप्त किसी अन्य शिकायत के साथ-साथ उस पर की गई कार्रवाई का विवरण भी मांगा है। आयोग ने दिल्ली पुलिस से 06.09.2023 तक कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा, हमें एक आश्रय गृह में एक लड़के के साथ यौन उत्पीड़न की शिकायत मिली। हमारी टीम ने तुरंत पीड़ित से मुलाकात की और मामले में एफआईआर दर्ज करने में सहायता की।

आरोपी को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। मामले में शेल्टर होम स्टाफ के खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### चाइनीज मांझे से शिक्षक का गला कटा, हालत गंभीर

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की सख्ती के बावजूद चाइनीज मांझे पर रोक नहीं लग पा रही है। सीलमपुर में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से शिक्षक परमानंद मौर्या का गला व गाल कट गया। घटना के समय पीड़ित दूसरे शिक्षक के साथ बाइक से घर जा रहे थे। दूसरे शिक्षक ने उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें लोकनायक अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस लापरवाही का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, वेलकम कॉलोनी निवासी परमानंद गौतमपुरी स्थित सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं। सहयोगी शिक्षक गौरव ने बताया कि 1 सितंबर की शाम दोनों बाइक पर वेलकम मेट्रो स्टेशन की ओर आ रहे थे। परमानंद ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। सीलमपुर एसडीएम कार्यालय के पास चाइनीज मांझा गौरव के हेलमेट से टकराने के बाद पीछे बैठे परमानंद के गले में फंस गया। इससे गला, गाल और ललाट कट गया।

# जिले में बढ़ रहा डेंगू का प्रकोप, दो नए मरीज मिले

एजेंसी

**गुरुग्राम।** जिले में रविवार को डेंगू के दो नए मरीज मिले। दोनों ही मरीजों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब तक जिले में कुल 94 मरीजों की पुष्टि हुई है। डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिले में रविवार को अलर्ट जारी किया गया। जिला उपायुक्त निशांत कुमार ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। साथ ही नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग को लापरवाह लोगों को खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, रविवार को अवकाश होने के कारण महज 25 लोग ही डेंगू की जांच के लिए पहुंचे। इसमें से दो में डेंगू की पुष्टि हुई। जिला डेंगू एवं मलेरिया रोकथाम विभाग प्रभारी डॉ. जय प्रकाश ने बताया कि इन दिनों डेंगू की सकारात्मकता दर काफी अधिक है। औसत जांच नमूनों में दो फीसदी संदिग्ध मरीजों में डेंगू की पुष्टि हो रही है।

जिले में अब तक 4178 लोगों की डेंगू की जांच की गई है। इसमें से 94 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। उधर, जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव की ओर से जारी अलर्ट में लोगों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। जिला उपायुक्त ने बताया कि बारिश के दिनों में मच्छरजनित बीमारियां पनपती हैं।

ऐसे में नागरिकों से अपील है कि इन दिनों अपने घरों के कूलर में नियमित रूप से साफ सफाई रखें। डेंगू के लक्षण और बचाव के बारे में जानकारी रखें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, डेंगू का मच्छर दिन के समय काटता है। यह स्थिर और साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द, त्वचा पर लाल धब्बे या चकत्ते का निशान, नाक-मसूड़ों से खून इसके लक्षण हैं। ऐसी स्थिति में मरीज अपना उपचार करें।

### श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी चिराग दिल्ली में इस वर्ष रामलीला के लिए भूमि पूजन किया गया

नई दिल्ली। भूमि पूजन के दौरान चिराग दिल्ली , शाहपुर जाट सावित्री नगर जमरूदपुर गांव, ग्रेटर कैलाश, कालकाजी, शेख कि सराय, सीआर पार्क व अन्य इलाके के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वहीं भूमि पूजन के बाद गणेश वंदना से रामलीला का मंचन किया गया। जिसमें राम विवाह, राम का वनवास, कैकेयी और भरत प्रसंग, रावण अंगद और हनुमान प्रसंग आदि के प्रसंगों का मंचन किया गया। श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली के मुख्य संरक्षक श्री राकेश गुलिया ने बताया कि इस बार भी हर वर्ष की तरह भव्य राम लीला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस का स्टेज भव्य राम मंदिर की तर्ज पर 115 फुट लंबा और तीन मंजिला होगा। उन्होंने कहा कि श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली में सभी समुदायों के कलाकार भाग ले रहें हैं। उन्होंने कहा कि इस बार रामलीला के मंचन में प्लास्टिक का न के बराबर उपयोग किया जाएगा। जिससे पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सके साथ ही उन्होंने कहा कि भूमि पूजन के मौके पर वातावरण को शुद्ध रखने को ध्यान में रखकर वृक्षारोपण भी किया गया। रामलीला का मंचन 15 अक्टूबर से शुरू होगी और 25 अक्टूबर तक चलेगा। वहीं भूमि पूजन के मौके पर अतिथि के तौर पर श्रीमती शिखा राय, सुभाष भडाणा, पूर्व निगम पार्षद श्रीमती सुनीता गुलिया, श्री कै सी तनेजा श्रीमती मीनू पवार, प्रधान आनंद जैन, सुशील गुप्ता, सुदन गुप्ता, मुकेश भारद्वाज, नागेंद्र गुलिया, प्रदीप तेवतिया, धर्मेंद्र गुलिया , हर्ष गुलिया, कपिल शर्मा , कार्यकारिणी सदस्यों सहित मौजूद रहे।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर को होगा विशेष कार्यक्रम का आयोजन




नई दिल्ली। शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को दिल्ली विश्वविद्यालय की मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति और भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। डीयू कन्वेंशन हॉल में राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका विषय पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में आरएसएस के पूर्व सरकार्यवाह सुरेश भैय्याजी जोशी का मार्गदर्शन रहेगा जबकि मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल उपस्थित रहेंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक, दिल्ली विश्वविद्यालय की मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति के अध्यक्ष एवं डीन प्लानिंग प्रो. निरंजन कुमार ने बताया कि भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश आदर्श गोयल कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि होंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माण में शिक्षा और शिक्षकों के प्रदेय जैसे महत्त्वपूर्ण विषय पर वक्तव्य आयोजित किया जाएगा।

प्रो. निरंजन कुमार ने बताया कि कुलपति प्रो. योगेश सिंह के मार्गदर्शन और संरक्षण में दिल्ली विश्वविद्यालय राष्ट्र के इस चतुर्दिक निर्माण में अनवरत संलग्न है। इन सबको रेखांकित करते हुए भविष्य की दिशाओं को निर्धारित करने की दिशा में विश्वविद्यालय स्तर पर पिछले लगभग एक दशक में दिल्ली विश्वविद्यालय में अपनी तरह का यह पहला आयोजन होगा। प्रो. निरंजन ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों समेत अकादमिक जगत, पुलिस-प्रशासन, विधि और उद्योग जगत के राष्ट्रीय स्तर के गणमान्य व्यक्तित्व और अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर्स और शोधार्थी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में एक पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा।

# दिल्ली में हर रोज बिक रहीं 18 लाख शराब की बोतलें

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में शराब की बिक्री बढ़ रही है। प्रति दिन पौने 18 लाख से अधिक बोतलों की बिक्री हो रही है, जो दर्शाता है कि शराब दुकानों की संख्या बढ़ने के साथ ही बिक्री का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ रहा है। मौजूदा समय में दिल्ली के अंदर करीब 628 शराब की दुकानें है, जिनकी संख्या को बढ़ाकर 700 तक ले जाना का लक्ष्य है, जिसके चलते माना जा सकता है कि प्रति दिन होने वाली शराब बिक्री के आंकड़ों में और उछाल आएगा।

पुरानी आबकारी नीति को लागू हुए एक वर्ष बीत गया है। एक सितंबर 2022 से 31 अगस्त 2023 के बीच दिल्ली में करीब पौने 62 करोड़ शराब की बोतलें बिकी हैं, जिनकी बिक्री से करीब 7300 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

ध्यान रहे कि वर्ष 2021 में 17 नवंबर को राजधानी के अंदर नई आबकारी नीति लागू की गई थी, जिसके तहत दिल्ली को जोन में बांटकर शराब की बिक्री शुरू की गई, लेकिन नीति में घोटालों के आरोपों के बीच दिल्ली सरकार ने नई आबकारी नीति वापस ले ली थी।

बीते वर्ष एक सितंबर से पुरानी आबकारी नीति फिर लागू की गई। इसके बाद शराब की बिक्री और भंडारण का जिम्मा पूरी तरह से सरकार के हाथों में आ गया। बिक्री का काम चार निगमों- दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम, दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम, दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम और दिल्ली उपभोक्ता सहकारी निगम को सौंपा गया। इस अवधि के दौरान चारों निगमों को शराब बिक्री से करीब 500 करोड़ रुपये का लाभ हुआ। आबकारी विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि नई आबकारी नीति में कई महीनों के दौरान बिक्री ज्यादा हुई थी, लेकिन सरकार का राजस्व निर्धारित था, जिस वजह से कुल राजस्व भी सीमित रहा, लेकिन अब पुरानी नीति में दुकानों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है।

### प्रगति मैदान के पास पटरी से उतरी लोकल ट्रेन, पलवल से आ रही थी नई दिल्ली

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में बड़ा ट्रेन हादसा होने से टल गया है। दिल्ली में प्रगति मैदान के पास एक लोकल ट्रेन पटरी से उतर गई। ट्रेन में यात्री सवार थे। गमीनत यह रही कि किसी तरह की जानहानि नहीं हुई है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, ट्रेन पलवल से नई दिल्ली के लिए चली थी। जैसी ही ट्रेन प्रगति मैदान के नजदीक लोकल ट्रेन पटरी से उतर गई। ट्रेन में सवारी थीं। राहत की बात ये रही कि किसी तरह की जान का नुकसान नहीं हुआ। इससे पहले, ओडिशा के बालेश्वर के बाहनगा में दो जून 2023 को बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी के बीच ट्रेन दुर्घटना हुई थी। हादसे में 230 से ज्यादा लोग मारे गए थे। वहीं 900 से अधिक घायल हुए थे। यह दर्दनाक ट्रेन दुर्घटना भारत में आजादी के बाद से अबतक की सबसे घातक दुर्घटनाओं में से एक थी।

## विक्रमादित्य सिंह मलिक गाजियाबाद के नए नगरायुक्त बने

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में दो आईएएस अधिकारियों के फेरबदल हुए हैं। गाजियाबाद के मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक को गाजियाबाद का ही नया नगर आयुक्त बनाया गया है। वहीं वर्तमान नगर आयुक्त नितिन गौड को हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

2018 बैच के आईएएस अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक ने 19 अप्रैल 2022 को गाजियाबाद में बतौर सीडीओ कार्यभार संभाला था। वे करीब साढ़े 16 महीने तक सीडीओ के पद पर तैनात रहे। महत्वपूर्ण बात ये है कि अब इन्हें इसी शहर में नगरायुक्त बनाया गया है। मूल रूप से चंडीगढ़ निवासी विक्रमादित्य सिंह मलिक लॉन टेनिस के अच्छे खिलाड़ी भी हैं। इनके पिता युद्धवीर सिंह मलिक हरियाणा सरकार में आईएएस अधिकारी हैं।

वहीं शासन ने 18 सितंबर 2022 को नितिन गौड को गाजियाबाद का नगरायुक्त बनाया था। 2016 बैच के आईएएस ऑफिसर नितिन गौड इससे पहले मथुरा के सीडीओ थे। वहां से उन्हें गाजियाबाद भेजा गया और अब उनको हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण का वीसी बनाया गया है।

### सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को बुखार के कारण यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के अनुसार गांधी को हल्के बुखार की शिकायत हुई है और उन्हें डॉक्टरों की सलाह पर अस्पताल में भर्ती किया गया है। उनका स्वास्थ्य स्थिर बताया गया है और उनको देख रहे डॉक्टर बराबर उनके स्वास्थ्य पर नज़र रखे हुए हैं। कांग्रेस संसदीय दल की नेता दो दिन पहले मुंबई में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की बैठक में शामिल होने के बाद यहां पहुंची तो उन्हें हल्का बुखार हुआ इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# सीडीएस व एनडीए की परीक्षा में 50 से 30 फीसदी अभ्यर्थी गैरहाजिर


**गुरुग्राम।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से नेशनल डिफेंस अकादमी और नवल अकादमी की परीक्षा रविवार को सुबह और शाम दो पालियों में आयोजित की गई। इस दौरान कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज परीक्षा-2 तीन पालियों में आयोजित की गई। दोनों परीक्षाओं में करीब 30 से 50 फीसदी अभ्यर्थी गैर हाजिर रहें। सीडीएस की परीक्षा-2 तीन पालियों में सुबह नौ से 11 बजे, दोपहर 12 से दो बजे और दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक तीन पालियों में आयोजित की गई। जिले में सीडीएस के लिए 12 केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें पहली पाली की परीक्षा में 3996 में से 1890 अभ्यर्थी उपस्थित रहें। दूसरी पाली में 1888 और तीसरी पाली में एलीमेंट्री मैथ की परीक्षा में 1382 में से 687 अभ्यर्थी उपस्थित रहें।

एनडीए की परीक्षा 31 केंद्रों पर आयोजित की गई। कुल 10483 अभ्यर्थियों में से पहली पाली में 7940 अभ्यर्थी उपस्थित रहें। दूसरी पाली में सामान्य योग्यता परीक्षा के लिए 8324 अभ्यर्थी उपस्थित रहें। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि आपराधिक प्रक्रिया अधिनियम 1973 के अनुसार धारा 144 लागू की गई। आदेशों के तहत परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में पांच या इससे अधिक व्यक्ति एकजुट होने पर पाबंदी रही।

इसके अलावा कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से प्रवेश नहीं कर सका। परीक्षा केंद्रों के नजदीक 200 मीटर की परिधि में सभी फोटोस्टेट की दुकानें भी बंद रखी गई।

# पहलवान वाहन चोर गिरोह का पुलिस ने किया खुलासा

ग्रेटर नोएडा में सरगना सहित दो गिरफ्तार,18 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 पुलिस ने शातिर वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस दौरान पहलवान वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के सरगना सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है इन लोगों के कब्जे से चोरी की 18 मोटरसाइकिल बरामद की है।

दरअसल, थाना बीटा-2 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेन्स, बीट पुलिसिंग के माध्यम से मिली गोपनीय सूचना के आधार पर पीपल वाले गोलचक्कर से एक फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने सुरेन्द्र उर्फ पहलवान व कपिल को गिरफ्तार किया। जब इन दोनों लोगों से कड़ाई से पूछताछ की तो पता चला कि यह लोग एक वाहन चोर गिरोह के सरगना और सदस्य हैं। इसके बाद इन लोगों की निशानदेही पर 17 मोटर साइकिलों को सिग्मा 2 में खण्डर पडे प्लाट से बरामद किया गया है।

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि यह लोग शातिर किस्म के वाहन चोर हैं, जिनका एक पहलवान नाम का वाहन चोर गैंग है। जिसका सरगना सुरेन्द्र उर्फ पहलवान है। कपिल व अनिल उर्फ मल्ला इस गैंग के सदस्य हैं। यह गिरोह नोएडा , ग्रेटर नोएडा , गाजियाबाद, बुलन्दशहर में सक्रिय है। यह लोग खासकर स्पलेण्डर मोटर साइकिल को निशाना बनाकर रेकी करके चोरी किया करते थे। चोरी की गयी मोटर साइकिलों को मन माफिक नम्बर प्लेट लगाकर बेचकर अवैध धन अर्जित करते हैं। पूछताछ में इन लोगों के द्वारा भिन्न भिन्न स्थानों से लगभग दो दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के इकबाल किया है। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि बरामद 18 मोटर साइकिलों में से 09 मोटर साइकिलों की चोरी के सम्बन्ध में चोरी के स्थान की जानकारी की जा चुकी है शेष 09 मोटर साइकिलें किस स्थान से चोरी की गयी हैं के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।



दुबई के भारतीय मूल के बिजनेसमैन मिस्टर सेख नवाज व भारतीय माइनोरिटी के ऑल इंडिया अध्यक्ष इमारन प्रतापगढ़ी के बीच शिष्टाचार मुलाकात हुई, जिसमे आने वाले लोकसभा चुनाव में माइनोरिटी को मजबूत करने व सशक्त बनाने को लेकर चर्चा हुई

## संपादकीय



# महंगाई पर काबू पाना प्राथमिकता, करनी पड़ेगी जमाखोरों पर सख्ती

यकीनन महंगाई कम करना सरकार के लिए सबसे बड़ा मुद्दा बन गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपये घटाकर बड़ी राहत दी है। हाल ही में रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक में भी महंगाई को नियंत्रित करने की प्रतिबद्धता जताई गई और ब्याज दर को न बदलते हुए 6.5 प्रतिशत रखने का महत्वपूर्ण फैसला किया गया। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि महंगाई पर काबू पाना सरकार की वर्तमान प्राथमिकता है। गौरतलब है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुसार, जून, 2023 में जो खुदरा महंगाई दर 4.87 फीसदी थी, वह जुलाई में 15 महीने के उच्चतम स्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई। पिछले वर्ष जुलाई, 2022 में खुदरा महंगाई 6.71 फीसदी थी। अनाज की कीमतों में ऊंची महंगाई दर स्पष्ट देखी जा रही है और उम्मीद से कम खाद्यान्न उत्पादन का जोखिम भी है। खुदरा महंगाई दर केंद्र सरकार के छह प्रतिशत की तय ऊपरी सीमा से अधिक है। इस समय खाद्य कीमतों में तेज बढ़ोतरी के कई कारण उभरकर दिखाई दे रहे हैं। काला सागर अनाज समझौता खत्म करने के रूस के फैसले और गेहूं उपजाने वाले प्रमुख क्षेत्रों में बारिश न होने के कारण अनाज के दाम बढ़ गए हैं। देश में फसलों पर सफेद मक्खी के प्रकोप और मानसूनी बारिश के असमान वितरण से भी सब्जियां महंगी हुई हैं। स्थिति यह है कि सीमित आपूर्ति के कारण देश में थोक गेहूं की कीमतें पिछले दो महीनों में तेजी से बढ़ी हैं। सरकार के गोदामों में भी गेहूं के स्टॉक में कमी आई है। इसके अलावा, बाजार में नकदी ज्यादा रहने से भी महंगाई बढ़ी है। देश में अल नीनो प्रभाव के कारण मानसून के साथ न देने से भी खाद्यान्न उत्पादन में कमी का जोखिम बढ़ा है। बढ़ती महंगाई को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक ने कई कदम उठाए हैं। केंद्र सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों के निर्यात पर लगातार सख्ती बरती जा रही है। पिछले साल रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद गेहूं के निर्यात पर जो पाबंदी लगाई गई थी, वह अब तक जारी है। प्याज पर 40 फीसदी निर्यात शुल्क लगाया गया है और हाल ही में सेला चावल के निर्यात पर भी 20 प्रतिशत शुल्क लगा दिया गया है। सरकार ओपन मार्केट सेल स्कीम (ओएमएसएस) के जरिये रियायती दर पर गेहूं और चावल, दोनों बेच रही है। इसी तरह सब्जियों, दालों और तिलहन के दाम काबू में रखने के लिए भी खास उपाय किए गए हैं। सरकार पेट्रोल का आयात खर्च घटाने और कम कीमत रखने के मद्देनजर पेट्रोल में एथनॉल ब्लेंडिंग कर रही है। मगर विभिन्न प्रयासों के बावजूद अभी खाद्य महंगाई नियंत्रित नहीं है। वित्त मंत्रालय ने भी जुलाई, 2023 की अपनी रिपोर्ट में आगाह किया है कि आगामी महीनों में भी महंगाई की दर ऊंची बनी रह सकती है। सचमुच, इस बार महंगाई से लड़ाई सरकार और केंद्रीय बैंक के लिए कड़ी चुनौती बन गई है। महंगाई पर नियंत्रण इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि इससे आम आदमी की मुश्किलों के साथ आर्थिक विकास भी प्रभावित होता है और इसका चुनावी असर भी पड़ता है। ऐसे में, खाद्य पदार्थों की आपूर्ति बढ़ाने और खुदरा महंगाई दर पर अंकुश लगाने के लिए सरकार को अधिक कारगर उपायों के साथ आगे आना होगा। जमाखोरों के खिलाफ कार्रवाई तेज करनी होगी। अतिरिक्त नकदी की निकासी पर रिजर्व बैंक को ध्यान देना होगा। आवश्यक खाद्य पदार्थों का आयात करके आपूर्ति बढ़ाने से महंगाई को नियंत्रित किया जा सकता है। सरकार के पास जमा विदेशी मुद्रा भंडार भी महंगाई नियंत्रण में अहम भूमिका निभा सकता है। भारत की पेट्रोल-डीजल की दिग्गज कंपनियां घरेलू कीमत घटाने की स्थिति में हैं। ऐसे में पेट्रोल-डीजल की कीमत में कटौती करने से महंगाई में व्यापक कमी आ सकती है। केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल व डीजल पर सीमा व उत्पाद शुल्क में और राज्य सरकारों द्वारा वैट में कमी करना जरूरी है। मंत्रालयों के बजट में कटौती से बजट घाटे को लक्ष्य से अधिक होने से बचाया जा सकता है।

# खेती-किसानी पर भारी पड़ रहा है अलनीनो

देश के कई राज्यों में जहाँ ज्यादा बारिश की वजह से बाढ़ जैसे हालात हैं वहीं कई राज्य उम्मीद से काफी कम बारिश से सूखे की स्तिथि का सामना कर रहें हैं। भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वोत्तर भारत के कुछ राज्यों को छोड़कर देश के अन्य भागों में वर्षा की भारी कमी देखी गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अल नीनो के प्रभाव की वजह से पिछली एक सदी से ज्यादा अवधि में अगस्त का यह महीना देश में सबसे अधिक सूखा रहा। अगस्त के महीने में 1901 के बाद सबसे कम बारिश हुई है।

देश में वर्षा के आंकड़े 1901 से ही रेफरेंस के तौर पर रखे जाते हैं। बारिश की ऐसी गतिविधि चावल से लेकर सोयाबीन तक, गर्मियों में बोई जाने वाली फसलों की पैदावार को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे कीमतें बढ़ सकती हैं। इससे देश में समग्र खाद्य महंगाई बढ़ सकती है, जो जनवरी 2020 के बाद से जुलाई में सबसे ज्यादा हो गई है। अलनीनो की वजह से देशभर में अगस्त के महीने में 34 प्रतिशत कम हुई बारिश हुई।

अगस्त का महीना खेती-किसानी पर भारी पड़ा है। वर्तमान मानसूनी मौसम में जुलाई तक के सात प्रतिशत अधिक वर्षा के ग्राफ को भी अलनीनो ने नीचे गिराते हुए 10 प्रतिशत कम कर दिया है।अलनीनो का असर आगे भी जारी रह सकता है जिसकी वजह से सितंबर में भी कम बारिश की संभावना है। इसका असर आगे खरीफ की फसलों पर पड़ सकता है।

अल-नीनो की वजह से ये अनुमान तो पहले से ही था कि, उत्तर भारत में मानसून कमजोर रहेगा। लेकिन पिछले महीने अप्रत्याशित रूप से देश के कई हिस्सों में भारी बारिश भी देखी गई। जुलाई में हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के कई हिस्सों में रिकॉर्ड बारिश देखी गयी और दिल्ली में यमुना के उफनकर लाल किले तक पहुंचने का दुर्लभ नजारा देखने को मिला। भारी बारिश और भूस्खलन कि वजह से अकेले हिमाचल प्रदेश में कम से कम 150 लोग मारे गये और 10,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। कई सारे भूस्खलनों में इमारतें चकनाचूर हो गयी हैं और राजमार्ग अवरुद्ध हो गये हैं। इन भूस्खलनों की फौरी वजह इन राज्यों में हुई अप्रत्याशित रूप से भारी बारिश है और ये पश्चिमी विक्षोभ के अतिरेक के चलते हैं। पश्चिमी विक्षोभ उष्णकटिबंधीय तूफान होते हैं जो भूमध्यसागरीय क्षेत्र में पैदा होते हैं और आम तौर पर उत्तर भारत में शीतकालीन वर्षा कराते हैं।

हिमालय क्षेत्र में अंधाधुंध निर्माण और चार धाम सड़क परियोजना की वजह से पहाड़ों की स्थिति को बड़े पैमाने पर बदला गया है। उनके बड़े-बड़े टुकड़े काट कर अलग कर दिये जाने से वे बड़ी उथल-पुथल वाले खतरे की जद में आ गये हैं। अनियोजित निर्माण और भवन-निर्माण के बेतरतीब तौर-तरीकों ने इन क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों के लिए जोखिम बढ़ा दिया है। राज्य सरकारें 'आपदा राहत' के लिए केंद्र से मुआवजा मांगने जैसे अल्पकालिक समाधान खोजती नजर आती हैं।लेकिन समय आ गया है कि, बुनियादी ढांचे के विकास की प्रकृति को लेकर ज्यादा गंभीर चिंतन किया जाए । भारत की कृषि अर्थव्यवस्था अब भी काफी हद तक मॉनसून की गतिविधियों पर निर्भर करती है। भारत का 40त्न से ज्यादा बुआई क्षेत्र सिंचाई के लिए बारिश के पानी पर निर्भर है। इस साल भारत में मानसून की आमद समय से हुई लेकिन देश के अधिकांश हिस्सों में अनिश्चित मानसून पैटर्न की वजह की नुक्सान हो रहा है। रूस-युक्रेन युद्ध ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि देश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर निर्भर नहीं कर सकते बल्कि उन्हें अपनी खाद्य आवश्यकताओं के लिए आत्मनिर्भर बनना ही पड़ेगा। मानसून के लिहाज से भारत के 75 प्रतिशत जिले हॉटस्पॉट हैं और उनमें से 40त्न में मानसून का रुख बदलता रहता है, लिहाजा मानसून के ढर्रे में काफी अनिश्चितताए हैं।

# चांद के बाद अब भारत की सूरज पर छलांग



अशोक मधुप

भारत की कामयाबी और सफलता पर आज दुनिया आश्चर्य चकित है। भारत ने दस दिन में ही चांद के बाद अब सूर्य पर छलांग लगा दी। दस दिन पूर्व चंद्रयान के चांद के दक्षिण ध्रुव पर कामयाब लैंडिग के बाद भारत का अंतरिक्ष यान सूर्य के बारे में जानकारी एकत्र करने करने के लिए रवाना हो गया ।भारत के मिशन सूर्य के लिए आदित्य एल-वन का कल दो सितंबर सफलतापूर्वक प्रेक्षण हुआ। आदित्य सूरय का अध्ययन करेगा। सूर्य के रहस्यों को खोलेगा।इससे भारत के सूर्य विज्ञान की पूरी दुनिया में धाक जमेगी। भारत के आय के साधन बढ़ेंगे। भारत के वैज्ञानिकों की दुनिया में मांग होगी।

चंद्रयान-3 की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग के 10वें दिन इसरो ने शनिवार को आदित्य एलवन मिशन लॉन्च कर दिया। आदित्य सूर्य की स्टडी करेगा। इसे दो सितंबर की सुबह 11.50 बजे पीएसएलवी-सी57 के एक्सएल वर्जन रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से भेजा गया।

रॉकेट ने 63 मिनट 19 सेकेंड बाद आदित्य को 235 × 19500 किलोमीटर की पृथ्वी की ऑर्बिट में छोड़ दिया। करीब चार महीने बाद यह 15 लाख किलोमीटर दूर लैगरेंज पॉइंट-एक तक पहुंचेगा। इस पॉइंट पर ग्रहण का प्रभाव नहीं पड़ता। इसके चलते यहां से सूरज पर आसानी से रिसर्च की जा सकती है। इसरो ने बताया कि जिस सोलर सिस्टम में हमारी पृथ्वी है, उसका केंद्र सूर्य ही है। सभी आठ ग्रह सूर्य के ही चक्कर लगाते हैं। सूर्य की वजह से ही पृथ्वी पर जीवन है। पृथ्वी पर जीवन पनपने की मुख्य वजह सूरज ही है।सूर्य से लगातार ऊर्जा बहती है। इन्हें हम चार्ज्ड पार्टिकल्स कहते हैं। सूर्य का अध्ययन करके ये समझा जा सकता है कि सूर्य में होने वाले बदलाव अंतरिक्ष को और पृथ्वी पर जीवन को कैसे प्रभावित कर सकते हैं।

स्पेस एप्लिकेशन सेंटर के डायरेक्टर नीलेश देसाई ने कहा कि जितनी जरूरी हमारे रहने के लिए पृथ्वी है, उतना ही जरूरी हमारे जीवन के लिए सूरज है।

पृथ्वी पर जीवन पनपने की वजह ही सूरज है। यदि सूर्य समाप्त हो जाए तो कुछ ही समय बाद पृथ्वी पर जीवन का भी नाश हो जाएगा।हम पृथ्वी के प्राकृतिक माहौल के अनुसार बने हैं, लेकिन सूरज पर हुआ छोटे से छोटा बदलाव भी जीवन को समाप्त कर सकता है। सूर्य की गर्मी व प्रकाश जीवन का मुख्य आधार है। हम पृथ्वी के प्राकृतिक माहौल के अनुसार बने हैं। प्रकाश का सामान्य प्रवाह जो पृथ्वी को रोशन करता है और जीवन को संभव बनाता है।

वैज्ञानिक मानते हैं कि सूरज के रहस्य इतने अनजाने हैं कि सारी दुनिया उसके बारे में जानना चाहती है। धरती से सूरज 150,920 हजार किलोमीटर दूर है और हमारा मिशन धरती से 15 लाख किलोमीटर दूर जाकर वहां स्थिर होकर स्टडी करेगा।

धरती से सूरज पूरा 13 लाख गुना बड़ा है। सूरज पर अब तक दुनिया की स्पेस एजेंसियों के गिने चुने मिशन ही गए। इस लिहाज से भारत का ये मिशन काफी अहम है।सूर्य हमारा सबसे नजदीकी सितारा है और इसलिए हम उसे दूसरे सितारों से ज्यादा अच्छे से देख सकते हैं। सूर्य का अध्ययन करने से हमें दूसरे सितारों के बारे में भी ज्यादा जानकारी प्राप्त होगी। इससे हमारी इस ब्रह्मांड की समझ थोड़ी और बढ़ेगी। सूर्य से ही पृथ्वी पर सब जीवन को ऊर्जा मिलती है, लेकिन सूर्य में विस्फोटक घटनाएं भी होती हैं। ये घटनाएं हमारे उपग्रह और संचार तंत्र को नुकसान पहुंचा सकती हैं। सूर्य का अध्ययन करके हम ऐसी घटनाओं से पहले ही सावधान होकर इन दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं।

सूर्य का अध्ययन अंतरिक्ष से करना जरूरी है, क्योंकि पृथ्वी का वायुमंडल और चुम्बकीय क्षेत्र हानिकारक किरणों, जैसे यूवी किरण, को रोक देते हैं. इसका मतलब है कि सूर्य पर ये प्रयोग करने के लिए जरूरी सामग्री पृथ्वी पर उपलब्ध नहीं है. इसलिए, पृथ्वी से सूर्य का पूरा अध्ययन नहीं किया जा सकता।

यह मिशन, चंद्रयान की तरह, पहले ऊंचाई पर पृथ्वी की परिक्रमा करेगा और फिर यह अधिक तेजी से सूर्य की ओर उड़ान भरेगा।

आदित्य-एल वन पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंचेगा. जब तक कि यह पृथ्वी और सूर्य के गुरुत्वाकर्षण बल पर काबू नहीं पा लेता, ये बीच में एक बिंदु (लैगरेंज प्वाइंट) पर रुकेगा जिसे वैज्ञानिक भाषा में एल1 नाम दिया गया है।

आदित्य-एल वन अंतरिक्ष यान अपनी दूरी करीब चार माह में पूरी करेगा। अपने गन्तव्य पर पंहुच कर यह वहां से सूर्य की विभिन्न गतिविधियों, आंतरिक और बाहरी वातावरण आदि का अध्ययन करेगा.संयुक्त राज्य अमेरिका पहले इसी तरह का एक मिशन एल-टू क्षेत्र में सूर्य के करीब भेज चुका है।

23 अगस्त को चंद्रमा पर चंद्रयान-3 उतारने वाला भारत संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन के बाद दुनिया का चौथा देश बन गया।यह अंतरिक्ष यान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा है, जहां अभी तक किसी भी देश का कोई मिशन नहीं पहुंचा है. यह भारतीय वैज्ञानिकों की एक बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के वैज्ञानिक मान रहे हैं कि चंद्रयान तीन के रोवर को बहुत ही स्मार्ट तरीके से डिजाइन किया गया है। छह पहियों वाली यह छोटी सी मशीन एक कार की तरह है। रोवर अपने निर्णय स्वयं लेता है, अपने रास्ते स्वयं चुनता है। चंद्रमा की सतह के वातावरण और तापमान आदि पर नज़र रखता है। यह अपना काम अच्छे से कर रहा है।

भारत ने 1950 और 1960 के दशक में जब अंतरिक्ष अनुसंधान पर काम शुरू किया था, तक किसी को यकीन नही था, कि भारत इतनी तरक्की करेगा। आज भारत अंतरिक्ष तकनीक में रूस और अमेरिका जैसे देशों से स्पर्धा कर रहा है।अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अब यह निश्चित रूप से दुनिया के प्रमुख देशों, संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, चीन और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियों की कतार में खड़ा है।

भारत ने चंद्रयान-3 मिशन पर लगभग 70 मिलियन डॉलर खर्च किए हैं, जो क्रिस्टोफर नोलन की 2014 की अंतरिक्ष मिशन फ़िल्म इंटरस्टेलर पर खर्च किए गए 131 मिलियन डॉलर के आधे से भी कम है।

अंतरिक्ष अनुसंधान और विकास को आमतौर पर अमीर देशों का साहसिक कार्य माना जाता है,लेकिन भारत की सफलता ने दुनिया के उभरते देशों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक नया उत्साह और जुनून भी पैदा किया है।चंद्रमा या सूर्य के अनुसंधान और उससे प्राप्त ज्ञान पर किसी एक देश का एकाधिकार नहीं है. यह दुनिया भर में मानव विकास और मानवता के लिए समर्पित है।चंद्रमा और सूर्य के अनुसंधान से भारतीय वैज्ञानिकों को जो भी मिलेगा, उससे पूरी दुनिया को फायदा होगा। दुनिया ने जो भी प्रगति की है वह वैज्ञानिक अनुसंधान और नए आविष्कारों के कारण ही संभव हो पाई है।

श्रीहरिकोटा से आदित्य एल1 की सफल लॉन्चिंग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वैज्ञानिकों को बधाई दी है। चौथे चरण की कामयाबी के बाद ये कक्ष में स्थापित हो गया। इससे पहले अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा )ने अगस्त 2018 में पार्कर सोलर प्रोब लॉन्च किया था।

दिसंबर 2021 में पार्कर ने सूर्य के ऊपरी वायुमंडल, कोरोना से उड़ान भरी और वहां कणों और चुंबकीय क्षेत्रों का नमूना लिया। नासा के अनुसार, यह पहली बार था कि किसी अंतरिक्ष यान ने सूर्य को छुआ। फरवरी 2020 में नासा ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के साथ हाथ मिलाया और डेटा एकत्र करने के लिए सोलर ऑर्बिटर लॉन्च किया ताकि यह पता लगाया जा सके कि सूर्य ने पूरे सौर मंडल में लगातार बदलते अंतरिक्ष वातावरण को कैसे बनाया और नियंत्रित किया।

नासा द्वारा अन्य सक्रिय सौर मिशन अगस्त, 1997 में लॉन्च किए गए एडवांस्ड कंपोज़िशन एक्सप्लोरर हैं। अक्टूबर, 2006 में सौर स्थलीय संबंध वेधशाला, फरवरी, 2010 में सोलर डायनेमिक्स वेधशाला और इंटरफ़ेस रीजन इमेजिंग स्पेक्ट्रोग्राफ जून, 2013 में लॉन्च किया गया।जापान यूरोप और चीन भी सूरज के अध्ययन में लगे हैं। पिछले चार वर्षों में भारत में लगभग डेढ़ सौ निजी अंतरिक्ष कंपनियाँ अस्तित्व में आई हैं। ये टेक स्टार्टअप बहुत तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। इन कंपनियों में अरबों रुपये का निवेश किया जा रहा है।इसरो के अंतरिक्ष मिशन में उच्च प्रौद्योगिकी स्टार्टअप और निजी कंपनियों की भूमिका बढ़ती जा रही है।ये कंपनियां भी अपने दम पर आगे बढ़ रही हैं. 2022 में, %स्काईरूट% नामक एक निजी कंपनी ने भारत में निर्मित रॉकेट पर अपना उपग्रह अंतरिक्ष में लॉन्च किया था।यह पहली बार था कि भारत की किसी निजी कंपनी ने अपने ही रॉकेट से अपना उपग्रह सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया था।हैदराबाद स्थित यह कंपनी इस साल के अंत तक एक बड़ा उपग्रह अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रही है।

भारत हर एक क्षेत्र में खुद का काफी तेजी से विकसित कर रहा है, चाहे वो रक्षा क्षेत्र हो या विज्ञान क्षेत्र। मिशन मार्स से लेकर मून मिशन तक हर जगह भारत ने एक अमिट छाप छोड़ी है।इतना ही नहीं, भारत की मदद से दूसरे देशों के सैटेलाइट भी अंतरिक्ष में लॉन्च किए जा रहे हैं।

अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत को आज एक महाशक्ति के रूप में देखा जाने लगा है।

भारत एक साथ 100 से अधिक सैटेलाइट लॉन्च कर पहले ही रिकॉर्ड बना चुका है। दूसरे देशों की सेटेलाइट छोड़ने से भारत की आय बढ़ रही है, भारत का व्यापार बढ़ रहा है।भारत इस क्षेत्र में जितना आगे बढ़ेगा, उतनी ही उसकी आय बढ़ेगी।

पूरी दुनिया में भारत की तकनीकि कला विशेषज्ञ, वैज्ञानिक और इंजीयर की मांग बढ़ेगी।

# अमेरिकी भारत संबंधों में और प्रगढ़ता की आवश्यकता

वाशिंगटन की एजेंसी के अनुसार अमेरिका को भारत की चीन के बढ़ते प्रभाव और विस्तारवाद के खिलाफ ज्यादा आवश्यकता होगीद्य भारत के तेजी से विज्ञान टेक्नोलॉजी और प्रतिरक्षा में बढ़ते कदम को देखते हुए अमेरिका की उप रक्षा मंत्री ने अपने बयान में कहा है की प्रशांत महासागर में ड्रैगन की बढ़ती हसरतों को रोकने के लिए भारत से ज्यादा से ज्यादा प्रतिरक्षा समझौते और सामरिक संयुक्त सैन्य अभ्यास की जरूरत होगी। उन्होंने कहा है कि अमेरिका अब चीन की बढ़ती ताकत को रोकने के लिए हजारों स्वायत्त हथियार प्रणालियों का उपयोग करने की योजना बना रही है।

इसके लिए अमेरिका एक विशेष रिप्लिकेटर सामरिक प्रणाली का उपयोग युद्ध के मैदान में करने जा रही है इसके लिए रोबोट और और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा स्वचालित शास्त्रों से लैस ड्रोन पद्धति से युद्ध लड़ने पर विचार कर रही है। अब युद्ध का भविष्य बदल चुका है पहले रोबोट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विचारों में था लेकिन अब उसे हकीकत में बदलने समय आ गया है।

युद्ध के उद्देश्य के लिए रोबोटिक प्रणाली का ज्यादा से ज्यादा सर्वोत्तम उपयोग किया जाना होगा गौरतलब है कि यूक्रेन में रूस के साथ युद्ध में दिखा दिया है कि रोबोट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का वास्तविक दुनिया में कैसे उपयोग किया जाता है।

रूस और यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन ने रूस के खिलाफ बख्तरबंद वाहनों और तोपखाने का पता लगाने के उन पर रोबोटिक तथा ड्रोन से व्यापक हमले का उपयोग किया है यूक्रेनी नौसेना ने अपने हमलावर ड्रोन से रूस के काला सागर फ्लीट को लगभग पंगु बनाकर उन्हें युद्ध पोत बंदरगाह से आगे नहीं बढ़ने दिया है। इसके अलावा यूक्रेन ने मास्को में ड्रोन अटैक से रूस के मुख्यालय में राष्ट्रपति पुतिन और उसके कमांडरों को मुसीबत में डाल दिया था।

उपसेना प्रमुख ने बताया कि अमेरिका की जिम्मेदारी रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को न सुरक्षित रख पाने और चीन पर ताइवान की कुदृष्टि से बचाने के लिए जिम्मेदारी बहुत अहम हो जाती है। ऐसे में अमेरिका तथा नाटो देश अपने दुश्मनों के खिलाफ स्वायत्त रक्षा प्रणाली जिसका सीधा-सीधा मतलब ऐसे रोबोट के उपयोग से है जिसे मानव हस्तक्षेप के बिना जटिल सेवा के अभियानों को अंजाम दिया जा सकता है।

इसके अलावा एंट्रीटेबल रक्षा प्रणाली जिसका अर्थ रोबोट को इतना सस्ता बनाकर उसे उच्च प्राथमिकता वाले सेना के मिशन में रोबोट को जोखिम में डालकर इसके नष्ट होने का खतरा मोल लिया जा सकता है। यह रोबोट बहुत ही किफायती होंगे इसलिए इन्हें बड़ी संख्या में बनाया जा सकता है एवं अन्य देश इसे खरीद भी सकते हैं जिसके फल स्वरुप युद्ध में नुकसान की भरपाई की जा सकती है।

अब यह तो अब तय हो चुका है कि युद्ध अब अत्यधिक आधुनिक रोबोट टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपकरणों से लड़े जाएंगे इसके अलावा यदि विश्व युद्ध होता है तो जैविक हथियारों के साथ परमाणु बम का इस्तेमाल भी किया जा सकता है पर यह मानवीय सभ्यता के लिए बहुत ही ज्यादा खतरनाक एवं विनाशकारी होगा। इसका सबक अमेरिका द्वारा जापान के हिरोशिमा तथा नागासाकी में किए गए परमाणु विस्फोटों से ले सकते हैं।




# बेचैन सत्ता - उत्साहित 'इंडिया'



तनवीर जाफ़री

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक पिछले दिनों मुंबई में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बार मुंबई में इंडिया गठबंधन की मेज़बानी महाराष्ट्र विकास अघाड़ी द्वारा की गयी जिसमें मुख्यत: शिवसेना (उद्धव ),राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तथा महाराष्ट्र कांग्रेस पार्टी शामिल है। जबकि पटना में हुई पहली बैठक की मेज़बानी जनता दल यूनाइटेड द्वारा की गयी थी व बंगलौर में हुई दूसरी बैठक कर्नाटक कांग्रेस पार्टी द्वारा आहूत की गयी थी। पटना से मुंबई तक के विपक्षी गठबंधन का अब तक का यह सफ़र निश्चित रूप से गठबंधन के 26 सदस्यों में परस्पर विश्वास बनाने में सफल रहा है। 'इंडिया' के गठन के बाद सत्ता के गलियारों में मची उथल पुथल स्वयं इस बात का सुबूत है कि 2024 के लोकसभा चुनाव और उससे पूर्व होने जा रहे विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव, स्वयं को अजेय समझने वाली भारतीय जनता पार्टी के लिये नाकों चने चबाने जैसे हालत पैदा करने जा रहे हैं। सत्ता की घबराहट इससे भी पता चलती है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेता स्वयं अपने नवगठित राजनैतिक गठबंधन की सफलता या उसकी विशेषता का उतना गुणगान व प्रचार प्रसार नहीं कर रहे जितना कि भाजपा के नेता इसकी आलोचना व निन्दा करने में व्यस्त हैं। यहाँ तक कि सत्ता द्वारा रसोई गैस में की गयी 200 / रूपये प्रति सिलेंडर की कमी जैसे फ़ैसले भी 'इंडिया' के बढ़ते क़द के तहत ही लिये बताये जा रहे हैं। ग़ौरतलब है कि जिस भाजपा ने 2014 से लेकर अब तक अपने सहयोगी एन डी ए दलों की बैठक बुलाने की ज़रुरत महसूस नहीं की थी,इंडिया का गठन होते ही उसे भी एन डी ए की बैठक बुलानी पड़ी। इतना ही नहीं बल्कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' से घबराई भाजपा अपने विरोधी नेताओं को परेशान करने,उनमें विभाजन पैदा करने उन्हें डराने धमकाने जैसे निकृष्टतम हथकंडे भी अपना रही है। यह सब सत्ता की बेचैनी और बौखलाहट के ही परिणाम हैं।

बहरहाल,पटना में पहली मुलाक़ात,बंगलौर में गठबंधन का नामकरण और मुंबई में जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया के नारे के साथ इस



बैठक में तीन मुख्य प्रस्ताव पारित करना गठबंधन की प्रारंभिक सफलता को दर्शाता है। मुंबई बैठक में जहां सीट बंटवारे की प्रक्रिया जल्द ही पूरी करने की बात कही गयी वहीँ इस बैठक में चार समितियां बनाने का फ़ैसला भी किया गया है। बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा गया है, हम, इंडिया के विभिन्न दल, लोकसभा का अगला चुनाव जहां तक संभव हो, एक साथ मिलकर लड़ने का संकल्प लेते हैं। विभिन्न राज्यों में सीट के बंटवारे की व्यवस्था तुरंत शुरू होगी और विचार-विमर्श की सहयोग वाली भावना के साथ यथाशीघ्र पूरी की जाएगी। हम, इंडिया के विभिन्न दल, लोगों की चिंता और महत्व के मामलों पर देश के विभिन्न हिस्सों में जल्द से जल्द सार्वजनिक रैलियां आयोजित करने का संकल्प लेते हैं। प्रस्ताव के अंत में कहा गया है, हम, इंडिया के विभिन्न दल, विभिन्न भाषाओं में जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया थीम के साथ अपनी संबंधित संचार और मीडिया रणनीतियों और मुहिमों का समन्वय करने का संकल्प लेते हैं। बैठक के समापन पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी सहित अनेक नेताओं ने दोहराया कि - इंडिया गठबंधन बीजेपी को आसानी से हराएगा. उन्होंने कहा - इस मंच पर बैठी सारी पार्टियां यदि एकजुट रहती हैं, तो हमें हराना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन भी है।

जैसे जैसे लोकसभा चुनाव का समय नज़दीक आता जा रहा है भारतीय जनता पार्टी के लिये परेशानी बढ़ाने वाली कई ख़बरें भी सामने आ रही हैं। जैसे कि पिछले दिनों विश्व के प्रतिष्ठित समाचार पत्र 'द गार्डियन' और 'फ़ाइनेंशियल टाइम्स' ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिस में कहा गया है कि टैक्स हैवन्स देश मॉरीशस के दो फ़ंड - इमर्जिंग इंडिया फ़ोकस फ़ंड (ईआईएफ़ एफ़ ) और ईएम रीसर्जेंट फ़ंड (ईएमआरएफ़ ) ने 2013 से 2018 के बीच अदानी ग्रुप की चार कंपनियों में पैसा लगाया और इनके शेयरों की ख़रीद-फ़रोख़्त भी की। इन फ़ंडस के द्वारा यूएई के निवेशक नासिर अली शाबाना अहली और ताइवान के निवेशक चांग चुंग लींग ने इन कंपनियों में पैसा लगाया था। ये पैसा बरमूडा के इन्वेस्टमेंट फ़ंड ग्लोबल अपॉर्च्युनिटीज़ के ज़रिये लाया गया। 2017 में नासिर अली और चांग चुंग लींग के इस निवेश की क़ीमत लगभग 43 करोड़ डॉलर थी। इस समय इसकी क़ीमत (मौजूदा एक्सचेंज रेट) 3550 करोड़ रुपये है। जनवरी 2017 में इन दोनों निवेशकों की अदानी इंटरप्राइज़ेज़, अदानी पावर और अदानी ट्रांसमिशन में क्रमश: 3.4, 4 और 3.6 फ़ीसदी हिस्सेदारी थी। दरअसल गौतम अडानी के भाई विनोद अदानी के कहने पर ही नासिर अली और चांग चुंग लींग के फ़ंडस ने अदानी ग्रुप की कंपनियों में जो पैसा लगाया, उससे अदानी ग्रुप की कंपनियों अदानी एंटरप्राइज़ेज़ और अदानी ट्रांसमिशन में प्रमोटर ग्रुप (जिसके विनोद अदानी सदस्य थे) की हिस्सेदारी जनवरी 2017 में 78 फ़ीसदी से ज़्यादा हो गई। इसी प्रकार दूसरा गंभीर विषय चीनी घुसपैठ का है। पिछले दिनों जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण अफ़्रीक़ा में ब्रिक्स देशों की बैठक में भाग ले रहे थे उसी के फ़ौरन बाद चीन के नेचुरल रिसोर्स मिनिस्ट्री की तरफ़ से 28 अगस्त 2023 को अधिकृत रूप से एक नया नक़्शा जारी किया गया जिसमें भारत के अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को चीनी क्षेत्र दिखाया गया है। इससे पहले इसी वर्ष अप्रैल के महीने में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के 11 जगहों के नाम बदलने की मंज़ूरी दे दी थी। चीन के इस नए नक़्शे में भारत के उपरोक्त क्षेत्रों के अलावा चीन द्वारा ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर को भी चीनी क्षेत्र में शामिल किया गया है। विपक्षी गठबंधन चीन के कुत्सित इरादों से अधिक भारत सरकार द्वारा इस विषय पर अपनायी जा रही उदासीनता व ख़ामोशी को लेकर चिंतित है। पिछले दिनों कांग्रेस नेता राहुल गाँधी ने लद्दाख़ तथा पेंगोंग झील का एक सप्ताह का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाक़ात कर क्षेत्र में चीनी घुसपैठ की हक़ीक़त से देश को आगाह किया। इसका ज़िक्र उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन की बैठक के बाद भी किया। गोया विपक्ष द्वारा अगले चुनावों में जहां मंहगाई,बेरोज़गारी,भ्रष्टाचार व साम्प्रदायिकता जैसे मुद्दे सत्ता को घेरने के लिये उठाये जायेंगे वहीँ चीनी घुसपैठ और अडानी जैसे चंद उद्योगपतियों को सरकार द्वारा दिया जाने वाला संरक्षण भी सत्ता के लिये बड़ा सिर दर्द साबित होने जा रहा है। इसीलिये जहाँ सत्ता की बेचैनी बढ़ती जा रही है वहीं 'इंडिया' घटक दलों का उत्साह बढ़ता जा रहा है।

## शार्ट न्यूज

### बहराइच: पत्नी की हत्या के बाद पति ने थाने जाकर स्वीकारा अपराध

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच शहर के मोहल्ला सलारगंज घसियारी निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी है और सुबह थाने में जाकर पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला सलारगंज स्थित घोसियारी मस्जिद के निकट रहने वाली रेशमा (32) पत्नी आसिफ शनिवार रात को बेटी और बेटे के साथ सो रही थी। आधी रात को पति कमरे में पहुंचा और उसने बेटे और बेटी से बाहर जाने के लिए कहा। बेटे और बेटी जैसे ही बाहर गए, वैसे ही पति ने नल के हत्थे से पत्नी की पिटाई शुरू कर दी। पिटाई से रेशमा बेहोश हो गई। उसी दौरान पति ने बांके से गला काटकर पत्नी की हत्या कर दी। इसको देखने के बाद बच्चे रोने लगे। घटना को अंजाम देकर आसिफ आज सुबह दरगाह थाने पहुंचा और उसने पुलिस से हत्या करने का अपराध स्वीकार किया ।पुलिस ने आरोपी को तत्काल हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि मोबाइल पर पत्नी किसी से बात कर रही थी, जिस पर शक होने के कारण आसिफ ने पत्नी की हत्या कर दी। मृतक महिला की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### जालौन: गैस रिसाव से सिलेंडर में लगी आग की चपेट में आकर पांच झुलसे

जालौन। उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन के ग्राम कहटा में रविवार को रिसाव के कारण सिलेंडर में आग लग गयी और आग की चपेट में आकर चार बच्चों सहित पांच लोग झुलस गये। घटना आटा क्षेत्र अंतर्गत कहटा गांव की है। गांव में रहने वाले किसान बृजराज (41) के घर में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। जहां उनके घर के कमरे में रखे गैस सिलेंडर से अचानक रिसाव होने लगा। तभी किसान को कमरे से सिलेंडर लीकेज होने की दुर्गंध आई। जैसे ही वह उसे देखने के लिए कमरे में गया और कमरे का दरवाजा खोला, तभी आंगन में जल रहे चूल्हे के कारण सिलेंडर ने आग पकड़ ली। जिससे ब्रजराज और घर के आंगन में खेल रहे उसके बच्चे और पड़ोसियों के बच्चे भी इस आग की चपेट में आ गये। ब्रजराज ने किसी तरह आग बुझाने का प्रयास किया, अचानक मची चीख पुकार सुनकर पड़ोसी भी पहुंच गये। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने किसी तरह बच्चों को बाहर निकाला। मगर इस आग की चपेट में चार मासूमों सहित पांच लोग बुरी तरह झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन फानन में पड़ोसियों ने घायलों को निजी वाहन से उरई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां पर किसान ब्रजराज की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं चिकित्सकों द्वारा सभी का इलाज किया जा रहा है।

### मैनपुरी में दुकानदार की हत्या करने वाला गिरफ्तार

मैनपुरी। मैनपुरी में दुकान पर बैठे दुकानदार को मामूली विवाद के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने थप्पड़ मारने क़ी बात से खुन्नस खाकर दुकान पर बैठे युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी और मौक़े से फरार हो गया था। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के धारऊ गांव से जुड़ा है। बीते दिनों दो पक्षों में मामूली कहासुनी होने के बाद विवाद हो गया था। कुछ ही देर में विवाद ने तूल पकड़ लिया और मारपीट होने लगी। दो दिन पहले लगभग दस बजे दुकानदार दिनेश कुमार शाक्य उम्र लगभग 55 वर्ष अपनी दुकान पर बैठे हुए थे। तभी मोहल्ले के आरोपी अरबिंद उर्फ़ लंम्बू से किसी बात पर उसकी बहस हो गई। इतनी ही बात पर आरोपी ने दुकानदार को तमंचे से गोली मार दी। गोली दुकानदार दिनेश के पेट में लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली की आवाज सुनते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दुकानदार ने सैफई में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। आरोपी वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया था। जिसकी तलाश को लेकर पुलिस ने टीमों का गठन किया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने टीमों का गठन किया था।

### काशी विश्वनाथ जा रहे 2 दोस्तों की मौत

**वाराणसी।** वाराणसी के रोहनिया में रविवार दोपहर तेज रफ्तार हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं अन्य पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक की टक्कर से कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी को अस्पताल ले गई चिकित्सकों ने दो लोगों को मृत घोषित करते हुए अन्य का इलाज शुरू कर दिया। अयोध्या जनपद के कुमारगंज निवासी शिवम कुमार उपाध्याय रविवार की सुबह छह साथियों के साथ अयोध्या से वाराणसी में काशी विश्वनाथ दर्शन करने के लिए निकले थे। उनके साथ उनके मित्र मनोज मौर्या, अनिल मिश्रा, अनिल सिंह, अजीत उपाध्याय, दीनानाथ और शैफुल्ला भी थे। सभी कार से वाराणसी पहुंचने वाले थे तभी लठियां गांव के सामने ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार सड़क किनारे डिवाइडर से जाकर टकरा गई। कार में पीछे सवार शिवम उपाध्याय और मनोज मौर्या की मौके पर मौत हो गई। वहीं, अन्य सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना देकर अस्पताल में बुलाया और शव कब्जे में ले लिया। सभी घायलों का उपचार चल रहा है।

### 22 साल के युवक की डंडे से पीट-पीटकर हत्या

**गोरखपुर।** गोरखपुर में एक युवक की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उसके बाद हमलावर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि शनिवार को एक अन्य युवक से किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद उसने अपने पिता के साथ मिलकर उस मार डाला। घटना गगहा इलाके के सोनइचा में शनिवार की रात की है। सुबह गांव वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं, पुलिस आरोपी बाप- बेटे की तलाश में दबिश दे रही है। गगहा इलाके के दूदापार निवासी उमेश (22) शनिवार की रात सोनइचा स्थिति एक खेत में मक्की की फसल की रखवाली के लिए सोया था। रात में खेत में छुट्टा पशुओं की आशंका को लेकर वह जोर-जोर से टीन बजाने लगा। टीन की आवाज से नाराज खेत के बगल में स्थित घर के लोगों ने खेत में पहुंचकर उमेश को टीन बजाने से मना किया। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। कुछ ही देर में विवाद बढ़कर मारपीट में तब्दील हो गया। मारपीट के दौरान उमेश के गर्दन पर लाठी लग गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी पिता-पुत्र मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो घटना की जानकारी हुई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। उमेश की मां बरसाती देवी ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया है।

### हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर किसान की मौत

हरदोई। हरदोई में खेत से जानवरों के लिए चारा काट कर वापस लौट रहा किसान रास्ते में टूटे पड़े हाइटेंशन बिजली के तार की चपेट में आ कर झुलस गया। आनन फानन में उसे हरदोई के मेडिकल कालेज लाया जा रहा था, उसी बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि साण्डी थाने के लक्ष्मण पुरवा निवासी 42 वर्षीय अश्वनी कुमार पुत्र रामदास खेती-किसानी का काम करता था। शनिवार को वह जानवरों के लिए खेत से चारा काटने गया हुआ था। वहीं से देर शाम को घर वापस लौट रहा था। उसी बीच उसका पैर रास्ते में टूटे पड़े हाइटेंशन बिजली के तार पर पड़ जाने से वह करंट की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया। इसका पता होते ही वहां काफी लोग पहुंच गए। आनन-फानन में बंदोबस्त कर उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले जाया जा रहा था। उसी दौरान उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। अश्वनी कुमार के परिवार में एक बेटी कामिनी और दो बेटे गोविंद व आदर्श हैं। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

# अधिकारी जनता को कराएं संवेदनशील सरकार का एहसास : सीएम योगी

## योगी ने 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान रविवार को जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और में मौजूद अधिकारियों को हिदायत दी कि जनता की हर समस्या का निराकरण कराएं जिससे जनता को हर पल संवेदनशील और हर संकट में साथ खड़ी रहने वाली सरकार का एहसास होना चाहिए।



मुख्यमंत्री रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से बेहद अपनेपन से कहा कि चिंता नहीं करिए, घबराइए बिलकुल मत, हर शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि समस्या कोई हो उसका समाधान कराएंगे।

कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक.एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। उनके रहते किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया।

जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें।

मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। कुछ महिलाएं अपने बच्चों को लेकर आई थीं।

मुख्यमंत्री ने बच्चों को दुलारकर आशीर्वाद दिया। उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा और चॉकलेट गिफ्ट कर उन्हें खूब पढ़ने को प्रेरित किया।

## जौनपुर के दो शिक्षकों ने फिर बढ़ाया पूर्वांचल विश्वविद्यालय का मान

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की पूर्व संकायाध्यक्ष एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. वंदना राय और केमिस्ट्री विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ मिथिलेश यादव ने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए द्वारा जारी विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में लगातार तीसरे वर्ष भी जगह बनाई है द्य इन वैज्ञानिकों की अन्तर्राष्ट्रीय उपलब्धि से पूर्वांचल विश्वविद्यालय का सम्मान बढ़ा है ।

प्रो. वंदना राय पिछले 24 वर्षों से अधिक समय से बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में मानव आणविक अनुवांशिकी में स्वास्थ्य सम्बन्धी विषयों और फोलिक एसिड से सम्बंधित जींस समेत अनेक बीमारियों को प्रभावित करने वाले सिंगल न्युक्लीओटाइड पोलीमोर्फिस्म पर महिलाओं व ग्रामीण क्षेत्र की जनता के लिये कार्य कर रहीं हैं ।

प्रो. वंदना राय मुख्य रूप से विभिन्न जन्मजात, न्यूरोलॉजिकल, मानसिक, कैंसर तथा आयु से सम्बंधित बीमारियों पर शोध कार्य कर रही हैं द्य साथ ही उनके द्वारा इन बीमारियों के बारे में पूर्वांचल की जनता को लगातार जागरूक किया जा रहा हैं । प्रो. राय के 100 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकशित हो चुके हैं । उन्हें उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु शिक्षक श्री सम्मान हेतु भी चयनित किया गया है । इसके अतिरिक्त उन्हें पूर्व में कई अन्य पुरस्कार/सम्मान प्राप्त हो चुके है । प्रो. वंदना राय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के साथ-साथ कई परियोजनाएं प्राप्त हुई हैंद्य वे कई देशों का शैक्षणिक भ्रमण भी कर चुकीं हैं ।

डॉ मिथिलेश यादव एक दशक से अधिक समय से पॉलीमर केमिस्ट्री के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं , अब तक उनके 65 अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं ।

डॉ मिथिलेश यादव को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के साथ-साथ विभिन्न एजेंसीज से कुल 30 लाख की रिसर्च ग्रान्ट प्राप्त हो चुकी है ।

## 15 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**मैनपुरी।** मैनपुरी की थाना पुलिस और आबकारी विभाग को मुखबिर की सूचना पर सफलता हाथ लगी है। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर ट्रैक्टर ट्राली में भूसे के नीचे छुपा कर ले जाई जा रही अवैध अंग्रेजी शराब को दो तस्करों के साथ बरामद किया है। जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है।

पुलिस ने दोनों तस्करों को न्यायालय में पेश कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। वहीं अवैध शराब की बिक्री करने बाले कारोबारियों की तलाश में जुटी है।

अवैध शराब को पकड़ने का मामला करहल थाना क्षेत्र से गुजरने वाले आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 96 के पास का बताया जा रहा है। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि यह सफलता आबकारी विभाग और थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मुखबिर की सूचना पर मिली है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 96 पर लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर में लगी पीली ट्राली में अवैध शराब तस्कर भूसे के नीचे शराब को छुपा कर ले जा रहे हैं।

पुलिस ने मुखबिर की बताई सूचना पर विश्वास कर घेराबंदी कर उक्त ट्रैक्टर को पकड़ लिया। जिस पर सवार चमन पुत्र काश्मीर निवासी गांव रिठाक थाना रोहतक हरियाणा तथा निक्की पुत्र जय भगवान निवासी ग्राम मोही थाना रोहतक हरियाणा को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

## हीरो एजेंसी व कपड़ा शो रूम में भीषण आग, करोड़ों का नुकसान

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के कस्बा सहार में रविवार की सुबह कपड़े के एक शोरूम एवं हीरो मोटोकॉर्प की एजेंसी में बिजली के शॉर्ट सर्किट से से आग लग गयी। इस दुर्घटना में करोड़ों के नुकसान की आशंका जतायी जा रही है।



घटना की जानकारी तब हुई जब पास में स्थित एक इंटर कॉलेज के कर्मचारी ने बिल्डिंग से धुआं निकलते देखा जिसकी जानकारी उसने मालिक को दी। मालिक व आसपास के लोग ने सबमर्सिबल आदि चलाकर आग बुझाने के प्रयास शुरू किये और साथ ही इसकी जानकारी पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की नौ गाड़ियों के प्रयास से करीब तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक कपड़ा शो रूम व हीरो एजेंसी पर खड़ी बाइकों समेत सभी सामान जलकर राख हो गया। आग लगने से करीब 3-4 करोड़ रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कस्बा सहार निवासी संजीव अग्निहोत्री की बेला-दिबियापुर रोड़ पर जगदीश चन्द्र इंटर कालेज गेट के पास बनी कामर्शियल बिल्डिंग में नीचे स्वास्तिक क्लॉथ हाउस के नाम से कपड़े का शोरूम व ऊपर स्वास्तिक हीरो कॉप के नाम से मोटरसाइकिल एजेंसी व वर्कशॉप है। रविवार की सुबह लगभग 8 बजे शॉर्ट सर्किट के चलते बिल्डिंग में आग लग गई। पास ही एक विद्यालयकर्मी ने 9 बजे बिल्डिंग में पीछे से धुंआ निकलते देखा तो इसकी सूचना एजेंसी मालिक संजीव अग्निहोत्री को दी।

सूचना मिलते ही संजीव आनन फानन शो रूम पर पहुंचे और किसी तरह शो रूम का शटर खोला तो अंदर लगी आग की तेज लपटें बाहर निकलने लगीं। साथ ही कांच के शीशे तेज आवाज के साथ टूटकर बिखरने लगे। इसके अलावा बाइको में भरे पैट्रोल के कारण तेज धमाकों की आवाजें सुनाई देने लगीं। एजेंसी मालिक व आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आज पड़ोस के लोग आग बुझाने का प्रयास करने लगे एवं मौके से ही दमकल को सूचना दी गई जो सूचना मिलने के बात करीब एक घंटा देरी से पहली दमकल पहुंची जिससे लोगों में आक्रोश देखने को मिला। हालांकि कि कुछ समय बाद ही औरैया, तिर्वा (कन्नौज) व कानपुर देहात से दमकल की आठ और गाडियां पहुंच गयीं। जिनके प्रयास से करीब तीन घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया।

# पीलीभीत में सड़क हादसे में दंपति समेत चार की मौत

## खड़ी पिकअप से टकराई कार, दो लोग घायल, नैनीताल घूमने जा रहा था परिवार

**पीलीभीत।** पीलीभीत में रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। लखनऊ से नैनीताल जा रही आल्टो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी पिकअप से टकरा गई। हादसे में कार सवार दंपति समेत चार लोगों की मौत हो गई। इसमें मृतक की दो चचेरी बहनें भी हैं। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई।



कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। पुलिस ने किसी तरह फंसे शवों को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। हादसा सेहरामऊ इलाके के पीलीभीत-सीतापुर हाईवे पर हुआ।

लखनऊ के मोहल्ला खदरा निवासी अबदुल्ला अपने परिवार के साथ कार से नैनीताल घूमने जा रहे थे। उनके साथ में उनकी दो चचेरी बहनें बतूल (21), मरियम (21), उनकी पत्नी सायमा (23), बेटी आबिया और रिश्तेदार अमीन था।

कार अब्दुल्ला चला रहे थे। रविवार सुबह अब्दुल्ला को झपकी आने पर कार अनियंत्रित हो गई और हाईवे किनारे खड़ी पिकअप से टकरा गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई।

राहगीरों ने हादसा देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। कार बुरी क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। किसी तरह सभी लोगों को बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक अबदुल्ला, बतूल, मरियम और सायमा की मौत हो चुकी थी। वहीं आबिया और अमीन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तुरंत घायलों को अस्पताल भेजा। बताया जा रहा है कि अब्दुल्ला लखनऊ के फातिमा अस्पताल में इंजीनियर थे। दो साल पहले ही उनकी शादी हुई थी। अचानक रात में सभी ने घूमने का प्लान बनाया। मामले पर जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया सड़क हादसे की जानकारी लगी है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को उपचार के लिए भिजवाया है। मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। परिजनों को मामले की सूचना दे दी गई है।

## पुलिस ने 24 घंटे में ढूंढ़ निकाला चोरी हुआ ट्रक

बुलन्दशहर। उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर की खुर्जा पुलिस ने जबरदस्त सक्रियता दिखाते हुए चोरी किए गए ट्रक को 24 घंटे के अंदर बरामद कर एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस क्षेत्राधिकार खुर्जा दिलीप सिंह ने आज बताया कि 01 सितंबर 2023 को चोरों ने खुर्जा जंक्शन रोड स्थित एक पेट्रोल पंप से 12टायर हाइड्रा ट्रक चोरी कर लिया था। उक्त ट्रक में 2 जीपीएस सिस्टम लगे हुए थे इनमें एक जीपीएस सिस्टम को चोरों ने निकाल दिया था परंतु दूसरे के विषय में उन्हें पता नहीं लग पाया था उसी जीपीएस से खुर्जा पुलिस ट्रक को ट्रैक कर रही थी और इसी क्रम में शनिवार 2 सितंबर की रात में पुलिस ने ट्रक को हरियाणा राज्य के जनपद पलवल के हथीन कस्बे से ट्रक को अपनी गिरफ्त में लिया। पुलिस पूछताछ में ट्रक चालक ने अपना नाम इरशाद पुत्र असरु निवासी ग्राम व थाना उटावड़ जनपद पलवल (हरियाणा) बताया। उसने पुलिस को विक्रम नामक एक अन्य चोर के बारे में भी जानकारी दी।

## केशव मौर्य के बेटे पर जमीन कब्जाने का आरोप

**कौशांबी।** कौशांबी में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के बड़े बेटे योगेश मौर्य पर जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगा है। शनिवार को विरोध में आस-पास के लोगों ने पथराव और तोड़फोड़ की। हंगामा बढ़ता देख पुलिस और प्रशासन के सीनियर अफसर मौके पर पहुंचे। मामले को किसी तरह से शांत कराया।



जिस जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया जा रहा है। वह योगेश मौर्य के स्कूल के सामने की जमीन है। फिलहाल, इस पूरे मामले में प्रशासन ने चुप्पी साध ली है। उनका सिर्फ यही कहना है कि नाप-जोख के बाद ही कुछ कह सकते हैं।

### स्कूल के प्रबंधक हैं डिप्टी सीएम के बेटे

सरदार पटेल नगर में आर्य पब्लिक स्कूल है। इसके प्रबंधक स्कूल डिप्टी सीएम के बड़े बेटे योगेश मौर्य हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शनिवार दोपहर करीब 1 बजे स्कूल से सटी जमीन पर एक लोहे का बड़ा सा कंटेनर क्रेन से लाकर रख दिया। इसके बाद जेसीबी से मिट्टी बराबर करा दी गई। अब उस पर निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है।

इस बात की भनक लगते ही गांव के लोग जुट गए। ग्रामीण कंटेनर रखे जाने का विरोध करने लगे। ग्रामीणों ने विरोध करते हुए कहा कि यह जमीन हमारी है। इसके बाद स्कूल प्रबंधन और ग्रामीणों में झड़प हो गई। फिर ग्रामीणों ने कंटेनर में तोड़-फोड़ कर दी। बवाल की सूचना पर एसडीएम मंझनपुर आकाश कुमार और सीओ अभिषेक सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। किसी तरह से ग्रामीणों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।

## कानपुर में गैजेटिंग ऑफिसर का पेपर लीक

**कानपुर।** कानपुर में रविवार को रामचरण आरडी कन्या महाविद्यालय में गैजेटिंग ऑफिसर की परीक्षा लीक होने होने का मामला सामने आया है। यह सीडीपीएमडी ग्रुप लेवल-ए की परीक्षा है। परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों का आरोप है कि जब हम लोग वहां गए, तो पहले से ही अंदर परीक्षा चल रही थी। कुछ छात्र-छात्राओं को ही बाहर खड़ा रखा गया था। इस बात का हमने विरोध किया।



इस पर विद्यालय प्रशासन ने भविष्य खराब करने की धमकी दी। इसके बाद खुद ही पुलिस को बुला लिया। लेकिन, छात्रों के हंगामे के आगे पुलिस बैकफुट पर आ गई। इसके बाद किसी तरह छात्रों को दोबारा परीक्षा का कराने का आश्वासन देकर शांत कराया।

### 11 से 1 बजे तक होनी थी ऑनलाइन परीक्षा

परीक्षार्थियों ने बताया,यह परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक होनी थी। रिपोर्टिंग टाइमिंग 9 बजे की थी। लेकिन, यहां पर पहुंचने पर विद्यालय प्रबंध कुछ लोगों को ही अंदर प्रवेश दे रहा था। बाकी बच्चे बाहर खड़े हुए थे।

उन लोगों की बायोमेट्रिक भी नहीं कराई जा रही थी। सीधे प्रवेश दिया जा रहा था। लैब एक और दो में परीक्षा शुरू भी हो गई। लेकिन, लैब तीन और चार में परीक्षार्थियों को प्रवेश भी नहीं दिया गया। 11 बजने से 5 मिनट पहले जब छात्राओं ने हंगामा करना शुरू किया, तो सभी को तुरंत प्रवेश दे दिया। किसी की भी बायोमेट्रिक भी नहीं कराई।

## बस्ती में नहर में मिला युवती का हाथ-पैर बंधा शव

**बस्ती।** बस्ती के दुबौलिया थाना क्षेत्र के गोकुलपुर गांव के निकट सरयू नहर पुलिया से एक युवती का बोरे में बंधा शव मिला है। युवती के शव के हाथ पैर कपड़े से बांध कर बोरे में रखा गया था। सूचना पर पहुंची दुबौलिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवती की हत्या कर शव को बोरे में भरकर फेंके जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। जानकारी के अनुसार दुबौलिया थाने से करीब पांच सौ मीटर दूर गोकुलपुर गांव के पास नहर की पुलिया में एक बोरे से दुर्गंध उठने की सूचना ग्रामीणों ने दुबौलिया पुलिस को दी।। मौके पर पहुंची दुबौलिया पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बोरे को नहर पुलिया से पानी से बाहर निकाला। बोरे को खोल कर देखा तो उसमें एक युवती का शव पड़ा था। जिस का हाथ पैर कपड़े से बंधा हुआ था। युवती के शव को देखने से वह कई दिनों पुराना लग रहा था। जिससे काफी दुर्गंध उठ रही थी।

# ललितपुर में मां ने दो बच्चों के साथ खाया जहर, मां-बेटी की मौत

## बेटे की हालत गम्भीर; पति से मोबाइल को लेकर हुआ था विवाद



**ललितपुर।** ललितपुर में रविवार की दोपहर मां ने अपने दो बच्चों के साथ जहर खा लिया। इस दौरान मां-बेटी की मौत हो गई। वहीं दो साल के बेटे की हालत गम्भीर बनी हुई है। उसको उपचार के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला माथुरा नगर में कल्लू (28) अपनी पत्नी वैष्णवी (25) और दो बच्चों वैशाली (6), छोटू उर्फ अब्बू (2) के साथ रहता है। पति कल्लू पल्लेदारी का काम करता है। वैष्णवी अभी एक दिन पहले अपने मायके आई थी।

रविवार की दोपहर 1 बजे के आस-पास वैष्णवी का अपने पति से मोबाइल को लेकर विवाद हो गया है। इसके बाद पति पल्लेदारी करने मंडी चला गया।

उसके जाने के बाद वैष्णवी ने अपने दोनों बच्चों को जहर पिला दिया। इसके बाद खुद भी जहर पी लिया। जहर खाने से तीनों की हालत बिगड़ गई।

### बेटे की हालत गंभीर

पड़ोसियों व जेठानी ने उन लोगों को इस हालत में देखा तो डायल 108 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस तीनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गई। जहां चिकित्सकों ने मां वैष्णवी और बेटी वैशाली को मृत घोषित कर दिया। वहीं बेटे छोटू उर्फ अब्बू की हालत गम्भीर बनी हुई है। बेटे को उपचार के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी लगने पर शहर कोतवाल जिला अस्पताल पहुंचे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर ने बताया कि मां बेटी की मौत हुई है। बेटे की हालत गम्भीर है। मामले की जांच की जा रही है।

## शार्ट न्यूज

### जेपीसीएल द्वारा 19वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन



एनएचपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, जलपावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जेपीसीएल) ने 02 सितंबर, 2023 को सिक्कीप, जिला: सोरेंग, सिक्किम स्थित अपने साइट ऑफिस से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी 19वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की। बैठक के दौरान, बिश्वजीत बासु, अध्यक्ष, जेपीसीएल ने वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित किया। इस वार्षिक आम बैठक में जेपीसीएल बोर्ड के सदस्य आर.पी. शर्मा, यू.एस. साही, अनुज कपूर और ंजूषा मिश्रा उपस्थित रहीं। इस दौरान राम स्वरूप, सीईओ, जेपीसीएल, डॉ. त्रिलोचन बेहरा, सीएफओ, जेपीसीएल, प्रियंका, सीएस, जेपीसीएल, सुशील दास ,सांविधिक लेखापरीक्षक, जेपीसीएल और गरिमा दुग्गल, सचिवीय लेखापरीक्षक, जेपीसीएल भी उपस्थित थी। वार्षिक आम बैठक के दौरान अध्यक्ष ने कंपनी के प्रदर्शन और निर्माणाधीन परियोजनाओं की स्थिति का उल्लेख किया।

### नवीन जिंदल को राहत, पासपोर्ट के नवीनीकरण के लिए कोर्ट से मिली एनओसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कोयला घोटाला मामले में आरोपी कांग्रेस नेता और उद्योगपति नवीन जिंदल को राहत दे दी है। कार्ट ने उनके पासपोर्ट के नवीनीकरण के लिए अनापत्ति यानी एनओसी दे दी है। इस बीच विशेष न्यायाधीश अरुण भारद्वाज ने कहा कि आदेश केवल अनापत्ति के लिए था। जिंदल के पासपोर्ट के नवीनीकरण के लिए किसी प्राधिकारी को कोई निर्देश नहीं दिया गया है। न्यायाधीश ने दो सितंबर को पारित आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता के वकील पर भरोसा करते हुए विभिन्न फैसलों पर विचार करने के बाद यह अदालत आरोपी के पासपोर्ट के नवीनीकरण को लेकर इसे 10 साल की पूरी अवधि की वैधता के साथ अनापत्ति देना उचित समझती है। जिंदल झारखंड में अमरकोंडा मुर्गदंगल कोयला खान आवंटन में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में आरोपी हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनकी याचिका का विरोध नहीं किया था। जिंदल के पासपोर्ट की वैधता अवधि अगले साल मई में खत्म हो जाएगी।

### विमानन शेयरों की थम सकती है रफ्तार, कच्चे तेल की बढ़ती कीमत जिम्मेदार

बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों और जुलाई-सितंबर तिमाही में सुस्त यात्री आवाजाही ने लिस्टेड विमानन कंपनियों के मुनाफे को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इन दो चिंताओं ने इस क्षेत्र में सबसे बड़ी कंपनी इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो) के शेयर को भी प्रभावित किया है। यह शेयर जुलाई के अंत में दर्ज किए गए अपने ऊंचे स्तरों से करीब 11 प्रतिशत तक गिर चुका है। नुवामा रिसर्च का मानना है कि बदलते मौसम, बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों और ऊंची क्षमता की वजह से अल्पावधि में प्रतिफल नरम पड़ने की संभावना है। कच्चे तेल की कीमतें जुलाई के शुरू से 18 प्रतिशत तक चढ़ी हैं और वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में विमानन कंपनियों की ईंधन लागत में इजाफा होने का अनुमान है। तेल विपणन कंपनियों ने विमानन ईंधन यानी अस्त्र की कीमतें 1 सितंबर को 14.1 प्रतिशत तक बढ़ा दी। ओएमसी द्वारा यह लगातार तीसरी कीमत वृद्धि है और इसके साथ ही 1 जून से अब तक कुल तेल कीमत वृद्धि 26 प्रतिशत हो गई है। कच्चे तेल और विमानन तेल कीमतों के बीच बढ़ते अंतर की वजह से ब्रोकरों ने एटीएफ कीमतों में दो अंक वृद्धि का अनुमान जताया था, जिससे सितंबर तिमाही के लिए अनुमान में संशोधन को बढ़ावा मिला। वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में पिछले मुनाफे के अनुमान की तुलना में कुछ नुकसान देखा जा सकता है। IIFL रिसर्च के विश्लेषक जोसफ जॉर्ज के अनुसार, ATF कीमत में 10 प्रतिशत वृद्धि से प्रतिफल में महज 4 प्रतिशत वृद्धि तक दर्ज की जा सकती है।

### जमकर बिक रहे घर और ऑफिस

आवासीय और कमर्शियल रियल एस्टेट क्षेत्र को बैंक कर्ज जुलाई में सालाना आधार पर 38 प्रतिशत बढ़ा है। इससे रियल एस्टेट क्षेत्र का कुल बैंक कर्ज का बकाया रिकॉर्ड 28 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आरबीआई के बकाया ऋण आंकड़ों और संपत्ति सलाहकारों (प्रॉपर्टी कंसल्टैंट) के घर बिक्री और प्रमुख शहरों में नई परियोजनाओं के आंकड़ों से यह स्पष्ट हो गया है कि रियल एस्टेट क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। आरबीआई के 'बैंक कर्ज का क्षेत्रवार आवंटन-जुलाई, 2023' के आंकड़ों के अनुसार, आवासीय क्षेत्र में बकाया ऋण (प्राथमिकता श्रेणी सहित) जुलाई में सालाना आधार पर 37.4 प्रतिशत बढ़कर 24.28 लाख करोड़ रुपये हो गया है। कमर्शियल रियल एस्टेट क्षेत्र में बकाया ऋण सालाना आधार पर 38.1 प्रतिशत वृद्धि के साथ 4.07 लाख करोड़ रुपये हो गया। आरबीआई के आंकड़ों पर एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, 'कमर्शियल ऑफिस सेगमेंट पिछले साल महामारी के दबाव से जूझ रहा था क्योंकि कंपनियां पूर्ण रूप से कार्यालय से काम, घर से काम या हाइब्रिड (कहीं से भी काम) मॉडल के आसपास रणनीतियों पर विचार कर रहे थीं।

### भारत ने कम किया रूस, इराक, अमेरिका से कच्चे तेल का आयात

मानूसन की बारिश की वजह से मांग घटने के चलते अगस्त में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात घटकर सात माह के निचले स्तर पर आ गया है। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता देश भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात अगस्त में लगातार तीसरे महीने घटा है। ऊर्जा की खेप पर निगाह रखने वाली कंपनी 'वॉर्टेक्सा' के आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में भारत ने रूस से प्रतिदिन 14.6 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा। इससे पिछले महीने भारत ने रूस से प्रतिदिन 19.1 लाख बैरल तेल खरीदा था। इसके अलावा भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने एक अन्य टॉप सप्लायर इराक से भी आयात घटाया है। इराक से आयात 8,91,000 बैरल प्रतिदिन से घटकर 8,66,000 बैरल प्रतिदिन रह गया है। आंकड़ों से पता चलता है कि इस दौरान सऊदी अरब से आयात जुलाई के 4,84,000 बैरल प्रतिदिन से बढ़कर 8,20,000 बैरल प्रतिदिन हो गया है। पिछले साल फरवरी में रूस-यूक्रेन संघर्ष शुरू होने से पहले भारत के तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी एक प्रतिशत से भी कम थी। दरों पर रूसी तेल मिलने की वजह से उसके बाद भारतीय रिफाइनरी कंपनियों से रूस से आयात बढ़ाना शुरू किया। मई में रूस से कच्चा तेल आयात 20 लाख बैरल प्रतिदिन के उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

### हर संस्थान क्वालिटी कंसेप्ट अपना रहा है

ग्वालियर। क्वालिटी सर्किल फोरम आफ इंडिया के नेशनल प्रेसीडेंट अविनाश मिश्रा ने कहा कि अब पूरे देश में उद्योगों के साथ-साथ हर संस्थान क्वालिटी कंसेप्ट अपना रहा है, जिसके सुखद परिणाम आये हैं। मिश्रा क्यूसीएफआई ग्वालियर के 39वें क्वालिटी कन्वेंशन को संबोधित कर रहे थे। यह आयोजन ट्रिपल आईटीएम में आयोजित हुआ। उन्होंने कहा कि क्यूसीएफआई की अवधारणा से न केवल उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ी है बल्कि प्रोडक्शन की बढा है और उद्योगों में होने वाले हादसे भी समाप्त हुये हैं। जेके टायर के वाइस प्रेसीडेंट वर्क्स अशोक सिंह ने कहा कि हमको अपने संस्थानों में बेहतर उत्पाद, श्रमिकों की कार्यक्षमता में बेहतर सुधार और सुरक्षा सावधानियों को लेकर क्वालिटी सर्किल फोरम आफ इंडिया क्यूसीएफआई की अवधारणा को अनिवार्य तौर पर अपनाना होगा। ट्रिपल आईटीएम के डायरेक्टर डा. एसएन सिंह ने भी वर्तमान बदलते समय में क्वालिटी कंसेप्ट की अवधारणा अपनाने पर जोर दिया।

# एक साल में उत्पादन शुरू कर सकता है यीडा टॉय पार्क

## टॉय पार्क के माध्यम से पीएम मोदी के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रही योगी सरकार

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत व मेक इन इंडिया मिशन को साकार करने में यूपी अग्रणी राज्य के रूप में पहचान बना रहा है। इस दिशा में सीएम योगी के मार्गदर्शन में प्रदेश में कई परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) में निर्माणाधीन टॉय पार्क क्लस्टर भी इसमें एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो रहा है। सेक्टर 33 में स्थापित हो रहे इस टॉय पार्क में लगातार औद्योगिक इकाइयों का शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम किया जा रहा है। संभावना है कि अगले एक वर्ष में यहां लगने वाली औद्योगिक इकाइयां अपना उत्पादन भी शुरू कर देंगी। यानि जल्द ही इस टॉय पार्क की मदद से भारत की खिलौना मार्केट चीन को पछाड़कर विश्वपटल पर अपनी बादशाहत कायम करने की दिशा में आगे बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि भारत में बनने वाला खिलौना दुनिया के करीब 50 देशों में एक्सपोर्ट किया जाता है। इस टॉय पार्क के निर्माण के बाद अधिक उत्पादन के साथ ही अधिक एक्सपोर्ट भी सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### 142 भूखंडों का किया गया आवंटन

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अध्यक्ष अनिल कुमार सागर ने शनिवार को ही सेक्टर 33 में स्थापित किए जा रहे टॉय पार्क मैं औद्योगिक इकाइयों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। प्राधिकरण द्वारा सेक्टर 33 में 100 एकड़ क्षेत्रफल पर टॉय पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। प्राधिकरण द्वारा इसमें विभिन्न श्रेणी के 142 भूखंडों का आवंटन किया गया है, जिनमें से 91 इकाइयों को चैक लिस्ट जारी की जा चुकी है तथा 39 इकाइयों द्वारा लीज डीड की कार्रवाई संपन्न की जा चुकी है। आज इस औद्योगिक टॉय पार्क क्लस्टर में फैक्टरी निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। द टॉय एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय अग्रवाल के अनुसार आगामी एक वर्ष में कई फैक्ट्रियों का निर्माण कार्य पूर्ण कर उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि विगत कुछ वर्ष में खिलौनों के इंपोर्ट में कमी आई है, जबकि एक्सपोर्ट को बढ़ाया गया है। यह एक्सपोर्ट 60 परसेंट के करीब है। यह प्रधानमंत्री जी के मेक इन इंडिया मिशन को पूरी तरह से साकार कर रहा है। उन्होंने उद्यमियों से अपील भी की है कि सभी को बेस्ट क्वालिटी के खिलौनों का निर्माण इस टॉय पार्क में करना चाहिए। आज के समय में देश में खिलौना उद्योग में काफई स्कोप है, जिसका सभी को लाभ उठाना चाहिए।

### टॉय पार्क क्लस्टर में लग रहे ये उद्योग

इस क्लस्टर में सॉफ्ट टॉयस, इलेक्ट्रॉनिक टॉयस, लकड़ी के खिलौने, राइड ऑन टॉयस, स्लाइड्स, बोर्ड गेम्स, प्लास्टिक टॉयस, प्लेग्राउंड इक्विपमेंट टॉयस आदि का निर्माण किया जाएगा। टॉय इंडस्ट्री की दिग्गज कंपनियां यहां आवंटित भूखंडों पर सॉफ्ट टॉय मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, राइड ऑफ टॉय यूनिट, इलेक्ट्रॉनिक टॉय मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, मैकेनिकल टॉयज के अलावा इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसफॉर्मर्स फॉर टॉयज एंड इलेक्ट्रिकल टॉयज जैसी यूनिट्स स्थापित करेंगी। इनमें फन जू टॉयज इंडिया, फन राइड टॉयज एलएलपी समेत कई अन्य कंपनियां शामिल हैं।

### 5 एकड़ में बन रहा कॉमन फैसिलिटी सेंटर

प्राधिकरण द्वारा टॉय पार्क क्लस्टर में पांच एकड़ क्षेत्रफल में कॉमन फैसिलिटीज सेंटर का भी निर्माण किया जा रहा है। यमुना प्राधिकरण का टॉय क्लस्टर देश का सबसे बड़ा टॉय क्लस्टर है। टॉय क्लस्टर में काफी रोजगार की भी संभावनाएं हैं। जानकारी के अनुसार इस टॉय पार्क क्लस्टर के निर्माण से करीब 1100 करोड़ रुपए का निवेश तथा 6000 लोगों के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का भी सृजन होने की संभावना है।

### सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर

भारत सरकार की पीएलआई स्कीम के अन्तर्गत जो भी सुविधाएं आवश्यक हैं वह भी प्राधिकरण द्वारा दी जा रही हैं। टॉय एसोसिएशन की डिमांड के आधार पर इस टॉय पार्क में नियोजन किया गया, जो की मूर्त रूप प्राप्त कर रहा है। प्राधिकरण द्वारा इस सेक्टर में विकास कार्य जिनमें मुख्यत: रोड, सीवरेज, इलेक्ट्रिकल लाइन्स, पानी की व्यवस्था आदि किए गए हैं। उद्यमियों को सुरक्षा व ट्रांसपोर्ट की बेहतर सुविधा प्रदान की जाएगी। बिजली पानी सड़क कनेक्टिविटी इस क्लस्टर को उपलब्ध रहेगी।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे में तेजी लाने के निर्देश

## 21 जिलों के समस्त गांवों में समय के अंदर डिजिटल क्रॉप सर्वे पूर्ण किया जाए

**लखनऊ।** प्रदेश में डिजिटल क्रॉप सर्वे को लेकर योगी सरकार ने जिलों को और तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। जिन 21 जिलों में सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां डीएम की अगुवाई में सभी गांवों में क्रॉप सर्वे को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं सर्वे के काम में तेजी लाने के लिए सर्वेयर की संख्या बढ़ाने को भी कहा गया है। यह भी निर्धारित किया गया है कि प्रति सर्वेयर माह में 1500 प्लॉट्स और 45 दिन में 2250 प्लॉट्स का सर्वे सुनिश्चित किया जाए। साथी ही, 54 जिलों के 10 राजस्व ग्रामों में आगामी 15 दिनों में सर्वे पूरा करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में डिजिटल क्रॉप सर्वे प्रगति पर है। इसके लिए स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (एसपीएमयू) की स्थापना की गई है, जबकि 10 सेक्टर्स में हेल्प डेस्क भी



संचालित की जा रही है। सर्वेयर्स को इंटरनेट कनेक्टिविटी और पावर पैक से जोड़ा गया है।

### मिर्जापुर में सर्वाधिक प्लॉट्स का हुआ सर्वे

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष कृषि विभाग के प्रस्तुतिकरण में बताया गया है कि 21 जिलों में डिजिटल क्रॉप सर्वे पूर्ण कर लिया गया है, जबकि 54 जिलों में यह प्रगति पर है। इसमें मिर्जापुर में सर्वाधिक 2607 प्लॉट्स में डिजिटल क्रॉप सर्वे कर लिया गया है। इसके बाद प्रतापगढ़ (2543), सुल्तानपुर (2370), जालौन (2047), झांसी (2027), फर्रूखाबाद (1486), फिरोजाबाद (1183), गाजीपुर (1147), देवरिया (1136) और ललितपुर (1124) शामिल है। मिर्जापुर में सर्वाधिक 17 राजस्व ग्रामों में डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जा चुका है।

### सटीक रिपोर्टिंग से कृषि सेक्टर की बढ़ेगी जीडीपी

डिजिटल क्राप सर्वे की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि सर्वे कार्य की सही रिपोर्टिंग राजस्व कर्मियों के काम को आसान और बेहतर बनाने के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर ई-सर्वे कराया जा रहा है। उन्होंने ई-पड़ताल का नाम ई-खसरा (ई-पड़ताल) रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ई-पड़ताल के तमाम फायदे हैं। प्राप्त आंकड़ों का उपयोग प्लानिंग टूल के रूप में किया जाएगा। इससे न केवल फसल के सटीक आंकड़े प्राप्त होंगे और रियल टाइम होंगे, बल्कि किस फसल का उत्पादन कम है या अधिक होगा, इसकी जानकारी पहले से होने से कार्यवाही की जा सकेगी। सटीक रिपोर्टिंग से जनपद के कृषि सेक्टर की जीडीपी भी बढ़ेगी। बैठक में बताया गया कि सभी 75 जनपदों (21 जनपदों में पूर्ण रूप से तथा 54 जनपदों के 10 राजस्व ग्राम) में खरीफ फसल के डिजिटल क्राप सर्वे का कार्य शुरू हो गया है। 534 राजस्व ग्रामों में सर्वे का कार्य चल रहा है। 75 राजस्व ग्रामों का सर्वे का कार्य पूर्ण भी हो चुका है।

सर्वे में कहीं कोई बड़ी (मेजर) समस्या नहीं है, छोटी मोटी समस्याओं का हेल्प डेस्क द्वारा समाधान कराया जा रहा है। एप के माध्यम से बहुत आसानी से डाटा कलेक्शन हो रहा है।

### जिंसों में मिलाजुला रुख

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के प्रभाव में बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव में मिलाजुला रुख रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा सप्ताहांत पर 61 रिंगिट उबलकर 3895 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 63.12 सेंट प्रति पौंड के पिछले स्तर पर पड़ा रहा। सप्ताहांत पर सरसों तेल 220 रुपये और मूंगफली तेल 147 रुपये प्रति



क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 12674 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20879 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 13407 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 12088 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 9000 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11133 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। सप्ताहांत पर चना 100 रुपये, दाल चना 100 रुपये और उड़द दाल के भाव 100 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल में टिकाव रहा। सप्ताहांत पर चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 8000-8100, मूंग दाल 9100-9200, उड़द दाल 11300-11400, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : अनाज मंडी में मिश्रित रुझान रहा। साप्ताहांत पर गेहूं 50 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया जबकि चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2500-2600 रुपये और चावल 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में घटबढ़ रही।

# नारियल कृषि-व्यवसाय और निर्यात को बढ़ावा दें : शोभा

**करंदलाजे ने आज कासरगोड में आईसीएआर-सीपीसीआरआई के सहयोग से नारियल विकास बोर्ड द्वारा आयोजित 25वें विश्व नारियल दिवस समारोह का उद्घाटन किया**

**तिरुवनंतपुरम।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने शनिवार को कहा कि छोटे किसानों के लिए लाभकारी रिटर्न सुनिश्चित करने के लिए नारियल की खेती और प्रसंस्करण को एक वाणिज्यिक उद्यम के रूप में शुरू करने तथा निर्यात बाजार को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया है। करंदलाजे ने आज कासरगोड में आईसीएआर-सीपीसीआरआई के सहयोग से नारियल विकास बोर्ड द्वारा आयोजित 25वें विश्व नारियल दिवस समारोह का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों से उत्पादन, मूल्य संवर्धन और निर्यात-उन्मुख व्यापार में सुधार के लिए भारत की केंद्र सरकार की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं जैसे किसान सम्मान योजना, पीएम फसल भीम योजना तथा कृषि अवसंरचना कोष का उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रसंस्करण और उत्पाद



विविधीकरण की ओर बढ़ने की आवश्यकता के बारे में बताया जिससे बेहतर मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए खोपरा-केंद्रित प्रसंस्करण से नीरा, वर्जिन नारियल तेल और नारियल चिप्स जैसे अन्य उत्पादों की ओर बदलाव संभव हो सके। उन्होंने कहा किकिसान उत्पादक संगठन छोटे और सीमांत किसानों की सामूहिक शक्ति को मजबूत करके नारियल क्षेत्र में क्रांति ला सकते हैं। समारोह में मंत्री ने 10 नारियल उद्यमियों को सम्मानित भी किया।

वहीं सात उद्यमियों के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर एमओए पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा और गुजरात राज्यों के 500 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

# आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़े का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई।** विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की हुई लिवाली से बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत की मजबूती पर रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़ों का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 500.65 अंक अर्थात 0.8 प्रतिशत की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 65387.16 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 169.5 अंक यानी 0.9 प्रतिशत चढ़कर 19435.30 अंक पर पहुंच गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे सप्ताहांत पर मिडकैप 717.71 अंक अर्थात 2.3 प्रतिशत उछलकर 31435.62 अंक और स्मॉलकैप 1364.57 अंक यानी 3.8 प्रतिशत की छलांग लगाकर 37420.53 अंक पर रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, वर्तमान में, घरेलू आर्थिक प्रणाली का विस्तार जारी है। चालू वित्त वर्ष क पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) फिर से बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गया है, और पीएमआई सूचकांक भी 58.6 तक बढ़ गया है।

इसके अलावा, जनवरी 2021 के बाद से नए ऑर्डर में सबसे अधिक वृद्धि हुई, जो लगभग तीन वर्षों में सबसे



बड़ी वृद्धि है। चीन और अमेरिका जैसे देशों की मजबूत मांग से निर्यात नौ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, इस बीच रोजगार वृद्धि चार महीनों में सबसे धीमी रही। लेकिन, खरीददारी का स्तर तेजी से बढ़ा, जो 12 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि में से एक है, जिससे मुद्रास्फीति ऊंची बनी हुई। जैसे-जैसे देश की आर्थिक प्रणाली में तेजी आ रही है, बाजार में जोखिम वाली परिसंपत्तियों की मांग बढ़ गई है, जिससे निफ्टी 50 में तेजी का रुख है। अमेरिकी अनाज का रकबा बढ़ा, जो पिछले सात वर्ष में सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि है।

ब्राजील की मकई की फसल रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई, और काला सागर क्षेत्र के देशों ने मिलकर गेहूं की कीमतें कम कर दीं।

इससे बाजार में घबराहट धीरे-धीरे कम हो गई है। VIX संकेतकों से यह भी पता चलता है कि बाजार आर्थिक प्रणाली के बारे में अपेक्षाकृत आशावादी है लेकिन निकट भविष्य में जोखिम परिसंपत्तियों में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है।

चीन के अपने संकटग्रस्त बाजार को सहारा देने के लिए उपायों की घोषणा करने के बाद विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, दूरसंचार, कैपिटल गुड्स और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से सोमवार को सेंसेक्स 110.09 अंक की तेजी लेकर 64,996.60 अंक और निफ्टी 40.25 अंक चढ़कर 19,306.05 अंक पर पहुंच गया।

चीन के अपने संकटग्रस्त बाजार को सहारा देने के लिए उपायों की घोषणा करने से विश्व बाजार में जारी तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, यूटिलिटीज, धातु, पावर और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी मजबूती रही। सेंसेक्स 79.22 अंक की बढ़त लेकर 65075.82 अंक और निफ्टी 36.60 अंक बढ़कर 19342.65 अंक पर रहा। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सीडी, दूरसंचार, रियल्टी और टेक समेत चौदह समूहों में लिवाली होने के बावजूद बुधवार को सेंसेक्स 11.43 अंक की मामूली बढ़त लेकर 65,087.25 अंक और निफ्टी 4.80 अंक बढ़कर 19347.45 अंक पर सपाट बंद हुआ।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और सर्विसेज समेत ग्यारह समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार तीन दिन की तेजी पर ब्रेक लग गया।

सेंसेक्स 255.84 अंक लुढ़ककर 64831.41 अंक और निफ्टी 93.65 अंक की गिरावट लेकर 19253.80 अंक पर आ गया। विश्व बाजार के मजबूत रुझान के बीच चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर, अनुमान से अधिक मजबूत रहने की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 555.75 अंक की छलांग लगाकर 65,387.16 अंक और निफ्टी 181.50 अंक उछलकर 19,435.30 अंक पर पहुंच गया।

# आरोपी कपिल वधावन को नासिक जेल शिफ्ट किया गया

## कदाचार की रिपोर्ट्स के बाद अदालत ने दी मंजूरी

**मुंबई।** विशेष अदालत ने यस बैंक घोटाले के आरोपी कपिल वधावन को महाराष्ट्र की नासिक जेल भेजने का आदेश दिया है। अभी तक कपिल वधावन नवी मुंबई की तालोजा जेल में बंद थे, जिन्हें कदाचार की रिपोर्ट्स के बाद नासिक जेल भेजा गया है।

बता दें कि कपिल वधावन दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) के प्रमोटर हैं और उनके खिलाफ ईडी और सीबीआई धोखाधड़ी के मामलों की जांच कर रही हैं। पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के विशेष जज एमजी देशपांडे ने शुक्रवार को वधावन को स्थानांतरित करने का आदेश दिया। जिसके बाद तुरंत कपिल वधावन को तुरंत नासिक जेल भेज दिया गया।

दरअसल हाल ही में ऐसी कुछ मीडिया रिपोर्ट्स आई थी, जिनमें बताया गया कि कपिल वधावन और सह-आरोपी और भाई धीरज वधावन को कई बार इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दोनों ने अपने रिश्तेदारों, परिजनों से मुलाकात की और मोबाइल फोन और लैपटॉप का इस्तेमाल किया। इसकी खबरें मीडिया में आने के बाद जेल के उच्च अधिकारियों ने दोनों को अन्य जेल में स्थानांतरित करने की मांग करते हुए विशेष अदालत में आवेदन दिया। कपिल वधावन ने किसी गंभीर बीमारी के बारे में जानकारी नहीं दी है लेकिन जून से अगस्त 2023 के बीच 15 बार कपिल वधावन को अस्पताल ले जाया गया।

मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि कपिल वधावन को कई बार मेडिकल चेकअप के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन इस दौरान ना तो उनका कोई चेकअप हुआ और ना ही कोई इलाज हुआ। जज ने अपने आदेश में कहा कि यह नियम है कि अदलात को मीडिया रिपोर्ट्स या मीडिया ट्रायल्स से प्रभावित नहीं होना चाहिए लेकिन साथ ही अगर आरोपी की कदाचार से संबंधित असली तस्वीरें सामने आती हैं और उच्च अधिकारियों द्वारा इसे रिपोर्ट किया जाता है तो अदालत इन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

# विदेशी मुद्रा भंडार तीन करोड़ डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि कमी होने से 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन करोड़ डॉलर कम होकर 594.9 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 7.3 अरब डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 53.8 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 527.3 अरब डॉलर पर आ गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 53 करोड़ डॉलर बढ़कर 44.4 अरब डॉलर हो गया।

आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 1.1 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.2 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 5.1 अरब डॉलर रह गई।

## शार्ट न्यूज़

### मोहन बागान ने रचा इतिहास, बंगाल को हराकर रिकॉर्ड 17वीं बार जीता डूरंड कप



नई दिल्ली। कोलकाता के क्लब मोहन बागान ने डूरंड कप 2023 का खिताब अपने नाम कर लिया है। उसने रविवार (तीन सितंबर) को कोलकाता के सॉल्टलेक स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराया। मोहन बागान ने खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वह रिकॉर्ड 17वीं बार चैंपियन बना है। मोहन बागान के लिए मैच में इकलौता गोल दिमित्री पेट्रेटोस ने किया। उन्होंने 71वें मिनट में गेंद को गोलपोस्ट में डाला। मोहन बागान की टीम ने करीब आधे घंटे तक 10 खिलाड़ियों से खेलते हुए खिताब को अपने नाम किया। मोहन बागान ने 17वीं बार खिताब जीतकर ईस्ट बंगाल के ही रिकॉर्ड को तोड़ा है। ईस्ट बंगाल की टीम 16 बार चैंपियन बन चुकी है। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने सात और जेसीटी एफसी ने पांच बार खिताब अपने नाम किया है। ईस्ट बंगाल की टीम के पास 2004 के बाद पहली बार चैंपियन बनने का मौका था, लेकिन उसे निराशा हाथ लगी। दूसरी ओर, मोहन बागान की टीम साल 2000 के बाद पहली बार खिताब जीतने में कामयाब हुई है।

### राहुल का आज एनसीए में फिटनेस टेस्ट

टीम इंडिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल का 4 सितंबर को बेंगलुरु के राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिटनेस टेस्ट होगा। इस टेस्ट के बाद तय होगा की वो एशिया कप के बाकि मैच के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं। राहुल कमर में मामूली चोट के कारण एशिया कप के पहले दो मैचों से बाहर हो गए थे। भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने भी 28 अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, केएल राहुल अभी बेंगलुरु में (नेशनल क्रिकेट एकेडमी) में ही रहेंगे। एशिया कप सुपर-4 स्टेज से पहले 4 सितंबर को टीम में वापसी से पहले उनका फिर से असेसमेंट किया जाएगा। राहुल एशिया कप के लिए घोषित 17 सदस्यीय टीम में शामिल हैं। राहुल विकेट कीपिंग करते हैं और किसी भी पोजिशन पर बैटिंग करने में सक्षम बल्लेबाज हैं। उन्होंने लंबे समय तक टीम के लिए ओपनिंग की है, लेकिन सिलेक्टर्स अब उन्हें नंबर-5 पर खिलाना चाहते हैं और वह किसी भी पोजिशन पर खेलने की क्षमता रखते हैं। 1 मई को केएल राहुल लखनऊ के इकाना स्टेडियम में बेंगलुरु के खिलाफ खेले गए मैच में फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए थे और वो पूरे लीग से बाहर हो गए थे। उसके बाद राहुल ने इसी साल मई में लंदन में जांघ की सर्जरी कराई थी, और एनसीए में रिहैब कर रहे हैं। राहुल तब से कोई भी इंटरनेशनल या घरेलू मैच नहीं खेले हैं।

### मैच रद्द होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है भारत के नाम

भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप में ग्रुप-ए का मैच शनिवार को बारिश की वजह से रद्द हो गया। टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 266 रन बनाए। लेकिन ज्यादा बारिश होने के कारण पाकिस्तान की पारी शुरू ही नहीं हो सकी। इसलिए दोनों ही टीमों को एक-एक पॉइंट मिला। वनडे के इतिहास में ऐसा 44वां बार हुआ, जब भारत का मैच रद्द हुआ है। इस मामले में टीम इंडिया पहले से ही वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किए हुए हैं। भारत का हर 24वां वनडे रद्द हो जाता है। रद्द होने वाले मैचों के पीछे बारिश सबसे बड़ा फैक्टर है। हालांकि कुछ मैच बिना बारिश के भी रद्द हुए हैं। वनडे क्रिकेट में टीम इंडिया के सबसे ज्यादा मुकाबले श्रीलंका के खिलाफ रद्द हुए हैं। भारत ने अब तक श्रीलंका के खिलाफ 165 वनडे मैच खेले हैं। इनमें से 11 मैच बेनतीजा रहे। इनमें 2002 चैंपियंस ट्रॉफी के दो फाइनल मैच भी शामिल हैं। फाइनल के पहले दिन श्रीलंका की पारी के दौरान बारिश शुरू हो गई। इसके बाद खेल नहीं हुआ और मैच को रिजर्व डे में ले जाया गया। उस समय के नियम के मुताबिक रिजर्व डे में नए सिरे से मैच खेला गया। इस बार भी श्रीलंका की पारी के बाद खेल मुमकिन नहीं हुआ और मुकाबला रद्द कर दिया गया। अगली तस्वीर में देखिए कि किस टीम के खिलाफ भारत के कितने वनडे मैच रद्द हुए हैं।

### भारत के दूसरे मैच पर भी बारिश का खतरा

**कैंडी।** एशिया कप में भारत का दूसरा मुकाबला भी बारिश से धुल सकता है। श्रीलंका में कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में भारत सोमवार को नेपाल से भिड़ेगा। दोपहर में मैच के समय बादल छाए रहेंगे। बारिश होने के 89 फीसदी आसार हैं। तापमान 27 से 21 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। दरअसल, इसी स्टेडियम में शनिवार को हुआ भारत और पाकिस्तान का मैच भी बारिश के कारण रद्द हो गया था। मैच के बीच बारिश होने की वजह से केवल एक ही पारी हो पाई थी, जबकि दूसरी पारी की एक भी गेंद नहीं डाली जा सकी थी। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 266 रन बनाए थे। एक्यूवेदर के मुताबिक श्रीलंका के मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को कैंडी में सुबह 8 बजे से बारिश की आशंका है और देर रात तक बूंदाबांदी जारी रह सकती है। वहीं मैच के समय भी दोपहर 2 बजे से भारी बारिश के आसार हैं। भारत और नेपाल का मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे से खेला जाना है। टॉस दोपहर 2.30 बजे होगा। अगर सोमवार को भारत और नेपाल के बीच होने वाला मैच बारिश की वजह से रद्द हो जाता है, तब भी भारत सुपर फोर में पहुंच जाएगा। दरअसल नेपाल अपना पहला मुकाबला पाकिस्तान से हार चुका है। ऐसे में अभी नेपाल अपने ग्रुप में सबसे निचले पायदान पर है और उसके जीरो अंक हैं, जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच रद्द होने से दोनों टीमों को 1-1 अंक मिले। वहीं अभी पॉइंट टेबल में पाकिस्तान अपने ग्रुप में 3 पॉइंट के साथ टॉप पर है। जबकि भारत दूसरे नंबर पर है।

### पूर्वी सीरिया में जानलेवा झड़पें खत्म हो

बेरुत। अमेरिका ने पूर्वी सीरिया के एक क्षेत्र में कुर्द नेतृत्व वाले सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) और अरब सशस्त्र समूहों के बीच जानलेवा झडपों को खत्म करने का आह्वान किया है। बीबीसी ने शनिवार को बताया कि अमेरिका समर्थित एसडीएफ से संबद्ध एक स्थानीय अरब सशस्त्र समूह डेर एजोर सैन्य परिषद के प्रमुख की रविवार को गिरफ्तारी के बाद झड़पें शुरू हो गईं थी, जिसमें कई लोग मारे गए। सीरिया में स्थित अमेरिकी दूतावास ने सभी पक्षों से तनाव कम करने और शांतिपूर्वक स्थिति बहाल करने का आह्वान किया। अमेरिकी सेना के ऑपरेशन इनहेरेंट रिजोल्यूशन ने कहा, उत्तरपूर्वी सीरिया में हिंसा बंद होनी चाहिए। एक बयान में इसने दाएश के खतरे से मुक्त, पूर्वोत्तर सीरिया में शांति और स्थिरता लाने के प्रयासों पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया है। बयान में कहा गया, हम क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के समर्थन में दाएश की स्थायी हार सुनिश्चित करने के लिए सीरियाई डेमोक्रेटिक बलों के साथ काम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य से ध्यान भटकाने से अस्थिरता पैदा होती है और दाएश के पुनरुत्थान का खतरा बढ़ जाता है। एसडीएफ ने उस हमले का नेतृत्व किया जिसने 2019 में सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के स्व-घोषित खिलाफत को हरा दिया। अमेरिका समर्थित बल सीरिया के उत्तर-पूर्व में एक अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र को नियंत्रित करता है जिसमें डेर एजोर प्रांत के बड़े हिस्से भी शामिल हैं। हालिया जंग कोनोको गैस फील्ड के पास हुई है।

# बाएज़ का विजय रथ रोक आगे बढ़े मेदवेदेव, अल्काराज़, ज़्वेरेव भी जीते

न्यूयॉर्क। रूस के दानिल मेदवेदेव ने अर्जेंटीना के सेबैस्टियन बाएज़ का विजय रथ रोकते हुए उन्हें अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में करारी शिकस्त दी।




बाएज़ पिछले 12 मुकाबले जीतकर तीसरे दौर में आ रहे थे लेकिन पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन मेदवेदेव ने शनिवार को उन्हें 6-2, 6-1 7-6(6) से हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

शुरुआती दो सेट एकतरफा रूप से जीतने के बाद मेदवेदेव को तीसरे सेट में बाएज़ से कड़ी टक्कर मिली। बाएज़ ने मेदवेदेव के फोरहैंड का मज़बूती से जवाब देते हुए तीसरे सेट में 5-2 की बढ़त बना ली लेकिन इसके बाद बारिश ने मैच में खलल डाल दिया। मेदवेदेव ने खेल दोबारा शुरू होने के बाद वापसी करते हुए 4-5 पर सर्विस हासिल की। बाएज़ के लिये लगातार अप्रत्याशित गलतियां करना भारी पड़ा और वह टाईब्रेकर में 6/6 पर गलती करके मुकाबला हार गये। मेदवेदेव ने जीत के बाद कहा, मुझे ऐसा लगा कि हम दोनों अच्छा खेल रहे थे, यहां तक कि पहले दो सेटों में भी। मैं सही मौकों पर थोड़ा बेहतर खेला, सब कुछ मेरे हिसाब से हो रहा था। थोड़ा भाग्य का भी साथ रहा और मेरे अच्छे खेल ने भी मुझे सेट में बनाए रखा।

अगले दौर में मेदवेदेव का सामना ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर से होगा।

इस बीच, रूस के आंद्रे रुबलेव, जर्मनी के एलेक्जेंडर ज़्वेरेव और स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर प्री-क्वार्टरफाइनल में कदम रखा।

रुबलेव ने फ्रांस के आर्थर रिंडरनेक को 3-6, 6-3, 6-1, 7-5 से हराया। गत चैंपियन अल्काराज़ ने ब्रिटेन के डैन इवान्स को 6-2, 6-3, 4-6, 6-3 से मात दी। ज़्वेरेव ने बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-7(2), 7-6(8), 6-1, 6-1 से मात दी।

# डब्ल्यूबीबीएल : रेनेगेड्स में बनी रहेंगी हरमनप्रीत

**मेलबर्न।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के विदेशी ड्राफ्ट में चुनी जाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी थीं, जिन्हें रविवार को मेलबर्न रेनेगेड्स ने अपने पास बरकरार रखा।

यास्तिका भाटिया, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा सहित कुल 18 भारतीय खिलाड़ियों का नाम डब्ल्यूबीबीएल के विदेशी ड्राफ्ट में शामिल था, लेकिन हरमनप्रीत के अलावा किसी को भी फ्रेंचाइजी नहीं मिली।

रेनेगेड्स ने प्लैटिनम श्रेणी में मौजूद हरमनप्रीत और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज को अपने पास बरकरार रखा। हरमनप्रीत ने 2021-22 सीज़न के दौरान रेनेगेड्स के लिये 12 पारियों में 58.00 की औसत और 130.96 के स्ट्राइक रेट से 406 रन बनाए, जिसमें तीन अर्धशतक और नाबाद 81 रन का शीर्ष स्कोर शामिल रहा। उन्होंने पूरे सीज़न में 7.45 की इकॉनमी से रन देते हुए 15 विकेट भी चटकाये।

उल्लेखनीय है कि हरमनप्रीत ने 2016-17 सीज़न में सिडनी थंडर के साथ डब्ल्यूबीबीएल में पदार्पण किया था। रेनेगेड्स के मुख्य कोच साइमन हेल्मोट ने कहा, मुझे बहुत खुशी है कि हमें वे दोनों (हरमनप्रीत और हेली) मिलीं। मैं इस साल फिर से उनके साथ काम करने के लिये उत्सुक हूं।

उन्होंने कहा, यह निर्णय कठिन था। क्या हम तीसरे नंबर पर हरमनप्रीत को लें, या हम हेली को लें? सौभाग्य से, यह हमारे लिये कारगर साबित हुआ कि हरमनप्रीत अभी भी दूसरे दौर में उपलब्ध थीं, इसलिए हम उसे अभी भी प्लैटिनम श्रेणी के तहत प्राप्त कर सकते थे।

हरमनप्रीत डब्ल्यूबीबीएल के अलावा द हंड्रेड में लंकाशर थंडर्स, सुपरनोवाज़, मैनचेस्टर ऑरिजिनल्स और ट्रेंट रॉकेट्स का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

## खिलाड़ियों के लिए हर जिले में दो नोडल अधिकारी नियुक्त : हेयर

**चंडीगढ़।** 'खेडां वतन पंजाब दियां - 2023' उद्घाटन समारोह के बाद शुरू हुए ब्लॉक स्तरीय मुकाबलों में राज्य के खेल मैदानों में खिलाड़ियों द्वारा पूरे ज़ोश से हिस्सा लिया जा रहा है। खेल विभाग द्वारा ब्लाक स्तरीय टूर्नामैंट के दौरान खिलाड़ियों के सुचारू प्रबंधों की निगरानी के लिए हर जिले में दो नोडल अधिकारी लगाऐ गए।

रविवार को यहाँ जारी प्रेस बयान में जानकारी देते हुये खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि इस समय पर कार्पोरेशन शहरों सहित 157 ब्लाकों में आठ खेलों के मुकाबले चल रहे हैं जिनमें डेढ़ लाख से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान की तरफ से पंजाब को खेल में फिर देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए जमीनी स्तर से खेल और खिलाड़ियों को ध्यान देने के निर्देशों पर हर जिले में दो नोडल अधिकारी लगाए हैं जिससे खिलाड़ियों को कोई दिक्कत न आए।

हेयर ने आगे बताया कि ब्लॉक स्तरीय मुकाबलों के सफल प्रबंधन के लिए हर जिले में एक स्थानीय कोच और एक कर्मचारी मुख्यालय से नोडल अफ़सर लगाया है जो खिलाड़ियों के लिए उचित प्रबंधों जैसे कि ग्राउंड, खाने-पीने आदि का सब प्रबंध देख रहे हैं।

## ज़िम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर हीथ स्ट्रीक का निधन



**नयी दिल्ली।** ज़िम्बाब्वे के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर हीथ स्ट्रीक का 49 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। हीथ की पत्नी नेडिन स्ट्रीक ने रविवार को इसकी पुष्टि की।

नेडिन ने फेसबुक पर लिखा, आज सुबह के शुरुआती घंटों में रविवार, तीन सितंबर 2023 को मेरे जीवन का सबसे बड़ा प्यार और मेरे खूबसूरत बच्चों के पिता को स्वर्गदूतों के पास ले जाया गया। वह अपने अंतिम दिन घर में परिवार और निकटतम प्रियजनों के साथ बिताना चाहते थे। वह प्रेम और शांति से सराबोर थे। हमारी आत्माएं अनंतकाल के लिये एक हो गई हैं स्ट्रीकी। हम फिर मिलेंगे।

साल 2000 से 2004 के बीच जिम्बाब्वे के कप्तान रहे स्ट्रीक ने अपने देश के लिये 65 टेस्ट और 189 एकदिवसीय मैच खेले।

स्ट्रीक 100 टेस्ट विकेट लेने वाले ज़िम्बाब्वे के एकमात्र क्रिकेटर हैं और उन्होंने अपने 12 साल के करियर के दौरान अक्सर लड़खड़ाती गेंदबाजी इकाई को अकेले ही संभाला है।

स्ट्रीक मुख्य रूप से अपनी तेज गेंदबाजी के लिये पहचाने जाते थे लेकिन उन्होंने अपनी टीम के मध्यक्रम में बल्ले से भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

स्ट्रीक ने टेस्ट क्रिकेट में कुल 1990 रन और वनडे क्रिकेट में 2943 रन बनाये।

उन्होंने अपना पहला और एकमात्र टेस्ट शतक (127 नाबाद) वेस्टइंडीज के खिलाफ हरारे में बनाया।

स्ट्रीक ने 2005 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर पर पूर्ण विराम लगाने के बाद 2006 में दो साल के लिये वार्विकशर से हाथ मिलाया, हालांकि खराब फॉर्म के कारण उनका कार्यकाल छोटा कर दिया गया। साल 2007 में इंडियन क्रिकेट लीग (आईसीएल) में खेलने के बाद उनका अंतरराष्ट्रीय करियर प्रभावी रूप से खत्म हो गया।

स्ट्रीक ने ज़िम्बाब्वे, स्कॉटलैंड, बंगलादेश, गुजरात लायन्स और कोलकाता नाइट राइडर्स सहित कई टीमों में कोच की भूमिका भी निभाई।

# अमेरिका में 70 हजार लोग कीचड़ में फंसे

### कल्चरल फेस्टिवल के लिए इकट्ठा हुए थे; सरकार ने खाना-पानी बचाने को कहा

अमेरिका के नेवाडा राज्य में बर्निंग मैन फेस्टिवल के लिए इकट्ठा हुए 70 हजार लोग कीचड़ में फंस गए हैं। एक की मौत हो चुकी है। सरकारी अधिकारियों ने उन्हें खाना और पानी बचाने को कहा है। दरअसल, अमेरिका के नेवाडा राज्य में हर साल हजारों लोग एक कल्चरल फेस्टिवल मनाने के लिए इकट्ठा होते हैं।

इस बार भी ऐसा हुआ। हालांकि, लगातार 24 घंटों तक बारिश की वजह से पूरा रेगिस्तानी इलाका कीचड़ में तब्दील हो गया। इससे लोग चल भी नहीं पा रहे हैं। अमेरिका के लैंड मैनेजमेंट ब्यूरो ने कहा कि कीचड़ के बीच गाड़ी चलाना खतरे से खाली नहीं। आगे के कुछ दिनों में और भी बारिश होने की संभावना है। ऐसे में लोगों के पास जरूरत का सारा सामान होना जरूरी है।



#### कई दिनों तक फंसे रह सकते हैं लोग

बर्निंग मैन फेस्टिवल नेवाडा के ब्लैक रॉक सिटी में होता है। जो दुनिया के सबसे बेजान रेगिस्तानों में से एक है। यहां लोग कैंप लगाकर कई दिनों तक रहते हैं। अब इमरजेंसी सर्विसज के अलावा इस इलाके में सभी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इस इवेंट के ऑर्गेनाइजर्स का कहना है कि लोग कई दिनों तक यहां फंसे रह सकते हैं।

#### 1990 में हुई इस फेस्टिवल की शुरुआत

इस फेस्टिवल की शुरुआत 1990 में हुई थी। तब यहां सिर्फ 80 लोग जुटे थे। 1993 में पहली बार यहां पहुंचने वाले लोगों की संख्या 1000 के आंकड़े तक पहुंची। इस बार यहां 70 हजार से ज्यादा लोग जुटे हैं। इस फेस्टिवल का आयोजन अमेरिका में छुट्टियों के दौरान मनाया जाता है। यहां दुनियाभर से आए लोग सेलफोन, इंटरनेट जैसी अत्याधुनिक सुख-सुविधाओं से दूर रहकर पारंपरिक नाच-गाने और गीत संगीत के बीच एक सप्ताह गुजारते हैं। %बर्निंग मैन% नाम इसलिए पड़ा क्योंकि फेस्टिवल के आखिरी दिन यहां अपनी ही बनाई गई कलाकृतियों को जला दिया जाता है। इसके पीछे का विचार ये है कि अपनी बनाई चीज को जलाकर हम अपने अंदर के अंहकार को खत्म कर देते हैं। फेस्टिवल में आने वाले लोगों को अपने तरीके से जीने की आजादी दी जाती है। उन पर किसी भी तरह की रोक नहीं लगाई जाती। ताकि, वो सही मायने में आजादी का मतलब समझ सकें।

## काकर ने नौ मई की हिंसा को 'तख्तापलट का प्रयास' करार दिया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर ने गत 09 मई की हिंसा को 'तख्तापलट और गृह युद्ध का प्रयास' करार देते हुए कहा कि इसका लक्ष्य सेना प्रमुख एवं उनकी टीम को खत्म करना था। द न्यूज की रविवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार जियो न्यूज के कार्यक्रम 'जिरगा' में श्री काकर ने इस साल मई में भ्रष्टाचार के मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हुए दंगों की निंदा की। काकर ने कहा, नौ मई को हुई बर्बरता और आगजनी को पूरी दुनिया ने देखा और अंतरराष्ट्रीय समाचार पत्रों ने इस त्रासदी की रिपोर्ट की। सरकार के किसी भी रूप में इस तरह की हेराफेरी स्वीकार्य नहीं है। अपने पहले एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार यह धारणा नहीं बनाना चाहती कि नौ मई की हिंसा के आरोपियों से बदला लिया जा रहा है। उन्होंने हालांकि, कहा, अगर देश के कानूनों का उल्लंघन करने वाले और हिंसा का सहारा लेने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो हमें इस मामले में एक पक्ष के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को दूसरों पर पत्थर फेंकने, उनके साथ दुर्व्यवहार करने और इमारतों को जलाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अन्य प्रतिबंधित संगठनों के संबंध में पाकिस्तान की नीति पर भी अपने विचार साझा किए।

## ब्रिटिश पाकिस्तानी टिकटॉकर, मां को आजीवन कारावास

लंदन। ब्रिटेन में लीसेस्टरशायर की एक अदालत ने दोहरे हत्याकांड के मामले में टिकटॉकर महेक बुखारी और उनकी मां अंसारीन बुखारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने महेक (24) को न्यूनतम 31 वर्ष और आठ महीने के आजीवन कारावास तथा उनकी मां अंसारीन को न्यूनतम 26 साल और नौ महीने के आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष लीसेस्टर के पास हुई दुर्घटना में साकिब हुसैन और हाशिम इजाजुद्दीन (दोनों 21 वर्षीय) की मौत हो गई थी। पूछताछ से पता चला कि तीन साल से अंसारीन और हुसैन में अवैध संबंध थे। जब अंसारीन बुखारी ने इसे खत्म करने का प्रयास तो हुसैन ने उनके पति के सामने रिश्ते को उजागर और उनके वीडियो साझा करने की धमकी दी। अंसारीन ने हुसैन द्वारा रिश्ते के दौरान खर्च किए गए पैसे वापस करने की पेशकश की और हुसैन के लिए अंसारीन तथा उनकी बेटी से मिलने की व्यवस्था की गई। न्यायाधीश का कहना है कि मामले को 'नृशंस हत्या' के रूप में वर्गीकृत करने में अभियोजन पक्ष सही था पुलिस ने न्यायालय में बताया कि अंसारीन और महेक बुखारी छह अन्य लोगों के साथ हैमिल्टन, लीसेस्टर में एक टेस्को कार पार्क में आयोजित बैठक में पहुंचीं।

## ब्रिटेन में सितंबर से बढ़ेगा डेढ़ लाख स्वास्थ्यकर्मियों का वेतन

लंदन। ब्रिटेन सरकार ने रविवार को कहा कि देश की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के करीब एक लाख 50 हजार चिकित्सकों की हड़ताल समाप्त कराने की कार्रवाई के तहत इसी माह से उनके वेतन में वृद्धि की जायेगी। सरकार ने आज यहां जारी एक बयान में कहा, सरकार ने चिकित्सकों और दंत चिकित्सकों के पारिश्रमिक पर स्वतंत्र समीक्षा निकाय (डीडीआरबी) की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है और इस महीने से राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के करीब डेढ लाख चिकित्सकों को बढ़ा हुआ वेतन मिलना शुरू हो जाएगा। सरकार ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रथम वर्ष के चिकित्सको को 10.3 प्रतिशत , औसत कनिष्ट चिकित्सकों को 8.8 प्रतिशत और चिकित्सा सलाहकारों के छह प्रतिशत बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। बयान में कहा गया, यह वेतन वृद्धि कर्मचारियों को महत्वपूर्ण वेतन वृद्धि देते हुए मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने की आवश्यकता को संतुलित करती है। कुछ कर्मचारियों को वेतन वृद्धि के साथ-साथ प्रदर्शन वेतन, ओवरटाइम, वेतन प्रगति और पदोन्नति से वेतन वृद्धि से भी लाभ मिलेगा।

# इटली में भालू की गोली मार कर हत्या

### हमलावर ने कहा- डर से गोली चलाई; दो शावकों की जिम्मेदारी लेगी सरकार

**इटली।** इटली के राष्ट्रीय उद्यान सैन बेनेडेटो के पास एक आदमी ने विलुप्त प्रजाति मार्सिकन भालू की गोली मार कर हत्या कर दी। इटली में भालुओं का शिकार करना कानूनन अपराध है। इटली की पुलिस घटना की जांच कर रही है।

लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भालू को गोली मरने वाले व्यक्ति ने पुलिस को बताया की भालू उसके प्राइवेट प्रॉपर्टी में घुस गया था। जिसे देख कर वो डर गया और उसने गोली चला दी। उसने कहा की वो उसे जान से मारना नहीं कहता था।

इस सप्ताह की शुरुआत में अमरेना को अपने दो शावकों के साथ सैन सेबेस्टियानो देई मार्सी में घूमते देखा गया था। जब उसे गोली मारी गई तब वो अपने दो शावकों के साथ थी।

#### ब्लैक चेरी से पड़ा अमरेना नाम



जिस भालू को गोली मारी गई उसका नाम अमरेना रखा गया था। भालूओं की ये प्रजाति विलुप्त होने की कगार पर हैं। ब्लैक चेरी को अमरेना कहा जाता है। जो भालू के पसंदीदा खाने में से एक है। इसलिए भाली का नाम प्यार से अमरेना रखा गया था।

इटली के पर्यावरण मंत्री और एनिमल ऐक्टिविस्ट के साथ स्थानीय लोगों ने भालू की हत्या पर निराशा जताई है। इटली के अब्रूज़ो, लाज़ियो और मोलिसे के राष्ट्रीय उद्यान ने हत्या की निंदा करते हुए कहा- अमरेना शांत स्वभाव की थी उसने कभी भी किसी इंसान के लिए समस्या पैदा नहीं की इसलिए इस घटना को उचित नहीं ठहराया जा सकता।

#### भालू के बच्चों की सुरक्षा पहला उद्देश्य

इटली के पर्यावरण मंत्री गिल्बर्टो पिचेटो बोले, मार्सिकन मादा भालू की हत्या एक गंभीर घटना है। उन्होंने कहा अभी उनका उद्देश्य भालू के बच्चों की सुरक्षा करना है क्यूंकि वो अब तक आत्मनिर्भर नहीं हैं और उनकी जान को जोखिम में पड़ सकती है। इसलिए उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

#### इस साल अमेरना ने खोया था एक बच्चा

इस साल की शुरुआत में, अमेरना के एक 4 साल के बच्चे की कार से टकरा कर मौत हो गई थी। वो 2 साल पहले एक बेकरी में घुस कर कुकीज खाने के लिए नेशनल फेम बन गया था।

इस साल अप्रैल में 17 वर्षीय भालू जेजे ने ट्रेंटिनो-अल्टो अडिगे में एक 26 वर्षीय जॉगर को मार डाला था। भालू ने जॉगिंग करते समय उनके ऊपर हमला किया था।

## विद्यालयों में अबाया पर पाबंदी लगाने में मदद करेगा गृह मंत्रालय : डर्मैनिन

**पेरिस।** फ्रांस के गृह मंत्री जेराल्ड डर्मैनिन ने कहा है कि उनका मंत्रालय देश भर के विद्यालयों में पूरे शरीर को ढकने वाले मुस्लिम परिधान 'अबाया' पर प्रतिबंध लगाने में मदद करेगा। डर्मैनिन ने शनिवार को लिले के दौरे के दौरान कहा, गृह मंत्रालय के कर्मचारी शिक्षकों और शिक्षा मंत्री (गेब्रियल अटल) के साथ सहयोग करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि फ्रांस में अधिकारियों द्वारा अपनाए गए नियम का पालन किया जाए। विद्यालयों में तटस्थता होनी चाहिए। इसके बाहर हर किसी की अपनी राय हो सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार 'बिल्कुल सही' थी, जब उसने विद्यालयों में धार्मिक कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। पिछले महीने शिक्षा मंत्री ने कहा था कि सरकार चार सितंबर को विद्यालय वर्ष की शुरुआत के समय पर प्रतिबंध के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने तर्क दिया कि अबाया पहनने पर प्रतिबंध विद्यालय के माध्यम से छात्रों के खुद को मुक्त करने के अधिकार प्रदान करेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### उत्तर प्रदेश सिविल जज ( जुनियर डिविजन ) परीक्षा में 37वां स्थान प्राप्त करने वाली संजना राव को ज्ञय भगवान यादव ने दीं शुभकामनाएं



नई दिल्ली। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष आदरणीय ज्ञय भगवान यादव जी ने अपनी टीम के साथ उत्तर प्रदेश सिविल जज ( जुनियर डिविजन ) परीक्षा में 37वां स्थान प्राप्त करने वाली दिल्ली के नाहरपुर गांव की बिटिया संजना राव को उनके घर पहुंच कर आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष जी संजना को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उन्होंने अपने परिवार, अपने गांव, और दिल्ली प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। संजना राव ने दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दू कालेज से इक्नॉमिक्स आनर्स में स्नातक व दिल्ली विश्वविद्यालय से ही Law of CNC से अपनी शिक्षा पूरी की। माता पिता की प्रेरणा, अपनी लगन व कड़ी मेहनत से इस वर्ष उन्हें यह सफलता मिली। संजना राव ने अध्यक्ष जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद से ही बधाई व शुभकामनाएं संदेश निरन्तर मिल रहे है। लेकिन परिवार के एक सदस्य की तरह अध्यक्ष जी का घर पहुंच कर आशीर्वाद व शुभकामनाएं देना, मेरे लिए अविस्मरणीय है। उनका यह स्नेहाशीष मुझे मेरे जीवन में आगे बढ़ने में प्रेरित करता रहेगा।

### शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न



**सोनभद्र ।** सोनभद्र के कर्मा थाना परिसर में रविवार को क्षेत्राधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में कृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम को लेकर शांति समिति की बैठक की गई।क्षेत्राधिकारी ने उपस्थित लोगों को बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम को शांति पूर्वक मनाये।यदि कोई कानून व्यवस्था में खलन डालने का प्रयास किया तो बक्सा नहीं जायेगा। लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार सम्बंधित कोई समस्या हो तो तत्काल ही बताने का काम करें। उपस्थित लोगों ने बताया कि चेहल्लुम का त्योहार मात्र थाना अंतर्गत पगिया में मनाया जायेगा।क्षेत्राधिकारी ने जन्माष्टमी पर्व पर भजन कीर्तन करने की गाइड लाइन के अनुसार मनाने की बात कही।असलील गाने बजाने ,आर्केस्ट्रा करने पर मनाही है।ऐसा कदापि ना करें। इस दौरान थाना प्रभारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, एस आई मनोज कुमार, बरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश सिंह, एस आई अभय यादव, सहित क्षेत्र के सम्भ्रान्त लोग मौजूद रहे।

### योगी ने गोरखपुर की महिला व्यवसायी को दिया पांच लाख का सहायता चैक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गोरखपुर में आग लगने की घटना में नुकसान उठाने वाली महिला कपड़ा व्यवसायी अनुपमा गुप्ता को आज मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 05 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने उनकी अन्य परेशानियों को दूर करने का आश्वासन भी दिया। योगी ने उनसे अग्निकाण्ड से हुए नुकसान की जानकारी ली और उन्हें भरोसा दिया कि वे चिंता न करें। प्रदेश सरकार उनके साथ खड़ी है। उनके रोजगार को पटरी पर लाने में शासन-प्रशासन से भरपूर मदद मिलेगी। गौरतलब है कि विगत 29 अगस्त को विद्युत शॉर्ट सर्किट से महानगर के रायगंज दक्षिणी ( पाण्डेयहाता) में वैष्णवी साड़ी सेन्टर नामक प्रतिष्ठान में आग लग गई थी। इससे दुकान में रखे सामान जल जाने से प्रतिष्ठान स्वामी को काफी आर्थिक नुकसान पहुंचा था। इस दुकान की प्रोप्राइटर अनुपमा गुप्ता पत्नी अरविन्द गुप्ता निवासी रायगंज दक्षिणी ( पाण्डेयहाता ) हैं। संज्ञान में आने पर मुख्यमंत्री के आदेश से इस सम्बन्ध में 05 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई थी।इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### यूपी में आज वकील करेंगे राज्य व्यापी हड़ताल

प्रयागराज। हापुड़ जिले में वकीलों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ने चार सितंबर को राज्य व्यापी हड़ताल का आवाहन किया है। बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में सदस्य अजय कुमार शुक्ला ने रविवार को कहा कि प्रदेश के सभी अधिवक्ता चार सितंबर को हड़ताल पर रहेंगे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वकीलों ने भी आज प्रस्ताव पारित कर सोमवार को हापुड़ की घटना के विरोध में कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है। शुक्ल द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश के हापुड़ जिले में वकीलों पर हुए लाठी चार्ज एवं विभिन्न जिलों में अधिवक्ताओं की हत्याओं के विरोध में प्रदेश के सभी अधिवक्ता चार सितंबर को हड़ताल पर रहेंगे। किसी भी जिले में कहीं पर भी कोई न्यायिक कार्य नहीं होगा। आंदोलन की अगली रणनीति बाद में तय की जाएगी। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव की तरफ से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि हाईकोर्ट बार के अधिवक्ता हापुड़ की घटना को लेकर चिंतित व आक्रोशित हैं। बार एसोसिएशन ने कहा है कि निहत्थे वकीलों को व महिला अधिवक्ता को पुलिस द्वारा लाठियों से मारने की स्पष्ट बर्बरता के बावजूद उनके खिलाफ कार्रवाई न करने से अधिवक्ता क्रोधित हैं। इस कारण हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने चा सितंबर को न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है।

### पानी की एक एक बूंद सहेजने का संदेश लेकर चले लखनऊ वासी

लखनऊ। मानव जीवन में जल के महत्व और उसके संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के मकसद से मशहूर एथलीट एवं पद्मश्री सुधा सिंह एवं सूबे के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र समेत कई नामचीन हस्तियां और सैकड़ो लोगों ने रविवार को आकाशवाणी लखनऊ द्वारा आयोजित जी-20 वाक फार वाटर 'जल के लिये चल' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। पद्मश्री रामसरन वर्मा, पद्मश्री सुधा सिंह, पेड़ वाले बाबा आचार्य चंद्र भूषण तिवारी, पर्यावरण योद्धा कृष्णानन्द राय, गोमती अभियान से जुड़े सुशील सीतापुरी, जल दूत नन्द किशोर वर्मा, डॉ सुधा बाजपेई और अनन्त मिश्र समेत कई नामचीन हस्तियों ने करीब 2.1 किमी तक पैदल यात्रा कर लोगों से जल संरक्षण की अपील की। यह यात्रा 1090 चौराहा से शुरू होकर समतामूलक चौराहे से आइनॉक्स होते हुए गाँधी सेतु होकर 1090 चौराहे पर ही समाप्त हुई। इस अभियान में हर आयु के लोगों के साथ-साथ जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन, जल योद्धा, जल दूत, गण्यमान्य नागरिक, मीडियाकर्मी, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खिलाड़ी तथा स्कूली बच्चों ने भाग लिया। आकाशवाणी, लखनऊ की कार्यक्रम प्रमुख मीनू खरे ने बताया कि अभियान का उद्देश्य पानी के बारे में जागरूकता फैलाना, जल संरक्षण के महत्व पर जोर देना और युवाओं को जागरुक करना है। उन्होनें बताया कि आकाशवाणी, लखनऊ द्वारा 100 दिनों की जल संरक्षण कार्यक्रम श्रृंखला की आज से शुरूआत हुई है, जिसमें जल संरक्षण से सम्बन्धित कार्यक्रम लगातार प्रसारित किये जायेंगे।

## नव नालन्दा महाविहार ( सम विश्वविद्यालय ) में हिन्दी पखवाड़ा का उद्घाटन-कार्यक्रम संपन्न





नव नालन्दा महाविहार ( सम विश्वविद्यालय ) में हिन्दी पखवाड़ा का उद् घाटन- कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके मुख्य अतिथि थे- दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय , गया के माननीय कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह। कार्यक्रम की अध्यक्षता की-- नव नालन्दा महाविहार के माननीय कुलपति प्रो. वैद्यनाथ लाभ ने तथा प्रास्ताविकी व बीज वक्तव्य दिया- हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. रवींद्र नाथ श्रीवास्तव %परिचय दास% ने तथा संचालन किया- प्रो. हरे कृष्ण तिवारी ने।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय , गया के माननीय कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि भारतवर्ष को प्रकृति ने विविधता का उपहार दिया है, उसमें भाषाओं का गुलदस्ता भी शामिल है। भारत में अतीतकाल से ही विविधता का सम्मान रहा है ־ भाषा, बोली, रीति- रिवाज़, परम्परा आदि । इसीलिये भारत को समावेशी संस्कृति का देश कहा जाता रहा है। वास्तव में भारत समावेशन की प्रयोगशाला है। भारत का ज्ञान भारतीय भाषाओं में छुपा हुआ है।

अभी बारह भाषाओं में नीट की परीक्षा हुई। यूपीएससी की परीक्षा किसी भी आधिकारिक भाषा में यहां होती है। जापान में जापानी है, जर्मन में जर्मनी है तो भारत में हिंदी क्यों नहीं हो सकती ? भाषा ज्ञान को नहीं बल्कि माध्यम को प्रकट करती है। माता , मातृभूमि व मातृभाषा का विकल्प नहीं है। व्यक्ति परंपरा को जीता है, यह मैंने फिजी में देखा है। परंपरा का निर्वाह करते हुए हम आगे बढ़ते हैं ־ यही संविकास है, यही स्थाई विकास है। हमें रूढ़ियों को छोड़कर आगे बढ़ना चाहिए, हमें भाषा के माध्यम से औपनिवेशिक दासता की तलछटों से मुक्ति प्राप्त करनी चाहिए। समाज को गुलामी से मुक्त करने के लिए भाषा का ही आशय प्राथमिक रूप से लेना होता है और आज हिंदी पखवाड़े के उद् घाटन के अवसर पर मैं इतना कह सकता हूं कि हिंदी का विकास भारत की जनता के स्वाभिमान और उसकी ज़रूरत के साथ जुड़ा हुआ है।

अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में नव नालन्दा महाविहार , नालन्दा के माननीय कुलपति प्रो. वैद्यनाथ लाभ ने कहा कि हिन्दी लिखने, बोलने व व्यवहृत करने में हीनता का अहसास क्यों होना चाहिए ? यह तो हमारी अपनी भाषा है। भाषाएँ अलग अलग संस्कृतियों को जानने का साधन हैं। रूस के राष्ट्रपति यदि रूसी में अपनी कूटनीतिक बात कह सकते हैं तो भारत के प्रतिनिधि को भी हिन्दी में अपनी बात कहनी चाहिए। हिन्दी फिल्मों ने हिन्दी का ध्वज चतुर्दिक फहरा दिया है। हिन्दी को भाषा के रूप में कार्यालयों में बरतने से भारत व विश्व को सम्पर्क का लाभ स्वत־मिल जाता है। हिन्दी पूर्व -पश्चिम - उत्तर-दक्षिण सभी दिशाओं में जानी बोली, जाती है। उसका प्राय: सभी जगह उपयोग किया जाता है, यह इसका वैशिट्य है।

कार्यक्रम की प्रास्ताविकी व बीज-व्याख्यान नव नालन्दा महाविहार के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष ( हिन्दी अकादमी व मैथिली- भोजपुरी अकादमी , दिल्ली सरकार के पूर्व सचिव, गौरवशाली भारत हिन्दी पत्रिका व समाचार विन्दु भोजपुरी साप्ताहिक समाचार-पत्र के प्रधान सम्पादक ) प्रोफ़ेसर रवींद्र नाथ श्रीवास्तव परिचय दास ने कहा कि मूल बात है, अपनी भाषा के सम्यक उपयोग की।

भाषा केवल सांख्यिकी का विषय नहीं कि कितने लोग इसका उपयोग करते हैं। यह हमारा सांस्कृतिक प्रश्न भी है। जब भी आप अपनी भाषा का उपयोग करते हैं तो उसमें कल्पनाशीलता सर्वाधिक होती है। यह एक भाषा-वैज्ञानिक तथ्य है। उसकी जीवंतता, आत्माभिमान व अभिव्यक्ति का कोण भिन्न होता है।

हिन्दी या भारतीय भाषाओं से आप अपनी जड़ों में प्रवेश करने का सामर्थ्य व सुख हासिल करते हैं- यानी परंपरा का पुनर्निर्माण, पुराने सपनों की नई परिकल्पना और एक पुनर्नवीकरण। दक्षिण एशियाई देशों में तो हिन्दी व भारतीय भाषाओं के संप्रसार की संभावनाएं हैं ही, अन्य उप महाद्वीपों में भी यह कार्य होना चाहिए। अपने देश में इसे शासकीय स्तर पर ईमानदारी से लागू करें, इसके साथ-साथ अन्य देशों में इन्हें विकसित करें। इसे निर्यात व आयात के प्रकरण से भी जोड़ सकते हैं। हिन्दी के उपयोग से औपनिवेशिक दासता की तलछटें हटेंगी। दुनिया की कई भाषाएं जानना अलग बात है और अपनी भाषा का उपयोग करना अलग बात। आधुनिक दुनिया में अपनी बात को कहना एक अलग आयाम है। इसमें औद्योगिक क्रांति, विज्ञान, कला, नया सौंदर्यबोध, नई उत्पादन-प्रक्रियाएं, उत्पादन संबंध, नये औद्योगिक नागरिक समाज के उद्भव आदि शामिल हैं। तकनीक ने भाषा के स्वरूप व उसके इस्तेमाल का तरीका बदल दिया है। हमें दुनिया की अन्य भाषाओं से भी जुड़े रहना होगा। यह अच्छी बात है कि वर्तमान शासन व्यवस्था हिन्दी व भारतीय भाषाओं के उपयोग पर बल दे रही है। ज्ञान-विज्ञान-विद्या के विमर्श के लिए हिन्दी का उपयोग और बढ़ा सकें तो यह हमारी बड़ी सफलता होगी।

संचालन करते हुए हिन्दी विभाग के प्रोफ़ेसर डॉ. हरे कृष्ण तिवारी ने कहा कि हिन्दी भाषा भारतीय समाज को जोड़ने का माध्यम है। हिन्दी का जितना ही उपयोग संभव होगा , भारतीय लोकतंत्र की जड़ें उतनी ही मजबूत होंगी।

कार्यक्रम के आरम्भ में डॉ. धम्म ज्योति द्वारा मंगल पाठ, विशिष्ट जनों द्वारा दीप-प्रज्ज्वलन, मुख्य अतिथि व कार्यक्रम के अध्यक्ष का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में आचार्य प्रो. रामनक्षत्र प्रसाद, प्रो. विश्वजीत कुमार, प्रो. राणा पुरुषोत्तम कुमार, प्रो. विजय कुमार कर्ण , प्रो. विनोद चौधरी, डॉ. प्रदीप कुमार दास, डॉ. धम्मज्योति, डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. सोनम लामो,डॉ अनुराग शर्मा, डॉ कृष्ण कुमार पाण्डेय, विश्वविद्यालय के चिकित्सक डॉ. फैसल, डॉ. नूर फातिमा , गैर शैक्षणिक जन , शोधछात्र , विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्र तथा हिन्दी-प्रेमी उपस्थित थे।

## लोकप्रिय समता पार्टी का शुभारंभ समारोह संपन्न




**पटना ( बिहार ) ।** राजनैतिक रुप से उर्वर बिहार ने आज रविवार को फिर एक नयी राजनीतिक पार्टी लोकप्रिय समता पार्टी ( लोसपा ) देश को सौंपा है । पटना के रवीन्द्र भवन सभागार में लोसपा के मेगा शुभारंभ समारोह का उदघाटन करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष वसीम नैयर अंसारी ने कहा कि समानता, मजबूत लोकतंत्र, राष्ट्रीयता, शांति-सद्भाव, विकास, राष्ट्रीय एकता व अखंडता , पर्यावरण व प्रकृति का संरक्षण , रोजगार और संविधान का सम्मान लोसपा की प्राथमिकता है । लोसपा पसमांदा समाज को मुख्य धारा में लाकर सत्ता में भागीदारी दिलाने का काम करेगी । लोसपा समाज में कटुता का भाव पनपने नहीं देगी । अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय संगठन प्रभारी सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष धीरू शर्मा ने कहा कि लोसपा शीघ्र देश स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर वंचित ,उपेक्षित समाज के साथ-साथ बुद्धिजीवियों को पार्टी से जोड़ेगी । पार्टी शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के अरमानों को अंजाम तक पहुंचाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह , जननायक कर्पूरी ठाकुर , बिहार के सपूत क्यूम अंसारी , पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री जैसे सपूतों के पदचिन्हों पर चलने का काम करेगी । समारोह को संबोधित करते हुए लोसपा महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुप्रीता गौतम ने कहा कि लोसपा के लिए देश पहले,दल बाद में है। जनता व जम्हूरियत पहले , निजी सुख-सुविधा बाद में है।

सेवा ही हमारा संकल्प है। हमारे लिए कार्यकर्ता अनमोल हैं। यहाँ भाई-भतीजावाद की कोई जगह नहीं है। नारी सशक्तिकरण, बाल अधिकार संरक्षण और अपराधमुक्त समाज हमारी प्राथमिकता होगी ।

संचालन प्रधान महासचिव प्रिंस रंजन कर रहे थे। समारोह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष असलम परवेज खां , राष्ट्रीय महासचिव असीम सलीम,झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी,सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता मिजादुल रसीद , कोषाध्यक्ष बेलाल अंसारी, गौतम चंद्रवंशी,अनवर कुरैशी,बहाव अंसारी,खुर्शीद अख्तर,शहीबुद्दीन अंसारी,मो जकी, नौशाद अंसारी,मो सईद आलम, प्रो वाहिद अंसारी, प्रो.अलाउद्दीन अजीजी, प्रो.सईद आलम आदि ने संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त शासन पद्धति तथा मजबूत भयमुक्त पत्रकारिता की वकालत की । स्वागत युवा नेता ऋषभ कुमार की टीम ने किया।

## सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्री की मृत्यु, पत्नी घायल

खरगोन। मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के बड़वाह थाना क्षेत्र में आज एक टूरिस्ट बस और दुपहिया वाहन की आमने-सामने हुई टक्कर में एक व्यक्ति और उसकी पुत्री की मृत्यु हो गई जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी।

बड़वाह के थाना प्रभारी प्रीतम सिंह ठाकुर ने बताया कि यहां से करीब 10 किलोमीटर दूर बड़वाह-महेश्वर रोड पर अस्तरिया फ़ाटे पर एक टूरिस्ट बस और दुपहिया वाहन की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। घटना के चलते बावड़ी खेड़ा निवासी 42 वर्षीय अनोक चंद्र वर्मा और उसकी 19 वर्षीय पुत्री नंदिनी की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि उसकी पत्नी मनीषा गंभीर रूप से घायल हो गयी। उन्होंने बताया कि मनीषा को बड़वाह स्थित सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर वाहन को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि गुजरात के वड़ोदरा क्षेत्र के श्रद्धालुओं की उक्त बस ओंकारेश्वर से महेश्वर जा रही थी।

बावड़ी खेड़ा के सरपंच जितेंद्र चौहान ने बताया कि अनोक सिंह वर्मा शुक्रवार को रक्षाबंधन मनाने पिपलिया गया था और वह अपनी पत्नी और पुत्री के साथ वापस बावड़ी खेड़ा लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शी भोलाराम ने बताया कि दुपहिया वाहन सवार तथा वहां बस के अगले हिस्से में फंस गए थे। उन्हें किसी तरह बाहर निकल गया और घायल मनीषा को अस्पताल पहुंचाया गया।

## अल्पवर्षा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने पूरी ताकत से करेंगे काम : शिवराज

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अल्पवर्षा के कारण प्रदेश में खरीफ फसलों के बचाने, बिजली की बढ़ती मांग, ग्रामीण युवाओं को रोजगार देने और पेयजल की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से जारी रखने की संभावित चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए राज्य सरकार पूरी ताकत से काम करेगी।

चौहान निवास कार्यालय स्थित समत्व भवन में अल्पवर्षा की स्थिति से निपटने के लिए आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पूरी तरह किसानों के साथ खड़ी है। चौहान ने कहा है कि वे भगवान महाकाल से प्रार्थना करने कल उज्जैन जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगस्त माह में वर्षा बहुत कम हुई है।

अल्पवर्षा के कारण फसलें प्रभावित हो रही हैं। खरीफ की फसलें संकट में हैं। इस संकट की स्थिति से निपटने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे। बिजली की डिमांड भी बढ़ गई है। इसके लिए बेहतर व्यवस्था भी करेंगे। डेम से पानी छोड़कर फसलों को बचाया जाएगा। चौहान ने कहा कि ग्रामीण युवाओं को रोजगार देने की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाता रहेगा। पेयजल और निस्तार के पानी की व्यवस्था करेंगे।

चौहान ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल उपयोगिता समिति की बैठक जल्द कर लें। जहां पानी उपलब्ध है वहां डेम से पानी छोड़ने की व्यवस्था करें। डेमों का परीक्षण कर लें। डेमों में अभी कितना पानी उपलब्ध है, इसकी जानकारी भी लें।

## जी 20 की पहली तीन बैठकों में ही उपस्थित हो सके थे शीर्ष नेता




नयी दिल्ली। आगामी जी20 शिखर सम्मेलन में कुछ राष्ट्राध्यक्षों की अनुपस्थिति को लेकर भले ही कुछ अलग तरह की चर्चाएं चल रही हों लेकिन यह भी तथ्य है कि 2008 से अब तक हुए 16 शिखर-सम्मेलनों में से केवल शुरुआती तीन में ही सभी देशों के राष्ट्राध्यक्षों या शासनाध्यक्षों ने भाग लिया था।

रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की अनुपस्थिति और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बारे में अनिश्चितता को लेकर जी 20 शिखर-सम्मेलन की कामयाबी को लेकर कुछ हलकों में कुछ टीका टिप्पणियां की जा रही हैं लेकिन पिछले सम्मेलन पर निगाह डाली जाए तो कुछ और तथ्य सामने आते हैं।

पिछले रिकॉर्ड से पता चलता है कि वैश्विक शिखर सम्मेलनों में उपस्थिति का स्तर साल-दर-साल बदलता और व्यस्तताओं के चलते हर नेता के लिए हर शिखर सम्मेलन में भाग लेना हमेशा संभव नहीं होता है। कई बार नेता अपने निजी कारणों से शिखर सम्मेलन में भाग नहीं ले पाते हैं।

यहां सबसे उदाहरण इटली में वर्ष 2021 का जी20 शिखर सम्मेलन है जहां नेताओं के लिए इसे छोड़ने का कोई बड़ा भू-राजनीतिक या स्वास्थ्य कारण नहीं था, लेकिन कुछ परिस्थितियां इस तरह से हुईं कि 20 सदस्य देशों में से छह देशों के राष्ट्राध्यक्षों या शासनाध्यक्षों की बजाय उनके प्रतिनिधि नेताओं ने भाग लिया था।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2008 से, जी 20 का प्रत्यक्ष रूप से 16 शिखर सम्मेलनों और एक वर्चुअल शिखर सम्मेलन (सऊदी अरब, 2020) का आयोजन हो चुका है। वर्ष 2009 और 2010 में दो-दो शिखर सम्मेलन हुए। इन 16 प्रत्यक्ष शिखर सम्मेलनों में से, 2008 और 2009 के पहले तीन शिखर सम्मेलनों को छोड़कर, 2010 से अब तक एक भी अवसर ऐसा नहीं आया जब कि इसमें प्रत्येक देश ने राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष स्तर पर भाग लिया हो। जी 20 शिखर-सम्मेलन के इतिहास को देखें तो छह बार - 2010, 2011, 2012, 2013, 2016, 2017 में एक देश के राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष ने भाग नहीं लिया।

पांच बार 2010, 2014, 2015, 2018, 2019 में दो देशों के राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष नहीं आये। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद वर्ष 2022 में तीन देशों के राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष शामिल नहीं हुए। वर्ष 2021 में (यूक्रेन युद्ध से पहले, कोविड के बाद) छह देशों के शीर्ष नेता नहीं आए थे। ऐसे नौ देश - कनाडा, जर्मनी, भारत, इटली, दक्षिण कोरिया, तुर्की, ब्रिटेन , अमेरिका , यूरोपीय संघ हैं जिन्होंने हमेशा हर शिखर-सम्मेलन में राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष के स्तर पर शिरकत की है। मेक्सिको के राष्ट्रपति ने 2018 से स्वयं भाग नहीं लिया है। अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, रूस ने दो बार तथा चीन, फ्रांस, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण अफ्रीका ने एक बार राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष की बजाय किसी अन्य प्रतिनिधि नेता को भेजा है। सऊदी अरब ने नौ बार निचले स्तर के प्रतिनिधि के साथ शिरकत की जिसमें 2017 में एक बार बिना पोर्टफोलियो वाले राज्य मंत्री की भागीदारी शामिल है।

जी 20 शिखर सम्मेलन 2023 इसी माह 9 और 10 तारीख को भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। अगला जी20 शिखर सम्मेलन अगले वर्ष ब्राजील में होगा।

## मध्यप्रदेश में धूलकोट ग्राम पंचायत में सबसे ज्यादा पीएम आवास बने



खरगोन। मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में महाराष्ट्र से लगी आकांक्षी जनपद भगवानपुरा की धूलकोट पंचायत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में सबसे अधिक आवास बनाने वाली पंचायत बन गयी है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर 18000 आबादी के पहाड़ी व पथरीली भौगोलिक क्षेत्र के धूलकोट ग्राम पंचायत में 1667 आवास बनाकर तैयार हो चुके हैं। यह पंचायत सबसे अधिक पीएम आवास बनाने वाली पंचायत की प्रदेश स्तरीय ताजा टॉप 50 रैंकिंग में प्रथम स्थान पर है। जिला कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा ने बताया कि यह पंचायत करीब 22 किलोमीटर क्षेत्र में फैली हुई है और आदिवासी क्षेत्र में यहां पर कच्चे मकान अधिक होने से पात्र हितग्राही परिवारों की संख्या अधिक रही और बड़े पैमाने में पीएम आवास की स्वीकृति जारी हुई। उन्होंने बताया कि धूलकोट आकांक्षी जनपद की सबसे बड़ी पंचायत में मिशन के रूप में अभियान चलाया गया। इसमें मनरेगा के तहत मजदूरी के लिए हितग्राहियों को रोजगार मिला तथा आवास प्लस योजना में ज्यादातर लोग पात्र पाए गए। उन्होंने बताया कि पीएम आवास के मामले में खरगोन जिला एक लाख आवास पूर्ण करने वाला भी जिला है और इस मामले में यह प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने बताया कि जिले में 107628 आवासों की स्वीकृति दी गई थी जिसमें से 94.87 प्रतिशत यानी 102746 आवास पूर्ण हो चुके हैं।

उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि दुर्गम पहाड़ी जनपद भगवानपुरा के धूलकोट में न सिर्फ सबसे अधिक आवास बने हैं बल्कि यहां बने आवासों की डिजाइन भी सबसे अनोखी है। भारत शासन की इस योजना में शासन द्वारा डिजाइन भी निर्धारित की गई है लेकिन धूलकोट के आदिवासी हितग्राहियों ने अपने संस्कार और संस्कृति के संरक्षण के लिए अनुकूल डिजाइनो में आवास बनाए हैं। डिजाइन को लेकर सरपंच सालक राम किराडे ने बताया की पक्की छत वाली डिजाइन आदिम जाति के पूर्वजों, देवी देवताओं और कुलदेवी के आह्वान या उनकी उपासना करने योग्य नहीं है । परंपरा के अनुसार ऐसी धारणा है कि ढाल वाले घर होने से पूर्वजों को अपने पूर्वजों का सम्मान करना ज्यादा उचित लगता है। साथ ही उनके मकान और उनके उपयोगी सामानों के कारण ही उनकी पहचान पृथक है। धूलकोट पंचायत के करीब नौ फलियो में तकरीबन 70 आवास ढाल वाली डिजाइन में बने हैं। ढाल के साथ छत पर कहीं-कहीं इंग्लिश कवेलू और कहीं परंपरागत कवेलू भी हैं।

पीएम आवास हितग्राही मोर सिंह हबजिया कनोजे ने बताया कि पहले उनके पास कच्चा मकान था और उसके गिरने का हमेशा डर बना रहता था ।अब पीएम आवास में उन्होंने किराना दुकान भी डाल ली है जिससे करीब 200 प्रतिदिन की आय हो रही है। पीएम आवास प्रोजेक्ट भोपाल की डिप्टी कमिश्नर मनीषा दवे ने बताया कि मध्य प्रदेश पीएम आवास बनाने में और नवाचार करने में अग्रणी राज्य है। उन्होंने धूलकोट को लेकर कहा कि एक दुर्गम व आकांक्षी जनपद की पंचायत में इस तरह का कार्य प्रदेश में इस योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य को प्रदर्शित करता है।

## बारिश की खेंच के चलते सिलावद बंद रहा

**बड़वानी/खरगोन।** मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले में वर्षा की खेंच के चलते सिलावद कस्बे को ग्राम पंचायत में बैठक कर इंद्र भगवान को प्रसन्न करने के लिए धार्मिक आयोजन करने के लिए आज बंद रखा गया। इस दौरान पूजा पाठ और अन्य आयोजन हुए तथा मुस्लिम समाज द्वारा नमाज भी पढ़ी गयी।

ग्राम पंचायत सिलावद के सरपंच आर के पटेल ने बताया कि ग्राम पंचायत में बैठक कर इंद्र भगवान को प्रसन्न करने के लिए 'उजवणी' का आयोजन करने के लिए बाजार बंद करने का निर्णय लिया गया था। सिलावद के व्यवसायी महेश भावसार ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से बारिश नहीं होने के चलते फसलों को नुकसान हो रहा है और मवेशियों के लिए भी पानी की दिक्कत हो रही है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में एक बैठक आयोजित कर विभिन्न धार्मिक आयोजन हेतु बाजार बंद करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत आज सुबह सात बजे से शाम के सात बजे तक पूरे सिलावद में बाजार बंद रहे। इसके लिए कल मुनादी भी कराई गई थी। उन्होंने बताया कि इस दौरान मंदिरों में हनुमान चालीसा यज्ञ हवन सुंदरकांड का आयोजन हुआ। कस्बे के लोगों ने उजवणी का आयोजन किया जिसके तहत उन्होंने घर में भोजन नहीं बनाते हुए खेतों में जाकर भोजन बनाकर ग्रहण किया। मुस्लिम समाज के लोगों ने भी नंगे पैर चलकर खुले आसमान के नीचे ईदगाह पर नमाज अदा की। हाफिज मुजफ्फर हुसैन रजवी ने बताया कि आज समाज के लोगों ने फसलों को बचाने हेतु बारिश के लिए नमाज अदा की और रो रो कर दुआ की गई।

CMYK CMYK CMYK CMYK